

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची | 26 अक्टूबर, 2025, रविवार, वर्ष 11, अंक 08, कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


## खरना आज




**FLORENCE**
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
- 2 YEARS M.Sc. Nursing
- 2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
- 4 YEARS B.Sc. Nursing
- 3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
- 2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
- 4 YEARS BMLT
- 2 YEARS DMLT
- 2 YEARS OT ASSISTANT
- 2 YEARS ECG
- 2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
- 2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
- 2 YEARS RADIO-IMAGING
- 2 YEARS ANESTHESIA TECH.
- 1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
- 2 YEARS D-PHARM
- 4 YEARS B-PHARM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू

- व्रतियों ने पूजा-अर्चना कर कद्दू-भात खाकर शुरू किया उपवास
- खरना आज, शाम को खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे व्रती

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शनिवार को शुरू हो गया। व्रती 27 अक्टूबर की शाम को डूबते सूर्य को और 28 अक्टूबर की सुबह उगते सूर्य को साफ-सुथरे और सुरक्षित घाटों पर अर्घ्य अर्पित करेंगे। उसके साथ ही चार दिवसीय इस महापर्व का समापन होगा। बिहार और पूर्वी उत्तरप्रदेश से शुरू होकर पूरी दुनिया में नेम-निष्ठा के साथ मनाये जानेवाले इस लोकपर्व को 'महापर्व' की संज्ञा भी दी गयी है। इसे सनातन धर्म का सबसे कठिन व्रत भी कहा जाता है। झारखंड समेत पूरी दुनिया में इस व्रत की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। झारखंड की राजधानी रांची में छठ घाटों के साथ 155 छठ पूजा समितियां भी तैयार हैं। इसके अलावा हजारों घरों, सोसाइटी और अन्य स्थानों पर बनाये गये कृत्रिम तालाब भी छठ व्रतियों की अगवानी के लिए तैयार हैं।

**नहाय-खाय है वृत का पहला दिन :** चार दिवसीय छठ के पहले दिन नहाय खाय होता है। व्रतियों ने स्नान कर पूजा की और फिर लकड़ी के चूल्हे पर बना अरवा चावल का भात, चने की दाल और कद्दू (लौकी) की सब्जी खाकर व्रत की शुरुआत की।

**खरना रविवार को :** रविवार को खरना है। दिन भर के उपवास के बाद अंधेरा होने पर व्रती खीर और गेहूं के आटे की रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे।

**सोमवार को पहला अर्घ्य, मंगलवार को पारण :** छठ महापर्व का पहला अर्घ्य सोमवार को डूबते सूर्य को दिया जायेगा। इसके बाद मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन होगा। इसके बाद व्रती 36 घंटे का उपवास खत्म करेंगे।

**छठ सामग्री से भरे बाजार :** छठ को लेकर पूजन सामग्री की खरीदारी बड़े पैमाने पर होती है। ऐसे में बाजार सज कर पूरी तरह तैयार हैं। इस पूजा में पवित्रता का पूरा ध्यान रखा जाता है। सूप-दउरा से लेकर फल और दूसरे सामानों की खरीदारी खूब हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार छठ व्रती सामग्री की मांग पहले से अधिक है।

**बाजारों से लेकर छठ घाटों पर प्रशासन चौकस :** प्रशासन की ओर से भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात, सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शहर की गलियों और बाजारों में इस समय छठ महापर्व की आस्था, उत्साह और उल्लास का अनूठा संगम स्पष्ट रूप से झलक रहा है। छठ घाटों पर भी सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किये गये हैं।

**आज हल्की बारिश के आसार :** इधर मौसम विभाग ने बताया है कि रविवार को झारखंड में कहीं-कहीं मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ हल्की बारिश हो सकती है। 27 अक्टूबर को राज्य के दक्षिणी भागों के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा तथा सरायकेला-खरसावां जिले में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की वर्षा की संभावना है।



### छठ पूजा जीवन में शुद्धता, श्रद्धा, संयम, समर्पण और संकल्प का अद्भुत संदेश देता है : हेमंत



सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, आज नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ हो रहा है। यह महापर्व हमारे जीवन में शुद्धता, श्रद्धा, संयम, समर्पण, संकल्प, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक एकता का अद्भुत संदेश देता है। छठी मइया एवं भगवान भास्कर से यही प्रार्थना है कि सभी व्रतियों और परिवारजनों को उत्तम स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दें। यह पर्व हमारे राज्य और देश में खुशहाली, सद्भाव और नयी ऊर्जा का संचार करे। जय छठी मइया!! जय भगवान भास्कर!!

### छठी मइया सबको दें भरपूर आशीर्वाद: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को देशवासियों को छठ महापर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति में आस्था, उपासना और प्रकृति प्रेम का अनूठा संगम है, जिसकी पवित्रता और नियम-निष्ठा अतुलनीय है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा नहाय-खाय के पावन अनुष्ठान के साथ आज से चार दिवसीय महापर्व छठ का शुभारंभ हो रहा है। बिहार सहित देशभर के श्रद्धालुओं को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सभी व्रतियों को मेरा नमन और वंदन। उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य देवता की उपासना का पर्व है और यह विशेष रूप से बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बड़े उत्साह से मनाया जाता है। पीएम मोदी ने इस अवसर पर प्रसिद्ध लोकगायिका शारदा सिन्हा का एक लोकप्रिय छठ गीत साझा किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि शारदा सिन्हा और बिहार के कई लोक कलाकारों ने अपने गीतों के माध्यम से छठ के उत्सव को और भक्ति से भर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि छठ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में पारिवारिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। छठ के घाटों पर जो दृश्य दिखाई देता है, उसमें पारिवारिक और सामाजिक एकता की अद्भुत प्रेरणा होती है। पीएम मोदी ने कहा कि छठ की प्राचीन परंपरा का भारतीय समाज पर गहरा प्रभाव रहा है और आज यह विश्वभर में बसे भारतीयों द्वारा श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। आज छठ को संस्कृति के महाउत्सव के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाता है। अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों के लिए मंगलकामना व्यक्त करते हुए कहा मेरी कामना है कि छठी मइया सबको अपना भरपूर आशीर्वाद दें।

## चर्चित अभिनेता सतीश शाह का निधन

**मुंबई।** लोकप्रिय अभिनेता सतीश शाह का निधन हो गया है। शनिवार दोपहर किडनी फेल होने के चलते उन्हें हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने आखिरी सांस ली। सतीश शाह बीते कुछ समय से मीडिया से दूरी बनाये हुए थे। वह काफी समय से ना तो किसी सार्वजनिक समारोह में नजर आये थे और ना ही किसी फिल्म में। साल 2014 में उनकी आखिरी फिल्म 'हमशक्ल' रिलीज हुई थी। फिल्ममेकर ने इंस्टाग्राम पर निधन की खबर साझा करते हुए लिखा, दुख और सदमे के साथ आपको यह सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे प्रिय मित्र और शानदार अभिनेता सतीश शाह का कुछ घंटे पहले किडनी फेल होने के कारण निधन हो गया। उन्हें तुरंत हिंदुजा अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। यह हमारे उद्योग के लिए एक बड़ी क्षति है।

# एलआइसी पर अडाणी समूह में 33 हजार करोड़ के निवेश का आरोप

- अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट को जीवन बीमा निगम ने गलत बताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआइसी) पर अडाणी समूह में 3.9 अरब डॉलर यानी करीब 33 हजार करोड़ रुपये निवेश करने का बड़ा आरोप लगा है। कांग्रेस ने अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट के हवाले से कहा कि बीमा कंपनी ने अडाणी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए मई 2025 में यह निवेश किया। पार्टी का कहना है कि ग्राहकों की मेहनत की कमाई का गलत इस्तेमाल किया गया। कांग्रेस ने संसद की लोक लेखा समिति से इसकी जांच की मांग की है। वहीं टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया पर 'द वॉशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट पोस्ट की है, जिसके अनुसार गौतम अडाणी जब इस साल की शुरुआत में भारी कर्ज में डूबे थे और अमेरिका में घूसखोरी के आरोपों का सामना कर रहे थे, तब एलआइसी ने अडाणी समूह में निवेश किया।

### कांग्रेस ने भी लगाया आरोप:

इस मामले पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि यह घोटाला बहुत बड़ा है। इसमें कई बातें शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हवाई अड्डे, बंदरगाह जैसी जरूरी चीजें सिर्फ अडाणी ग्रुप को फायदा पहुंचाने के लिए बेची गयीं। इसमें धांधली हुई। इसके अलावा भारत की कूटनीति का इस्तेमाल करके पड़ोसी देशों में अडाणी को ठेके दिलवाये गये। बकौल रमेश, अडाणी ग्रुप ने शेल कंपनियों के जरिये महंगा कोयला आयात किया। यह मनी लांड्रिंग का नेटवर्क था।

LIC

### एलआइसी ने रिपोर्ट को गलत बताया

इस बीच भारतीय जीवन बीमा निगम ने 'वॉशिंगटन पोस्ट' की रिपोर्ट को नकार दिया है। कंपनी ने साफ किया है कि उसके सारे निवेश पूरी इमानदारी और सावधानीपूर्वक जांच के साथ ही किये जाते हैं। एलआइसी ने कहा कि रिपोर्ट में बताये गये किसी भी ऐसे दस्तावेज या प्लान को एलआइसी ने कभी तैयार नहीं किया, जो एलआइसी के अडाणी ग्रुप में निवेश की योजना को बताती हो। कंपनी ने कहा कि यह रिपोर्ट एलआइसी की मजबूत और साफ-सुथरी फैसला लेने की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने, कंपनी की अच्छी छवि को खराब करने और भारत के मजबूत वित्तीय क्षेत्र की बुनियाद को खराब करने के मकसद से जारी की गयी है।







आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# महागठबंधन के डिप्टी सीएम फेस को लेकर उठने लगा सवाल

## ■ ढाई प्रतिशत वाले को डिप्टी सीएम, 18 प्रतिशत वाले को आश्वासन

## ■ कह रहा मुस्लिम समाजः क्या हमारी भूमिका सिर्फ वोट देने तक सीमित रह गयी है। क्या हिस्सेदारी सिर्फ कागजों पर रहेगी या असली हिस्सेदारी भी मिलेगी

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार की राजनीति में जातिगत समीकरण हमेशा से ही चुनावी रणनीति का केंद्र रहा है और 2025 विधानसभा चुनावों के संदर्भ में महागठबंधन (राजद, कांग्रेस और वाम दलों का गठबंधन) का हालिया फैसला इसी की मिसाल है। महागठबंधन ने हाल ही में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है, जबकि विकासशील इंसान पार्टी (वीआइपी) के मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा बनाया गया है। यह घोषणा 23 अक्टूबर को पटना में कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की मौजूदगी में हुई, लेकिन इस फैसले ने बिहार की 17-18% मुस्लिम आबादी को नजरअंदाज और नाराज कर दिया है। कहा जा रहा है कि जब ढाई फीसदी आबादी वाले को मंच से डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया जा सकता है, तो 18 फीसदी वाले तबके को पीछे क्यों रखा जा रहा है। सवाल तो वाजिब है कि इतने बड़े वोट बैंक को डिप्टी सीएम का वादा क्यों नहीं किया गया। इसके जवाब में राजनीति के जानकार तीन बड़ी दलीलें दे रहे हैं। इनमें पहला है कि जब वोट मिल रहा है, तो फिर मुसलमानों की चिंता क्यों की जाये। दूसरी दलील मुस्लिम समुदाय से किसे चेहरा बनाया जाये, यह दुविधा है और तीसरी दलील है कि महागठबंधन को 'मुस्लिम-तुष्टिकरण' का आरोप लगने का डर है, यनी ध्रुवीकरण के खतरे का डर। दूसरे शब्दों में कहें, तो 18 फीसदी को सत्ता में भागीदारी देने के एवज में 82 फीसदी के बिखर जाने के खतरे का डर। महागठबंधन का फैसला मुस्लिमों में असंतोष पैदा कर चुका है। एआइएमआइएम के नेता इसे 'वोट बैंक' मानने का आरोप लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेंड चल रहे हैं। अगर महागठबंधन ने दो डिप्टी सीएम का एलान किया होता (जैसे राजस्थान मॉडल), तो एक मुस्लिम को शामिल कर संतुलन बनाया जा सकता था, लेकिन अभी यह चूक लग रही है, जो सीमांचल और मगध जैसे मुस्लिम-बहुल इलाकों में वोट खिसकाव का कारण बन सकती है। वास्तव में यह फैसला जातिगत गणित की मजबूरी और सांप्रदायिक जोखिम से उपजा है, न कि मुस्लिमों की उपेक्षा से। लेकिन राजनीति में वोट बैंक को नजरअंदाज करना महंगा पड़ सकता है। 2020 में भी ऐसा ही हुआ था। क्या है महागठबंधन की अंदरूनी रणनीति और मुस्लिमों के प्रति उसका नजरिया, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के संपादक राकेश सिंह।**


राकेश सिंह
संपादक

### किसी मुस्लिम चेहरे को आगे क्यों नहीं किया महागठबंधन ने

बिहार में महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री और मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित तो कर दिया है, लेकिन इसके साथ ही बिहार ही नहीं देश में भी एक नयी बहस छिड़ गयी है। महागठबंधन को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं कि राज्य में किसी मुस्लिम चेहरे को आगे क्यों नहीं किया गया। महागठबंधन ने राज्य की आबादी में करीब 14 फीसदी हिस्सेदारी वाली बिरादरी के तेजस्वी यादव को सीएम फेस, 22 उपजातियों को मिला कर 2.6 फीसदी हिस्सेदारी वाले मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का उम्मीदवार तो बनाया, लेकिन 17.78 फीसदी की हिस्सेदारी वाली मुस्लिम आबादी से डिप्टी सीएम का नाम क्यों नहीं। इस मुद्दे को जब एआइएमआइएम ने उठाया, तो महागठबंधन ने चुनाव बाद दलित-मुसलमान को डिप्टी सीएम बनाने के प्रस्ताव पर विचार करने का आश्वासन दिया। लेकिन नाम की घोषणा नहीं हुई। अब यहां मुस्लिम बिरादरी में चर्चा का विषय यह है कि 17.78 प्रतिशत हमारी आबादी है, तो हमारे लिए डिप्टी सीएम का चेहरा क्यों नहीं? क्या हमारी भूमिका सिर्फ वोट देने तक सीमित रह गयी है? क्या हिस्सेदारी सिर्फ कागजों पर रहेगी या असली हिस्सेदारी भी मिलेगी। सवाल तो भागीदारी और हिस्सेदारी की है। 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' वाला फार्मूला कहां गया। मुसलमान बिरादरी का तर्क है कि जब वह दशकों से भाजपा विरोधी पार्टियों को वोट देता आ रहा है, तो महागठबंधन की ओर कोई मुसलमान मुख्यमंत्री ना सही, कम से कम डिप्टी सीएम का चेहरा क्यों नहीं घोषित हुआ। अब महागठबंधन द्वारा दो प्रमुख पदों की घोषणा करने के बाद देश भर में अपनी हिस्सेदारी को लेकर मुस्लिम बिरादरी आक्रोशित भी है। महागठबंधन के इस फैसले ने उसकी दुखती रग पर हाथ रख दिया गया है। वैसे बिहार में आखिरी मुस्लिम मुख्यमंत्री अब्दुल गफूर हुए थे। जिन्होंने 2 जुलाई 1973 से 11 अप्रैल 1975 तक बिहार के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया था।

### हेलीकॉप्टर में बैठना और डिप्टी सीएम की कुर्सी पर बैठने में फर्क होता है

हालांकि पिछले दिन तेजस्वी यादव ने एक तस्वीर शेयर करके मुस्लिम मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश की। इस तस्वीर में तेजस्वी यादव के साथ हेलीकॉप्टर में मुकेश सहनी और राजद एमएलसी कारी सोहैब मौजूद थे। लेकिन हेलीकॉप्टर में बैठना और डिप्टी सीएम की कुर्सी पर बैठने में फर्क होता है। बात एनडीए की तो समझ में आती है। भाजपा को मुसलमानों का वोट नहीं मिलता। नीतीश को थोड़ा बहुत मिल भी जाता है। लेकिन राजद, कांग्रेस को तो मुसलमान दिल खोल कर वोट देते हैं, चाहे प्रत्याशी कोई भी हो। फिर भी महागठबंधन द्वारा मुसलमान बिरादरी से डिप्टी सीएम फेस का न होना सवाल तो खड़े करता है। सिर्फ यह कह देना कि सरकार बनेगी, तो पिछड़ा वर्ग या अल्पसंख्यक वर्ग से एक और डिप्टी सीएम बनेगा, उससे तो बात नहीं बनेगी। यह चर्चा मुस्लिम बिरादरी में है। लेकिन उनके पास चारा भी क्या है। ऐसा महागठबंधन भी सोचता होगा। मुसलमान भाजपा को थोड़े वोट करने जायेगा। वह तो राजद या कांग्रेस या उसके सहयोगी दलों को भी वोट करेगा। वैसे महागठबंधन पर इसका असर नहीं के बराबर पड़ेगा, क्योंकि उसका वोट बैंक फिक्स है। मुस्लिम बिरादरी उनका वोट बैंक मात्र ही है।



### महागठबंधन के लिए मुस्लिम बिरादरी बंधुआ वोट बैंक बनकर रह गया : चिराग पासवान

चिराग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 2005 में मेरे नेता और पिता स्वर्गीय रामविलास पासवान ने 'मुस्लिम मुख्यमंत्री' बनाने के लिए अपनी पार्टी तक कुर्बान कर दी थी। तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया। राजद 2005 में भी मुस्लिम मुख्यमंत्री के लिए तैयार नहीं था, आज 2025 में भी न मुस्लिम मुख्यमंत्री देने को तैयार है, न उपमुख्यमंत्री। अगर आप बंधुआ वोट बैंक बनकर रहेंगे, तो सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी?

### एआइएमआइएम ने उठाये तेजस्वी पर सवाल

महागठबंधन की तरफ से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री और मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार बनाये जाने पर यूपी के एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने भी निशाना साधा है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, बिहार इलेक्शन तक के लिए अब्दुल को तेजस्वी ने बड़ा सम्मान दिया। उड़न खटोला में बैठाया, पर डिप्टी मुख्यमंत्री तो नहीं देंगे। शौकत अली ने इससे पहले भी मुस्लिम चेहरे को सामने नहीं करने पर सवाल उठाये। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 2 प्रतिशत वाला उपमुख्यमंत्री, 13 प्रतिशत वाला मुख्यमंत्री और 18 प्रतिशत वाला दरी बिछावन मंत्री। उन्होंने आगे कहा कि अगर हम लोग कुछ बोलेंगे, तो हमें भाजपा का भय दिखाया जायेगा। शौकत अली के बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं उनके बारे में क्या कहूं। यह उनकी सोच है। उनकी इसी सोच की वजह से वो 18 के 18 रह जायेंगे।

### महागठबंधन ने भी टिकट देने में कंजूसी दिखायी

भाजपा-मोदी हराओ के नाम पर एकजुट होने वाले बिहार के मुसलमान इस चुनाव में हाशिये पर हैं। एनडीए ने इस बिरादरी पर भरोसा करने में झिझक तो दिखायी ही, विपक्षी महागठबंधन ने भी टिकट देने में कंजूसी दिखायी। नतीजा यह हुआ कि इस चुनाव में दोनों गठबंधनों की ओर से इस बिरादरी के उतारे गये उम्मीदवारों की संख्या 35 ही है, जो बीते चुनाव की तुलना में 18 कम है। बीते चुनाव में विपक्षी महागठबंधन ने 33 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। इस बार यह संख्या 30 (राजद 18, कांग्रेस 10 और भाकपा माले दो) है। पिछले चुनाव के मुकाबले कांग्रेस ने दो और माले ने एक उम्मीदवार कम उतारा है। तब एनडीए ने 20 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे थे। इस बार यह संख्या महज पांच है। जदयू ने चार और लोजपा (आर) ने एक मुस्लिम उम्मीदवार उतारे हैं। तब एनडीए में रही वीआइपी ने दो मुस्लिमों को टिकट दिया था। इस बार वह महागठबंधन में शामिल है, लेकिन इस बार पार्टी में बिरादरी का प्रतिनिधित्व भाजपा, माकपा, भाकपा की तरह शून्य है।

### एकतरफा ध्रुवीकरण बना कारण

एनडीए ने विपक्ष के प्रति एकतरफा ध्रुवीकरण के कारण इस बिरादरी से दूरी बनायी। बीते चुनाव में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के मुद्दा बनने के कारण एनडीए का एक भी मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत पाया। इस बार मुस्लिम आबादी एसआइआर और वक्फ अधिनियम में संशोधन के कारण नाराज है। लोजपा, जदयू को आशंका थी कि इसके कारण इस बिरादरी के उनके उम्मीदवार चुनाव नहीं जीत सकेंगे, इसलिए दोनों दलों ने प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व ही दिया।

### लगातार घटा प्रतिनिधित्व

बिहार की सत्ता से राजद की विदाई के साथ ही विधानसभा में मुसलमानों के प्रतिनिधित्व में कमी आयी। 2000 में इस बिरादरी के 24 विधायक थे। अक्तूबर-नवंबर 2005 में हुए चुनाव में यह संख्या घट कर 16 रह गयी। साल 2010 में 19 मुसलमान विधायक थे। 2015 के चुनाव में जदयू-राजद के साथ आने से स्थिति में थोड़ा सुधार हुआ और यह संख्या 24 पर पहुंची, मगर बीते चुनाव में फिर लुढ़क कर 19 पर आ गयी।

### महागठबंधन को सता रहा ओवैसी का डर

बीते चुनाव में विपक्षी महागठबंधन खास कर राजद को मुस्लिम बाहुल्य सीमांचल में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआइएमआइएम ने बड़ा झटका देते हुए 5 सीटें जीत ली थी। इस बार ओवैसी ने 23 मुस्लिम उम्मीदवार खड़े किये हैं। इसके अलावा चूंकि मुस्लिम आबादी के भाजपा के विरोध में गोलबंद होने का सीधा लाभ विपक्ष को मिलता है, ऐसे में विपक्षी महागठबंधन ने भी टिकट में कटौती की।

---

# मुसलमान बिरादरी को अब लालटेन का किरासन तेल नहीं बनना है : प्रशांत किशोर

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव का प्रचार अभियान तेज हो गया है। अमित शाह, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव, प्रशांत किशोर समेत सभी दलों के नेता वोटरों के बीच पसीना बहा रहे हैं। प्रशांत किशोर ने मुस्लिम वोटरों का मत हासिल करने के लिए लालू-मोदी कार्ड खेला है। कहा है कि नरेंद्र मोदी के डर से मुसलमान लालू यादव के लालटेन का किरासन तेल नहीं बनें। शनिवार को प्रशांत किशोर जन सुराज के उम्मीदवारों के प्रचार में पूर्वी चंपारण गये थे। इसी दौरान पीके ने कहा कि मोदी जी के डर से मुसलमान भाई लालू यादव को वोट दे देते हैं। लेकिन उन्हें अब लालू के लालटेन का किरासन तेल नहीं बनना है।

उनके पास जन सुराज का विकल्प मौजूद है। 30-35 साल से वोटर बंधुआ बन गये हैं। लालू के डर से मोदी, नीतीश को और मोदी के डर से लालू यादव को वोट दे देते हैं। एक बार गलत आदमी जीत गया तो कभी जीवन में भला नहीं होगा।



### तेजस्वी पर पप्पू यादव ने कस दिया तंज



**पटना (आजाद सिपाही)। पप्पू यादव ने कहा कि मैं बिहार का बेटा हूं, सेवक हूं और बेटा और सेवक ही रहूंगा। मुझे नायक बनने की कोई इच्छा नहीं है। पप्पू यादव का यह बयान शनिवार को पटना में राजद कार्यालय के बाहर लगे एक पोस्टर के जवाब में आया है, जिसमें तेजस्वी यादव की तस्वीर के साथ 'बिहार का नायक' लिखा था।**

---

# मैं एक लेकिन सम्राट चौधरी की टीम में चार नचनिया : खेसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की सियासत में जुबानी जंग तेज हो गयी है। अब भोजपुरी एक्टर-सिंगर और छपरा सीट से राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी खेसारी लाल यादव ने उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान पर पलटवार किया है। दरअसल, सम्राट चौधरी ने खेसारी लाल यादव को 'नाचने वाला' कहकर तंज कसा था। सम्राट चौधरी के उसी नचनियां वाले बयान पर खेसारी लाल यादव ने कहा कि 'पहले सम्राट चौधरी अपने घर में झांककर देखें और बतायें कि उन्होंने अपनी पार्टी में चार नचनियां को टिकट क्यों दिया है?' खेसारी लाल यादव ने कहा, 'सम्राट भैया मेरे बड़े भाई जैसे हैं, मुझे उनका आशीर्वाद चाहिए। उनका जो संस्कार है, उस हिसाब से वह मुझे बोल रहे हैं। लेकिन मेरी परवरिश और संस्कार ऐसे नहीं हैं कि मैं उनके बारे में कुछ गलत कहूं।' खेसारी लाल यादव ने बिहार के विकास को अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में अब तक वास्तविक विकास नहीं हुआ है, इसलिए सब कुछ शुरूआत से करना होगा।



---

## तेजस्वी यादव जननायक नहीं, वह पिता के बल पर

# मर जाऊंगा, लेकिन राजद में वापस नहीं जाऊंगा : तेजप्रताप

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** तेजप्रताप यादव ने एक बार फिर भाई तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। पटना में उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'जननायक कर्पूरी जी हैं। लोहिया जी हैं। तेजस्वी जी जननायक नहीं हैं। वो हमारे पिता के बूते हैं। जव वो अपने बूते आयेंगे तब हम उन्हें जननायक कहेंगे।' तेजप्रताप ने आगे कहा, 'हम लगातार महुआ का दौरा कर रहे हैं। जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। वहां इंजीनियरिंग कॉलेज बनायेंगे। महुआ में क्रिकेट स्टेडियम बनवायेंगे और इंडिया पाकिस्तान का मैच करवायेंगे।'

**मुझे नहीं पता लालटेन का अंत होगा की नहीं :** नरेंद्र मोदी की सभा में मोबाइल की रोशनी जलाकर लालटेन युग पर सवाल पूछने पर उन्होंने कहा, एलइडी लाइट तो हमारी गाड़ी में भी लगी है। हम लालटेन में हैं नहीं। लालटेन युग का अंत होगा या नहीं, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि किसका क्या अंत होगा वो तो वही लोग बतायेंगे। मैं राजद में नहीं हूं तो मैं कैसे बताऊं कि किसका अंत होगा। मैं उस पार्टी में नहीं हूं। ना कभी जाऊंगा। इससे पहले एक चैनल को दिये इंटरव्यू में उन्होंने कहा था। 'मैं आरजेडी में वापस लौटने से बेहतर मौत पसंद करूंगा। मैं सत्ता का भूखा नहीं हूं।

मेरे लिए सिद्धांत और आत्मसम्मान सबसे महत्वपूर्ण हैं। मैं लोगों के लिए काम करता हूं और लोग मुझसे प्यार करते हैं, मुझ पर भरोसा करते हैं। मैं विधायक का चुनाव लड़ रहा हूं। मेरी अपनी पार्टी है। मेरा पूरा फोकस जनता पर है। अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने पर है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW


**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.0 °c | 20.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.15 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.50 बजे |



# विकास, विश्वास और बदलाव का संकल्प ले रहा है घाटशिला : बाबूलाल मरांडी

## ■ भाजपा ने ही आदिवासियों और झारखंडवासियों को मान-सम्मान दिया

## ■ छठ में भी घाटशिला में जमे हैं बीजेपी के स्टार प्रचारक, बाबूलाल सोरेन के लिए मांग रहे वोट

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला के दामपाड़ा में शनिवार को बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजित किया गया। जिसमें 36 बूथों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशध्यक्ष बाबूलाल मरांडी , पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पार्टी के प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, पूर्व प्रदेशध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी उपस्थित थे।

बाबूलाल मरांडी ने कार्यकर्ताओं से बाबूलाल सोरेन की जीत के पूरी ताकत लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है। यह एनडीए की जीत के प्रति अटूट विश्वास को दिखा रहा है। घाटशिला आज एक स्वर में विकास, विश्वास और बदलाव का संकल्प ले रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड और देश के भविष्य की चिंता सिर्फ बीजेपी कर रही है। बीजेपी ने ही आदिवासियों और झारखंडवासियों को मान-सम्मान दिया। बीजेपी के शासन में आदिवासियों का जितना विकास हुआ उतना किसी दूसरी सरकार के शासनकाल में नहीं हुआ। बाबूलाल मरांडी ने झामुमो सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा आज झारखंड भ्रष्टाचार, अपराध और लूट की राजधानी बन चुका है। सरकार जनता की नहीं, माफिया और दलालों की है। अब समय आ गया है कि झारखंड की जनता इस सरकार को जवाब दे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण भारतीय जनता पार्टी की देन है। अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में ही 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड राज्य बना था। भाजपा ने न सिर्फ झारखंड बनाया, बल्कि संथाली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान दिया, आदिवासी मंत्रालय बनाया और बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय आदिवासी गौरव दिवस के रूप में घोषित किया।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, प्रभारी अभय सिंह, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, कमलेश राम, परितोष सोरेन, जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, मंडल अध्यक्ष संजय समेत काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सरकार को जनता की चिंता नहीं : चंपाई सोरेन

**सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा विकास की रफ्तार थम सी गयी है। उन्होंने कहा सरकार को जनता की चिंता नहीं है। रोजगार,खदान और योजनाओं के काम रुके पड़े हैं। गांव-गांव में सड़क, पानी, रोजगार जैसे बुनियादी मुद्दों पर कोई प्रगति नहीं हो रही। भ्रष्टाचार और ठहराव ने पूरे सिस्टम को जकड़ लिया है। भाजपा का उद्देश्य प्रदेश में एक बार फिर स्थिर और जवाबदेह शासन लाना है, ताकि लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। आज झारखंड में अपराध, लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। बालू घोटाले से लेकर सरकारी दफ्तरों तक हर जगह रिश्वत का बोलबाला है। जनता को तय करना है कि झारखंड को लुटेरों और भ्रष्टाचारियों के हाथों में रखना है या विकास और सुरक्षा के रास्ते पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि आगामी 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को क्रम संख्या एक पर बटन दबाकर भारी से भारी मतों से विजय बनाना है।**

# धोखा देने वालों को जनता माफ नहीं करती : संजीव सरदार





### पिछली बार की तरह भाजपा की हार निश्चित

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झामुमो ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। शनिवार को झामुमो के स्टार प्रचारक पोटका विधानसभा के विधायक संजीव सरदार ने चुनावी प्रचार अभियान में सबसे पहले मां दुआरसीनी मंदिर में मत्था टेका। उन्होंने मां से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और समाज की एकता के लिए आशीर्वाद मांगा। इसके बाद विधायक संजीव सरदार ने झाटीझरना और कालचिंति पंचायत के भवराडीह, बालियांम, बटडीह, सिंदरीआम, सोनलादंगा, बसाडेरा समेत अन्य गांवों का दौरा किया, जहां उन्होंने स्थानीय समाज के बुद्धिजीवियों, ग्राम प्रधानों, मांझी बाबा, नायके बाबा और ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। बैठक के दौरान क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक संजीव सरदार ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों और बुद्धिजीवियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी घाटशिला उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन को भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा भेजा जायेगा। उन्होंने कहा कि धोखा देने वालों को जनता माफ नहीं करती, पिछली बार की तरह भाजपा की हार निश्चित है।


**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं. ST-LT-OUT-SOURCING-KUR-506, दिनांक : 17.10.2025

**कार्य का नाम :** 2 (दो) वर्षों की समयावधि के लिए खोरधा रोड मण्डल में संकेत एवं दूरसंचार गतिविधियों को मजबूत करने के लिए जनशक्ति की बहि:स्रोतन (Outsourcing)।

**निविदा मूल्य :** ₹ 19,49,99,474.07, EMD : ₹ 11,25,000/-, निविदा दस्तावेज की लागत : ₹ 11,800/-

बिड प्रारंभ होने की तिथि : दिनांक 27.10.2025

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** 10.11.2025 को 1100 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 15 दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता, खोरधा रोड
PR-718/Q/25-26



**पूर्व मध्य रेल**

ई–निविदा सूचना

खुली निविदा बैच संख्या– 11/2025
दिनांक: 23/10/2025

आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14:00 बजे है।

**क्रम सं० :** 01. **निविदा सं० :** 39255779, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** 2000 केवीए और 2 एमविए, 33/11केवी, 03 फेज 50hz ओनन कूल्ड कॉपर वौंड ट्रांसफॉर्मर, **मात्रा :** 02 Nos., **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय :** 23 अक्टूबर 2025 11:28 बजे, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 17 नवम्बर 2025 14:00 बजे

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल, धनबाद
पीआर/1200/डीएचएन/सामग्री/टी/25–26/32


# झामुमो की महिला शक्ति गांव-गांव तक पहुंच रही



### गालूडीह जोनल क्षेत्र के बाघुड़िया पंचायत और पहाड़पुर में किया जनसंपर्क

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर झामुमो का जनसंपर्क अभियान लगातार गति पकड़ता जा रहा है। आज गालूडीह जोनल क्षेत्र के बाघुड़िया पंचायत अंतर्गत पहाड़पुर गांव में महिला मोर्चा की नेत्रियों ने प्रचार की बागडोर अपने हाथों में संभाली। महिला नेत्रियों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और दिवंगत विधायक सह पूर्व स्कूली शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन द्वारा किये गये जनहित कार्यों की चर्चा की। साथ ही उन्होंने अबुआ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, दीदी बाड़ी योजना और मनरेगा के तहत विकास कार्यों की जानकारी भी लोगों तक पहुंचाई। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने महिला नेत्रियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने क्षेत्र में नयी ऊर्जा का संचार किया है। ग्रामीणों ने इस अवसर पर झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के पक्ष में एकजुट होकर समर्थन और आशीर्वाद देने का संकल्प भी लिया। गांव की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने यह संदेश दिया कि अब चुनावी रणभूमि में मातृशक्ति भी पूरी मजबूती से मोर्चा संभाले हुए है। जनभावनाओं को घर-घर पहुंचाने की यह मुहिम अब और भी व्यापक होती जा रही है।

# उम्मीदवारों और अभिकर्ताओं को दी गयी चुनाव प्रक्रिया की जानकारी

**घाटशिला उपचुनाव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिला के घाटशिला अनुमंडल सभागार में 45-घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के सभी उम्मीदवारों और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर चुनाव प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आदर्श आचार संहिता, सी-विजिल मोबाइल अनुप्रयोग, व्यय लेखा संधारण, प्रचार सामग्री के पूर्व प्रमाणीकरण, प्रपत्र 17-सी तथा बूथ स्तर अभिकर्ता की नियुक्ति से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की गयी। अधिकारियों ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों और चुनाव प्रचार के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों के साथ-साथ उल्लंघन की स्थिति में की जाने वाली कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सी-विजिल मोबाइल अनुप्रयोग के माध्यम से आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, उसके समाधान की समय-सीमा और निगरानी तंत्र पर भी जानकारी दी गयी।

व्यय से जुड़े सत्र में चुनाव व्यय की अधिकतम सीमा, लेखा संधारण की विधि, व्यय लेखा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और व्यय पर्यवेक्षक की भूमिका पर प्रकाश डाला गया। मीडिया प्रमाणीकरण और निगरानी समिति ने विज्ञापन स्वीकृति की प्रक्रिया, भुगतान समाचार (पेड न्यूज) की पहचान और उसे रोकने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की।

अधिकारियों ने मतदान के दिन प्रयुक्त प्रपत्र 17-सी के महत्व, मतगणना में उसकी भूमिका और रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। साथ ही प्रत्येक उम्मीदवार के बूथ स्तर अभिकर्ता की भूमिका, अधिकार, कर्तव्य और मतदान केंद्र पर आचरण से जुड़ी बातों पर भी चर्चा की गयी।

इस अवसर पर सामान्य पर्यवेक्षक राखी विश्वास, पुलिस पर्यवेक्षक गजराव भूपल, व्यय पर्यवेक्षक दिलीप कुमार राठौर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी, वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### बड़ाखुर्शी में झामुमो का जनसंपर्क अभियान तेज

# महुआ माजी और सविता महतो ने संभाला मोर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का जनसंपर्क अभियान दिन-प्रतिदिन गति पकड़ रहा है। बड़ाखुर्शी पंचायत के बड़ाखुर्शी गांव में झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

राज्यसभा सांसद महुआ माजी और इचागढ़ की विधायक सविता महतो ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों और दिवंगत विधायक स्व. रामदास सोरेन के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष वकील हेंब्रम, सचिव रतन महतो, पूर्व जोनल अध्यक्ष मंटू महतो, सचिव बादल किस्कू, वरिष्ठ नेता नीलकांत महतो, रेणुवाला महतो, समीर महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों ने झामुमो प्रत्याशी सोमेश सोरेन के प्रति एकजुट समर्थन जताते हुए आगामी चुनाव में भारी मतों से विजय सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| वृष | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

# कांग्रेस के 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान में 25 लाख लोगों ने हस्ताक्षर किये

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर चलाया गया वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान शनिवार को अपने अंतिम चरण में ऐतिहासिक सफलता के साथ संपन्न हुआ। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों से निर्धारित लक्ष्य 25 लाख के लगभग हस्ताक्षर फॉर्म प्राप्त हुए, रविवार को कुछ बाकी जिलों से हस्ताक्षर फॉर्म प्राप्त किये जायेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने इस जन सहभागिता के लिए सभी कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों, संगठन के प्रकोष्ठों और समर्थकों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह अभियान लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का प्रतीक है। झारखंड के कांग्रेसजनों ने जिस एकजुटता और समर्पण की मिसाल पेश की है, उसने जनता के विश्वास को और मजबूत किया है। यह हमारी सामूहिक चेतना का प्रमाण है कि लोकतंत्र पर कोई भी आंच नहीं आने देंगे।

**झारखंड में गांव-गांव, पंचायत-पंचायत तक चला अभियान :** वोट चोरी के खिलाफ जन जागरण के तहत झारखंड में 15 सितंबर से 25 अक्टूबर 2025 तक प्रत्येक जिले और पंचायत स्तर पर अभियान चलाया गया। इस दौरान जनता को बताया गया कि किस प्रकार चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध रही है और किसके इशारे पर मतदाता सूचियों में हेराफेरी की जा रही है। कमलेश ने कहा कि भारत का लोकतंत्र वोट की शक्ति पर टिका है, और आज यही नींव खतरे में है। दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों को चुन-चुनकर मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। वोट चोरी आम जनता की आवाज और अधिकार की चोरी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पहले महादेवपुरा और अब कर्नाटक के आलंद में हुए खुलासों से देश की जनता निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया को लेकर सशंकित है। मुख्य चुनाव आयुक्त की अगुवाई में वोट चोरी हो रहा है, और जब कांग्रेस जवाब मांगती है तो भाजपा नेता छटपटाहट में बचकाने बयान देकर सच्चाई छिपाने की कोशिश करते हैं। फार्म जमा करने में कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक बंधु तिर्की, निशात आलम, भूषण बाड़ा, जिला अध्यक्ष सतीश केडिया, चंदेश्वर गोप, बरकत खान, यहिया सिद्दीकी, श्रीमती दीपिका बेसरा, सोमनाथ मुंडा, प्रकाश रजक, कामेश्वर यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, और प्रिंस सिंह समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने फॉर्म जमा कराने में सक्रिय भागीदारी निभायी। इसकी जानकारी झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी केचेयरमैन मीडिया विभाग सतीश पौल मुजनी ने दी।

# महिलाओं का योगदान रहेगा निर्णायक : सूरजमनी

### झामुमो महिला नेत्रियों की रणनीतिक बैठक में सूरजमनी सोरेन ने बेटा सोमेश सोरेन को जनता को सौंपा



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** शनिवार को फुलडूंगरी स्थित जेएन पैलेस में झामुमो की महिला नेत्रियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में राज्य की प्रमुख महिला नेताओं –दिवंगत विधायक स्व. रामदास सोरेन की धर्मपत्नी सूरजमनी सोरेन, पश्चिमी सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, जिला परिषद अध्यक्षा बारी मुर्मू, पूर्व जिला परिषद तुलसी बाला मुर्मू, घाटशिला प्रखंड प्रमुख सुशीला टुडू और महिला मोर्चा अध्यक्ष छाया रानी साहू सहित कई वरिष्ठ महिला पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

बैठक में आगामी घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में महिलाओं की सक्रिय भूमिका और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गयी।

राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि इस विधानसभा में महिला मतदाताओं की संख्या निर्णायक है। खासकर पहली बार मतदान करने वाली युवतियों तक सरकार की योजनाओं का प्रचार महिला कार्यकर्ताओं को व्यापक रूप से करना चाहिए।

पश्चिमी सिंहभूम की सांसद जोबा मांझी ने अपने वक्तव्य में दिवंगत विधायक स्व. रामदास सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. रामदास दा जैसे सरल और जनसेवी नेता का जाना पार्टी और प्रदेश दोनों के लिए बड़ी क्षति है। उनका जनता से लगाव अतुलनीय था।

इचागढ़ विधायक सबिता महतो ने कहा कि झामुमो ने इस बार एक पढ़े-लिखे इंजीनियर को प्रत्याशी बनाया है। जनता को अब यह तय करना है कि वे विकास और जनसेवा के प्रतीक को आगे भेजना चाहते हैं या नहीं। कार्यक्रम के दौरान भावुक लम्हा तब आया जब सूरजमनी सोरेन ने कहा मैंने अपने पति को इस विधानसभा के लिए जीते और जीते-जी इस क्षेत्र के लिए समर्पित देखा। अब उनके जाने के बाद मैं अपने बेटे सोमेश को आप सबके आशीर्वाद के लिए सौंपती हूं। वह आपका बेटा, आपका भाई बनकर हर सुख-दुख में साथ रहेगा।

## टाटीझरिया में व्रतियों ने ग्रहण किया कद्दू-भात



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में आस्था का महा पर्व छठ नदी या तालाब में नहा कर भगवान सूर्य को पूजा अर्चना कर और कद्दूभात खाकर छठ व्रतियों ने छठव्रत का प्रारंभ किया प्रखंड के झरपो, भराजो, अमनारी, खैरा, टटगांवा, गोधीया, डहरभंगा, टाटीझरिया, हेलंग, खंभवा, डूमर, धर्मपुर सहित अन्य घाट को सजाया जा रहा है छठ पर्व के लिए बाजार सजकर तैयार है व्रतियों ने सूप, टोकरी, केला, सेव, नारियल, डेभा, ईख पानपता, लांग इलायची, शकरकंद, मूली, गाजर मटर, बेर, घी और दूध सहित अन्य पूजन सामग्री से दौरा सजाया जाता है व्रती 36 घंटे का अखंड उपवास रखकर सुख समृद्धि और परिवारवाले कल्याण के लिए साक्षात अस्तगामी भगवान भास्कर और उदय गामी भगवान भास्कर को अर्ध देते है खरना आज और अस्तगामी भास्कर का अर्ध कल प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधि ने सभी को छठ की शुभकामनाएं दी। टाटीझरिया थाना प्रभारी इंद्रजीत कुमार ने भी छठ घाटों निरीक्षण किया और कहा कि तालाब भरा रहने के कारण बांस की ब्रेकटिंग लगाने का निर्देश दिया ताकि कोई हादसा नहीं हो वर्षों से छठ घाट में आजाद संस्था द्वारा नारियल, केला वितरण किया जाता है और निगरानी समिति द्वारा लाइट लगाया जाता है।

## विष्णुगढ़ में छठ घाटों पर तैयारी चरम पर

**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय खाय के साथ आज से शुरू हुआ। इस अवसर पर छठव्रतियों ने नदी तालाब जलाशयों में स्नान कर पूजा-अर्चना कर घरों में कद्दू चना दाल और भात का प्रसाद ग्रहण किया। यह पर्व चार दिनों तक चलेगा। कल खरना होगा और सोमवार को संध्याकालीन अर्ध्य और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य के साथ समापन होगा। छठ महापर्व को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गयी है। व्रती सुप, दौरा, फल समेत पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में भी छठ महापर्व को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है। लोग लगातार छठ घाट की साफ सफाई, लाइट और साउंड की व्यवस्था करने में जुटे हैं, आकर्षक गेट लगाये गये हैं। विष्णुगढ़ के यमुनिया नदी के तट पर सूर्य मंदिर परिसर में सात दिवसीय मेला लगा हुआ है। मेला में झूला, मिठाई, खिलौने आदि की दुकाने सज गयी है। छठ पर्व का गीत चहुओर सुनाई पड़ रहा है।

## नहाय-खाय कर श्रद्धालुओं ने शुरू की सूर्य उपासना



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** 25 अक्टूबर से लोक आस्था का महापर्व छठ शुरू से हो गया। इस पर्व का समापन 28 अक्टूबर को होगा। चार दिनों तक चलने वाले छठ पूजा के पहले दिन नहाय-खाय के साथ शुरू हुई। बड़कागांव के विभिन्न गांव और मोहल्लों छठ पूजा नहाय- खाया के साथ शुरू की गयी। छठवर्ती आज माता छठ और सूर्य भगवान की आराधना कर कद्दू भात का सेवन किया। नहाय खाय के साथ शिक्षक चेतलाल राम, सरस्वती देवी, पुष्पा देवी, बबीता देवी, नेहा कुमारी, आशा कुमारी, संगीता देवी, विनय कुमार, राजन कुमार, पवन कुमार, मनीष कुमार दास, तुलसी महतो, सुरेंद्र सोनी, मोहन राम, कृष्ण प्रसाद, प्रभु दयाल महतो, निर्मला देवी, संदीप कुशवाहा, प्रीति कुशवाहा, संध्या देवी, पिंटू कुशवाहा, प्रीति कुमारी, काजल कुमारी, कोमल कुमारी, रानी पद्मावती, पारसनाथ महतो, आशा देवी, मुकेश कुमार, अनीता देवी, नागेंद्र कुमार, डिम्पल कुमारी, दीप्ति नैना आदि भक्तों ने नहाने के बाद कद्दू भात ग्रहण किया। दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य देते हुए समापन होगी ।

## थाना प्रभारी, पूजा समिति सदस्यों और छात्रों ने मिलकर किया छठ घाटों की सफाई




**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में लोक आस्था का महापर्व छठ आज से नहाय खाय के साथ पूरे उल्लास और श्रद्धा पूर्ण वातावरण में शुरू हो गयी है। प्रखंड क्षेत्र के बरियौन, चलकुशा, चौबे मस्केडीह, सुदन, खरगु समेत विभिन्न छठ घाटों का थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने निरीक्षण किया और घाटों की साफ-सफाई जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ किया। ग्रामीण और जनप्रतिनिधि घाट की सफाई लाइट व्यवस्था पंडाल निर्माण और सुरक्षा को लेकर इंतजाम किया जा रहा है। सूर्य उपासना का यह पर्व सामाजिक एकता और पवित्रता का संदेश देता है। इस कार्य में मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह प्रमुख प्रतिनिधि दीपक चौधरी बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष गोविंद पांडे विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह चलकुशा पूजा समिति अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह हॉली एंजेल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर अमरजीत वर्णवाल और स्कूल की छात्र-छात्राएं खरगू मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पंडित, वार्ड सदस्य रंजीत पंडित, राजेश यादव, पवन सिंह, अशोक यादव, मंटू पंडित, करू चौधरी, मनोज पंडित, महेश यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण शामिल थे।

## विधायक डॉ नीरा यादव नहाय खाय के बाद खरना की तैयारी में जुटीं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा में विधायक डॉ नीरा यादव इस साल भी छठ कर रही हैं। छठ व्रत करने का यह उनका दसवां साल है। शनिवार को नहाय-खाय करने के बाद विधायक खरना की तैयारी में जुटी हैं। पर्व को लेकर परिवार में उत्साह का माहौल है। इसके पहले पारंपरिक गीत के साथ ही घर की महिलाओं ने गेहूं साफ की, वहीं पुरुष सूप दउरा, फल लाते दिखे। परिवार के सदस्यों के साथ ही आस पास वाले भी छठी मइया का काम हाथों हाथ ले रहे हैं। पूरा वातावरण छठ मय है। रविवार को खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए लोगों को निमंत्रित किया जा रहा है।

## कांग्रेस नेता सूरज गुप्ता का निधन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के बादम गांव निवासी कांग्रेस नेता सह समाजसेवी सह रौनियार वैश्य समाज बादम के पूर्व अध्यक्ष 85 वर्षीय सूरज प्रसाद गुप्ता का निधन हो गया। स्व गुप्ता लंबे समय से बीमार होने के कारण शुक्रवार प्रात: 7:00 बजे अपने घर पर ही अंतिम सांस ली। इनके निधन की खबर सुनते ही लोग शोक संवेदना प्रकट की गयी। इंजीनियर छोटे पुत्र मनोज गुप्ता का नागपुर से आने का इंतजार में अंतिम संस्कार शनिवार को बादम के बदमाही नदी के श्मशान घाट में किया गया। बड़े पुत्र शिक्षक गोपाल गुप्ता ने मुखाग्नि दी। ग्रामीणों ने कहा कि सूरज गुप्ता का समाज के हर छोटे बड़े कार्यों में उनकी विशेष भागीदारी होती थी।

# नहाय - खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, खरना आज

**दूध गुड़ से बने खीर का प्रसाद ग्रहण करेंगे छठव्रती**

दीपक सिंह



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आस्था का महापर्व छठ की शुरुआत नहाय खाय के साथ शनिवार से शुरू हो गया है। छठ व्रतियों ने चावल, कद्दू, चना दाल ग्रहण किया। आज छठ के दूसरे दिन खरना होगा। आज खरना पर खीर का भोग लगेगा। खरना के दिन व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को सूर्यदेव को अर्घ्य देने के बाद गुड़ वाली खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। खरना की खीर को सिर्फ भोजन नहीं बल्कि प्रसाद माना जाता है, जिसमें शुद्धता, भक्ति और परंपरा का स्वाद शामिल होता है। व्रती महिलाएं मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी जलाकर, गुड़, चावल और दूध से खीर बनायेंगी और फिर इसका भोग छठी मैया को लगायेंगे। इसके बाद, इस खीर को प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जायेगा और फिर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा।

**खरना पर आम की लकड़ी से बनता है खीर प्रसाद :** खरना का प्रसाद आम की लकड़ी जलाकर बनाया जाता है। मान्यता है कि खरना पर बना प्रसाद खासतौर से खीर, मैया का आशीर्वाद होता है, जो संतान सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि देती है। खरना पर आम की लकड़ी से ही प्रसाद बनाया जाता है। इसके पीछे धार्मिक वजह बतायी जाती है। इस दिन गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद बनता है। कही कही चावल और दाल भी खरना प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। ये प्रसाद मिट्टी के नये चूल्हे पर आम की लकड़ी से ही बनाया जाता है। किसी दूसरी लकड़ी से यह प्रसाद नहीं बनाया जाता। छठ पूजा का त्योहार आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का सबसे बड़ा प्रतीक है। छठ पूजा को लेकर मान्यता है कि चार दिवसीय महानुष्ठान में भगवान भास्कर और उनकी बहन षष्ठी देवी की असीम कृपा श्रद्धालुओं को प्राप्त होती है। व्रत से लोगों को संतान, स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि प्राप्ति होती है।

# छठ को लेकर फलों और पूजन सामग्रियों से पटा बाजार

## नहाय - खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू

- अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य कल
- उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य व पारणा परसों
- खरीदारी को लेकर बाजार में गहमागहमी

सतीश कुमार





**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नहाय - खाय के साथ लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार से शुरू हो गया। दूसरे दिन रविवार को महाप्रसाद का खरना, सोमवार को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य और मंगलवार को उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य और पारणा है। पहले दिन आर्यन हॉस्पिटल, तिलैया के डायरेक्टर डॉ प्रवीण कुमार की पत्नी ममता सिंह समेत जिले भर के वर्ती ने नहाय - खाय का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही पूरे इलाके में भक्तिमय माहौल है। छठ के कर्णप्रिय गीत गूंजने लगी है। लोग भक्ति में डूब गये हैं। फलों और पूजन सामग्री से झुमरी तिलैया बाजार अटा पड़ा है। खरीदारी को लेकर बाजार में गहमागहमी है। शहर के स्टेशन रोड, अड्डी बंगलो रोड, ओवरब्रिज के निकट दोनों किनारे रोड, झंडा चौक से लेकर अशोका होटल के समीप तक रोड किनारे ठेले पर फलों से सजा हुआ है। कृषि बाजार समिति परिसर फलों से पटा हुआ है। दूसरे राज्यों से विभिन्न वैरायटी के सेव, अन्नानस, केला, गाजर, केला समेत अन्य फल ट्रकों से आढ़तिए द्वारा मंगाया गया है। यहां से छोटी वाहनों के जरिये सुदूरवर्ती बाजारों और गांवों में आपूर्ति की जा रही है। इसकी खरीदारी के लिए कारोबारी का जमावड़ा लगा रहा। शनिवार सुबह से वाहनों से दूसरे इलाके में पहुंचाया जा रहा है।

**छठ पर्व को लेकर तालाब तैयार :** छठ पर्व को लेकर तालाबों में 27 और 28 अक्टूबर को भगवान भास्कर को वर्ती और श्रद्धालु अर्घ्य अर्पित करेंगे। इसके लिए तालाबों को साफ - सुथरा कर तैयार कर लिए गये हैं। तालाबों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग की गयी है। लाइट लगाये गये है। इधर कोडरमा स्थित प्रसिद्ध राजा तालाब के घाटों को रंग - बिरंगे रंगों से सजा दिया गया है।

### बाजार में फलों के खुदरा दर

बाजार में छठ पर्व को लेकर विभिन्न प्रकार के फल उपलब्ध है। इनमें उपलब्ध फलों के खुदरा दर अमेरिकन बड़ा सेव 140 रु किग्रा, छोटा सेव 120 रु किग्रा, डिलक्सन सेव 120 रु किग्रा,केला दर्जन 40 से 50 रु, संतरा बड़ा साइज 100 रु किग्रा, छोटा साइज 80 रु किग्रा, अन्नानस 100 रु पीस, पानी फल सिंघाड़ा 50 से 60 रु किग्रा, मूली 50 रु किग्रा, शरीफा 120 रु किग्रा, अमरूद 100 रु किग्रा, नशपाती 100 रु किग्रा है।

### 60 रु किग्रा बिका कद्दू

यूं तो बाजार में कमोबेश सभी सब्जी भाव खा रहे हैं। लेकिन छठ पर्व को लेकर शनिवार को कद्दू के भाव चढ़ा रहा। 30- 40 रु किग्रा बिकने वाला कद्दू 60 रु किग्रा तक बिक गया। बताते हैं कि छठ पर्व में नहाय - खाय के दिन कद्दू सब्जी का विशेष महत्व वर्ती के लिए होता है।

### सूप 140 रु,तो दउरा 240 रु बिका

महापर्व छठ में बांस से बने सूप और दउरा का विशेष महत्व है। सूप और दउरा में वर्ती प्रसाद लेकर घाट पर पहुंचते हैं, जहां भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। यह परम्परा सदियों से चली आ रही है। बाजार में सूप 140 रु और दउरा 240 रु उपलब्ध है। इसकी बिक्री जोरों पर है।

## मरम्मत के बाद भी नहीं सुधरी लेपो रोड की स्थिति

# उड़ती धूल से राहगीर हो रहे परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के बीचों बीच स्थित लेपों रोड आज कल मीडिया और सोशल मीडिया का सुर्खी बना है। कारण यह है कि यह सड़क एनएच होने के बावजूद जर्जर स्थिति में है। सड़क से उड़ती धूल राहगीरों और अगल बगल के दुकानदारों के लिए आफत बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व हजारीबाग के सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने हल बैल के साथ सड़क पर उतर विरोध जताया था। जहां विरोध जताया वहां विभाग ने सड़क को चलने लायक तो बना दिया मगर उससे आगे सड़क को पेंद साट कर भगवान भरोसे छोड़ दिया। अब सड़क पर छोटे छोटे स्टोन चिप्स बिखरे हैं जो सड़क की स्थिति को बयां करती है। यह सड़क आगे रेलवे स्टेशन की ओर जाती है। जब शहर के बीचों बीच स्थित सड़क की इतनी बुरी स्थिति है तो दूसरे सड़क की बात ही करना बेकार होगा। स्थानीय व्यवसाईयों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण के लिए विभाग से लेकर जनप्रतिनिधियों तक फरियाद किया मगर अब तक सड़क नहीं बन पायी। सबसे ज्यादा समस्या उड़ती धूल से हो रही है। स्थानीय व्यवसाई सह झामुमो केंद्रीय सदस्य मो इजहार ने कहा कि सड़क की स्थित बद से बदतर होते जा रही है। स्थानीय लोग परेशान है। आने जाने लोगों को समस्या उठानी पड़ रही हैं। यह सड़क नेशनल हाईवे के तहत है, इसलिए इसके निर्माण की जिम्मेवारी केंद्र सरकार की है। आगे बताया कि इस सड़क की निर्माण की मांग को लेकर कई बार जिला के बड़े पदाधिकारी से लेकर विभाग के पदाधिकारियों से मुलाकात की गयी, मगर अब तक इस सड़क का निर्माण नहीं हुआ। सड़क कब बनेगी विभाग के पदाधिकारी और ऊपर वाले ही जाने। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस लेपो सड़क की स्थिति को लेकर मैं भी लगातार प्रयासरत हूं कि जल्द सड़क बने। इसको लेकर मैंने विरोध प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद सड़क का रिपेयर किया गया है। टेंडर का प्रक्रिया चल रहा है। एक महीने के अंदर सड़क बन जायेगी। उन्होंने विभाग और सरकार को भी आड़े हाथों लिया। कहा कि सरकार के कारण भी विकास प्रभावित हो रही है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि आखिर कब तक यह सड़क पूर्ण रूप से बन जायेगी।

# प्रदीप प्रसाद ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर दिये आवश्यक निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से छठ तालाब, झील परिसर, यूनिवर्सिटी कैंपस और जबरा तालाब का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान विधायक प्रसाद ने प्रशासनिक अधिकारियों, नगर निगम, सफाई कर्मियों और स्थानीये जनप्रतिनिधियों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि छठ महापर्व में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और स्वच्छता सर्वोपरि है। विधायक ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पानी की स्वच्छता, बैरिकेडिंग, शौचालय और चिकित्सा व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि छठ के दौरान भीड़-भाड़ वाले इलाकों में पर्याप्त पुलिस बल, एनडीआरएफ की टीम और महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाये। श्री प्रसाद ने आमजन से अपील की कि वे स्वच्छता बनाए रखें, घाटों पर प्लास्टिक या अवशिष्ट सामग्री का प्रयोग न करें और प्रशासन को सहयोग दें, ताकि यह पावन पर्व सुरक्षित और धार्मिक वातावरण में संपन्न हो सके। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरिश श्रीवास्तव, सुदेश चन्द्रवंशी, प्रकाश झा, पंडल यादव, राकेश वर्मा, बासुदेव गोप, कुलदीप कृष्णा, सुबोध सिन्हा, साकेत सिह, मंदीप यादव सहित कई उपस्थित थे।

## जिसकी जितनी जनसंख्या उसको उतनी हिस्सेदारी मिले : गोबिंद मेहता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** सीपीआइ नेता गोबिंद प्रसाद मेहता ने झारखंड सरकार से जातीय जनगणना करवाने की मांग की है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि जिसकी जितनी जनसंख्या है उसको उतनी हिस्सेदारी देनी पड़ेगी। झारखंड सरकार बिहार और तेलंगाना के तर्ज पर झारखंड में भी जाति जनगणना करा कर जिसकी जितनी जनसंख्या उतनी उसकी हिस्सेदारी देने का काम करें। इंडिया गठबंधन पूरे देश में इस आवाज को उठा रहा है। जब तक जाती आधारित जनगणना नहीं होगी तब तक किसी को कुछ लाभ नहीं मिलेगा। आगे कहा कि झारखंड राज्य के वाशियो आपस में लड़ना झगड़ना छोड़ दो। झारखंड राज्य बहुत कुर्बानी देने के बाद मिला हैं। झारखंड में आज आरक्षण लेने की लड़ाई चल रही है उसका मुख्य कारण क्या है समझाना पड़ेगा। पूर्व की सरकार ने आरक्षण को काट कर कम किया है। साथ ही कहा कि झारखंड को अस्थिर करने की बहुत बड़ी साजिश चल रही है।

## फुटबॉल टूर्नामेंट में गुडकुवा टीम बनी विजेता और पतरा कला उपविजेता



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** नव युवक क्लब जमीरा के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला शनिवार को रोमांच और जोश के साथ खेला गया। इस मुकाबले में गुडकुवा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पतरा कला टीम को 1-0 से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली और पूरे मैच के दौरान दर्शकों में उत्साह चरम पर रहा। निर्णायक क्षण में गुड कुवा टीम ने एक बेहतरीन गोल दागकर बढ़त बनायी जिसे अंत तक कायम रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीकरी ओपी थाना प्रभारी रामकुमार राम, जिला कांग्रेस महासचिव महेश प्रसाद साव और युवा नेता सोनू इराकी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त टीमों को पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की। मुख्य अतिथि रामकुमार राम ने कहा की खेल जीवन में अनुशासन, एकता और सौहार्द का संदेश देता है। युवाओं को खेल के माध्यम से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। इस टूर्नामेंट की सफलता में क्लब के पदाधिकारियों अध्यक्ष मोहम्मद जहांगीर, उपाध्यक्ष मोहम्मद उल्फत, सचिव मोहम्मद जुबेरब मोहम्मद असलम, मोहम्मद समीर, नरेंद्र कुमार सिंह, सुनील सिंह, अरविंद यादव, मोहम्मद लियाकत, यदुवीर सिंह, मोहम्मद जमील, मोहम्मद इशराफील, मोहम्मद इश्तियाक, मोहम्मद आशिक, मौलाना तस्लीम रजा, मोहम्मद दानिश और पवन सिंह का विशेष योगदान रहा।

## छठ महापर्व को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने छठ घाटों किया का निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने छठ महापर्व को लेकर शनिवार को नगर परिषद् झुमरी तिलैया और चंदवारा प्रखंड अंतर्गत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 27 और 28 अक्टूबर को क्रमश: सूर्यास्त और सूर्योदय के समय छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्कता बरतने और आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश पदाधिकारियों को दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने छठ घाटों पर सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए छठ पूजा समितियों को पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर्स की तैनाती करने को कहा। साथ ही दंडाधिकारियों और पुलिस बल की उचित तैनाती के लिए भी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्थानीय स्तर पर गोताखोरों की तैनाती करने और नगर परिषद प्रशासक को सभी छठ घाटों की साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को घाट तक आने-जाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। अर्घ्य के समय सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाये और गहरे पानी में छठ व्रती या श्रद्धालु न उतरें, इसका विशेष ख्याल रखा जाये। इसके साथ ही सभी बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी द्वारा अपने - अपने क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किये जाये, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर राष्ट्रीय जनता दल ने शनिवार को जिलेभर में स्टॉल लगाकर छठ व्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण किया। चार दिनों तक चलने वाला महापर्व के पहले दिन नहाय- खाय के अवसर पर छठव्रतियों को सेवा भाव से समर्पित होकर सूप, वस्त्र और फल, नारियल का वितरण किया गया। झुमरीतिलैया के बेलाटांड़ दुर्गामंडप के समीप सैंकड़ो छठ व्रतियों को पार्टी नेता सुभाष प्रसाद यादव की धर्मपत्नी ललिता देवी ने छठ पूजन सामग्री का वितरण किया। जबकि कोडरमा नगर पंचायत स्थित सुधा स्वीट्स के समीप भी छठ सामग्री का वितरण किया गया। नेता सुभाष प्रसाद यादव के निर्देश पर जिले के डोमचांच, मरकच्चो और सतगावां में भी पार्टी नेताओ ने छठ पूजन सामग्री का वितरण छठव्रतियों के बीच किया। नेता सुभाष प्रसाद यादव की धर्मपत्नी ललिता देवी ने कहा कि छठ महापर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति है। छठ महापर्व की शुद्धता और पवित्रता विश्वविख्यात है। मौके पर जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, कंचन यादव, महिला जिलाध्यक्ष अमरजीत कौर, नगर अध्यक्ष घनश्याम तुरी, नागेश्वर दास, संगीता देवी, गायत्री देवी, मो मुश्ताक, शंभु पासवान, धीरज यादव, चरणजीत सिंह, भुनेश्वर साव, अजय दास, लालो दास, संजय दास, पवन भगत, अशोक यादव, ईश्वर दास, मुन्नी देवी, कृष्णा तुरी आदि मौजूद थे। राजद नेता सुभाष प्रसाद यादव के सहयोग से पार्टी परिवार की ओर से सतगावां के बासोडीह में डॉ सरयू प्रसाद यादव के आवास के समीप छठ व्रतियों के बीच छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। डोमचांच नगर पंचायत और डोमचांच प्रखंड में संयुक्त रूप से डोमचांच बाजार और विभिन्न स्थलों में शिविर लगाकर छठ पूजन सामग्री का वितरण किया गया। विभिन्न वितरण स्टाल में सतगावां प्रखंड अध्यक्ष अमित कुमार, डॉ सरजू यादव, विनोद यादव, उपेंद्र यादव, गुड्डू यादव, डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष हरिशंकर प्रसाद यादव, नगर अध्यक्ष संतोष चंद्रवंशी, कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष मो मुबारक, नगर अध्यक्ष डॉ कमाल उद्दीन, महेश यादव, मंटू यादव, मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष अशोक दास, यमुना यादव, सरफराज नवाज खान, सुभाष यादव आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
05

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व, आस्था में डूबे श्रद्धालु

### छठ घाटों पर हो रही सजावट, जिला प्रशासन सुरक्षा को लेकर तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चार दिनों तक चलने वाले महापर्व छठ की शुरुआत हो गयी है। शनिवार को नहाये खाये के दिन छठ व्रतियों ने जलाशयों में डुबकी लगाकर इस त्योहार को शुरू किया। व्रतियों ने भगवान सूर्य को साक्षी मानकर इस महापर्व की शुरूआत की। दामोदर नदी घाट पर श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ डुबकी लगायी और महापर्व छठ का आगाज किया। शहर के बिजुलिया तालाब, जारा बस्ती तालाब के अलावा रजरप्पा भैरवी नदी और दामोदर नदी में भी श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी। जिले के अन्य स्थानों पर भी श्रद्धालुओं ने इस महापर्व की शुरुआत की।



नहाये खाये के दिन श्रद्धालुओं ने कद्दू की सब्जी और चने की दाल के साथ भोजन ग्रहण किया।

**पुलिस के साथ-साथ घाटों पर होगी ड्रोन कैमरे से निगरानी :** छठ घाटों पर सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। सड़कों पर भी पुलिस मौजूद रहेगी। इसके अलावा चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट और जवान तैनात किये गये हैं। इन सब के अलावा छठ घाटों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाये गये हैं। साथ ही ड्रोन कैमरे से भी पूरी निगरानी की जायेगी। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा को लेकर पहले से ही एहतियात बरती जा रही है। रामगढ़ जिला मुख्यालय के अलावा अंचल क्षेत्र में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों, इसके लिए अंचल अधिकारी और थाना प्रभारी को विशेष निर्देश दिया गया है।

### छठ घाटों की हो रही सजावट

रामगढ़ जिले के सभी छठ घाटों की सजावट की जा रही है। घाटों पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधा भी बहाल हो इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। 27 अक्टूबर को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए लाखों श्रद्धालु छठ घाटों पर पहुंचेंगे। उस वक्त वहां श्रद्धालुओं के रुकने, कपड़े बदलने के लिए चेंजिंग रूम, रोशनी की व्यवस्था के अलावा सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे। इसके अलावा घाट पर पहुंचने के लिए सड़कों का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया गया है। पूरे रास्ते पर सजावट और रोशनी के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। छठ पूजा समिति के लोगों ने श्रद्धालुओं को अर्घ्य देने के लिए वॉलिंटियर्स की भी व्यवस्था की है। इसके अलावा पूरे रास्ते पर व्रतियों को आने में दिक्कत ना हो, इसके लिए सड़कों को धुलवाने की भी व्यवस्था की गयी है।

## अवैध खनन पर जिला प्रशासन की कार्रवाई, चार ट्रैक्टर पर प्राथमिकी दर्ज



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने के उद्देश्य से डीसी फैज अक अहमद मुमताज द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी के नेतृत्व और डीएमओ निशांत अभिषेक की उपस्थिति में बालू के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम हेतु गठित जिला स्तरीय धावा दल द्वारा रामगढ़ जिलान्तर्गत विभिन्न बालू घाटों पर छापेमारी की गयी। टीम के सदस्यों ने सिरका, हेसापोड़ा आदि का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही रामगढ़ सीओ रमेश रविदास के नेतृत्व और माइनिंग इंस्पेक्टर राहुल सिंह की उपस्थिति में अंचल स्तरीय धावा दल द्वारा विभिन्न बालू घाटों पर छापेमारी की गयी। रामगढ़ थानान्तर्गत छापेमारी के क्रम में बालू लदे 02 ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिसके ट्रेलर पर 100 सीएफटी बालू लदा पाया। गिट्टी लदे 01 ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया है। साथ ही, बरकाकाना थानान्तर्गत बालू लदे 01 ट्रैक्टर भी जब्त किया गया और प्राथमिकी दर्ज की गयी। उपरोक्त वर्णित ट्रैक्टरों के मालिक, चालक और अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी संपति की चोरी, खनन राजस्व का क्षति, खान और खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गयी है।

## चतरा में छठ घाट स्वच्छता अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रम शुरू



**चतरा (आजाद सिपाही)।** नमामी गंगे योजनान्तर्गत राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, नई दिल्ली द्वारा प्रचार-प्रसार और जन-जागरूकता हेतु स्वीकृत त्रैमासिक कार्य योजना के तहत चतरा जिले में छठ पूजा घाट स्वच्छता अभियान और कार्तिक पूर्णिमा जनजागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन, चतरा की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नदी, तालाब और अन्य जल स्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन के प्रति जनमानस में जागरूकता लाना है। उपायुक्त कीर्तिश्री ने बताया कि छठ महापर्व प्रकृति, जल और जीवन के गहरे संबंध को दशार्ने वाला पर्व है। ऐसे में घाटों की स्वच्छता और जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे इस अभियान में स्वेच्छा से भाग लें और अपने आसपास के छठ घाटों की सफाई और रखरखाव में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ जीवन चक्र समझने का पर्व की भावना को सशक्त बनाते हुए यह पहल जिले में स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने प्रखंड क्षेत्रों में स्थित सभी छठ पूजा घाटों की साफ-सफाई पूजा से पूर्व एवं उपरांत सुनिश्चित करें। साथ ही, विद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, युवाओं, महिला समूहों तथा स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाये, ताकि यह अभियान एक जन-आंदोलन का रूप ले सके। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन द्वारा स्वीकृत प्रचार-सामग्री और बैनरों का उपयोग सभी कार्यक्रम स्थलों पर अनिवार्य रूप से किया जायेगा। प्रत्येक आयोजन की हाई रेजोल्यूशन फोटो, वीडियो रिकॉर्डिंग और जियोटैग रिपोर्ट राज्य मुख्यालय को प्रेषित की जायेगी। उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ घाट, स्वच्छ जल और स्वच्छ समाज — यही इस पहल का उद्देश्य है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे पूजा के दौरान प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा या अपशिष्ट सामग्री को जल स्रोतों में न डालें और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

## रामगढ़ जिला पार्षद ने दामोदर नदी पर छठ घाट की साफ - सफाई करायी



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** आस्था और पवित्रता का महापर्व छठ पूजा को लेकर रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो कुंदरूकला मुखिया किसुन राम मुंडा के द्वारा पंचायत के बंगलामुखी धाम दामोदर नदी पर छठ घाट का साफ सफाई कराया गया उन्होंने कहा की 36 घंटे तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व है ग्रामीणों महत्वपूर्ण त्यौहार मे मिलजुल कर सभी घाटों का समुचित व्यवस्था किया जाये जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके और सभी घाटों पर बिजली रौशनी भी उपलब्ध कराया जायेगा। सड़क मार्ग की भी सफाई हो। इस मौके उप मुखिया मोहराय महतो, समाज सेवी मुकेश महतो नीरज कुमार नागेश्वर महतो, दिलीप महतो सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## संयुक्त मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने की दी चेतावनी



**कुजू (आजाद सिपाही)।** संयुक्त मोर्चा की बैठक बीएमएस क्षेत्रीय कार्यालय, नयामोड़ में हुई। बैठक के दौरान सीसीएल प्रबंधन द्वारा मजदूरों के साथ किए जा रहे शोषण पर विरोध जताया। साथ ही, तोपा परियोजना के मजदूरों को मूलभूत सुविधा से वंचित रखकर दोहरी नीति के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया। वही, परियोजना के ऑपरेटरो के प्रमोशन खत्म कर उन्हें कमजोर किया जा रहा। मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधन की मिलीभगत से एक यूनियन पर उत्पादन कार्य ठप करने का आरोप लगाया। इस पर मोर्चा ने प्रबंधन के खिलाफ जल्द ही आंदोलन करने की बात कही। मौके पर सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय सचिव रतन प्रसाद साहू, जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, एजेकेएसएस क्षेत्रीय सचिव रामभजनलाल महतो, पंकज सिंह, वाहिद अंसारी, मो इसराइल शामिल रहे।

## श्रीगुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव को लेकर तीसरे दिन निकाली गयी प्रभात फेरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव तीसरे दिन शनिवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। प्रभात फेरी में निशान साहिब लेकर सरदार जसकीरत सिंह सैनी प्रभातफेरी की अगुवाई कर रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा साहिब से आरंभ होकर सुभाष चौक, मैन रोड, झंडा चौक, चट्टी बाजार, लोहार टोला होते हुए किला मंदिर के समीप हरपाल सिंह अरोड़ा के इंपिरियल प्लाजा में पहुंची। यहां अरोड़ा परिवार ने साध संगत का स्वागत किया। वही, मुख्य गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी की ओर से सरदार प्रीतम सिंह कालरा ने सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा को सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रभातफेरी के दौरान साथ संगत 'मिटी धुंध जग चानन होया, कल तारण गुरुनानक आया, नाम मिले ता जीवा नानक नाम मिले ता जीवा' जैसे साध-संगत शबद कीर्तन करते हुए चल रहे थे।



### प्रभात फेरी में ये थे शामिल

प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, हैप्पी छाबड़ा, सेक्रेटरी हरदीप सिंह होरा, मंजीत सिंह कुज्जू वाले, विंकल कालरा, प्रीतम सिंह कालरा, सुरजीत सिंह छाबड़ा, कुलजीत सिंह, राजा कालरा, सतपाल सिंह सलूजा, देवेन्द्र सिंह अरोड़ा, लखमीर सिंह अरोड़ा, कुलजीत सिंह कालरा, कुलविंदर सिंह लांबा, त्रिलोचन सिंह जस्सल, गुरजीत सिंह सलूजा, जगजीत सिंह सोनी, कमल जस्सल, अनमोल सिंह, नरेंद्र सिंह होरा, गुरदीप सिंह सैनी, हरेंद्र छाबड़ा, रिंटू छाबड़ा, गुरजोत सिंह सैनी, जिगर छाबड़ा, यश छाबड़ा, राजू छाबड़ा, मन्नत सिंह, गुरप्रीत सिंह चाना, बबलू छाबड़ा सूमी जॉली, गुरबक्श कौर सैनी, रंजू अरोड़ा, रोमी छाबड़ा, कुदरत छाबड़ा, रुचि कौर, मनप्रीत कौर सैनी, नवल कौर मल्होत्रा, बबली सोनी सहित सिख समाज के कई महिला-पुरुष शामिल थे।

## झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**कुजू (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के दिगवार में चूल्हे से झुलसी इलाजरत महिला कोमल कुमारी (25 वर्ष) पति विनय कुमार की शनिवार को मौत हो गयी। वहीं, मरार निवासी मायके वालो ने ससुराल वालों पर जला कर मार देने का आरोप लगाते हुए बयान दर्ज कराया है। इधर, कुजू पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। जानकारी के अनुसार, गत 19 अक्टूबर को कोमल कुमारी खाना बनाने के दौरान चूल्हे की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गयी। आनन-फानन ने परिजनों द्वारा होप हॉस्पिटल, रांचीरोड में भर्ती कराया गया। जहां महिला की स्थिति नाजुक देख रांची रेफर कर दिया। वहीं, रांची स्थित देवकमल अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार को महिला ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं, मायके वालों ने ससुराल वालो पर जला कर मार देने का आरोप लगाते हुए रांची में पुलिस के समक्ष बयान दर्ज कराया है। जिसकी कॉपी को कुजू पुलिस मांगने में जुटी है। इधर, परिजन पोस्टमार्टम होने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया।

## मुखिया ने निजी खर्च से कच्ची सड़क की करायी मरम्मत

**कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही) ।** प्रखंड क्षेत्र के नवादा पंचायत के ग्राम ककनातु से चिलोय होते नीलाजन नदी तक लगभग एक किलोमीटर कच्ची सड़क की मरम्मत मुखिया भरत यादव ने अपनी निजी खर्च से करवाया। मुखिया ने बताया की इस गावों के ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। दो पहिया वाहन से चलने के लिए भी उपयुक्त सड़क नहीं है। गड्ढा में तब्दील कच्ची रास्ता से किसी तरह लोग आना जाना करते है। छठ पर्व के मौके पर छठ घाट जाने में सुविधा के लिए मुखिया ने जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर लगाकर कच्ची सड़क की मरम्मत कराया। आम जनता ने इस कार्य के लिए मुखिया को काफी सराहा। मौके पर अशोक यादव, विजय चौधरी, सतेंद्र साव, कमलेश यादव, बबलू साव, सुरेंद्र चौधरी, अर्जुन तुरी के अलावा कई ग्रामीण मौजूद थे।

## विभिन्न छठ घाटों किया गया निरीक्षण



### सुरक्षा और सुविधाओं का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय कार्तिक छठ पूजा को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातू मनोज कुमार गुप्ता ने शनिवार को भुरकुंडा कोयलांचल के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ श्री गुप्ता ने भुरकुंडा-सौंदा डी नलकारी नदी छट घाट, रिभर साईड दामोदर नदी छठ घाट सहित आसपास के छठ घाटो का निरीक्षण कर छठव्रतियों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने घाटों की स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, रोशनी, बैरिकेडिंग और पानी की गहराई जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश संबंधित पूजा समिति के पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व आस्था और सूर्य उपासना का पर्व है, इसलिए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पुलिस पदाधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन समिति के साथ की बैठक अस्पताल में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** डीसी फैज अक अहमद मुमताज अपने कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक की। बैठक में सिविल सर्जन डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद एवं अस्पताल प्रबंधक सदर अस्पताल रामगढ़ अंतरा झा के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य को अस्पताल प्रबंधन समिति की पूर्व में हुई बैठक में दिये गये दिशा निर्देशों के तहत किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। जिसके उपरांत उनके द्वारा बैठक के एजेंडा की विस्तृत जानकारी दी गयी।



अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान सदर अस्पताल रामगढ़ के मेन गेट पर कैटल ट्रैप लगाने, अस्पताल में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगाने, स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट में मुस्कान अंतर्गत ऑक्सीजन पाइपलाइन का कार्य किये जाने, आकस्मिक विभाग में 6 व्हील चेयर और 6 स्ट्रेचर उपलब्ध कराने, दवाओं के क्रय, सिकल सेल एनीमिया कंफर्मेटरी टेस्ट के लिए मशीन और कीट क्रैय करने, अस्पताल में कूड़ेदान लगाने, ब्लड बैंक में विभिन्न उपकरण लगाये जाने सहित अस्पताल में विभिन्न मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। इस संबंध में उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त जिला स्तरीय अधिकारियों, स्वास्थ्य पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## पतरातू में चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय - खाय के साथ शुरू



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू सहित आस पास के ग्रामीण और शहरी इलाकों में छठ महापर्व की शुरुआत नहाय खाय से शनिवार से प्रारंभ हो गया। चार दिनों तक मनाया जाने वाले इस पर्व के तहत शनिवार को व्रतियों ने सुबह से ही अपने घर को फिर से साफ सफाई कर सुबह में स्नान कर पवित्र होकर कद्दू और भात बनाकर भगवान भास्कर भगवान सूर्य और छठी मैया को भोग लगाकर स्वयं ग्रहण की और प्रसाद के रूप में अपने घर के सभी सदस्यों को वितरित की गयी। इसके साथ ही रविवार को खंडना होगा। इसके लिए खीर का भोग भगवान सूर्य को चढ़ाया जाता है। और उसी प्रसाद को व्रती ग्रहण करती है। और फिर सार्वजनिक तौर पर खीर का वितरण किया जाता है। इसके लिए गांव में व्रती स्वयं धान की खेतों मे जाकर धान की बाली तोड़ कर आज ही ले आयी है। और फिर उससे धान निकल कर सूखाकर फिर धान से चावल निकालकर खीर बनाया जायेगा। यही नहीं इस व्रत के कारण गांव, गलियों, सड़कों की भी साफ-सफाई टोले मुहल्ले वासियों के द्वारा की जा रही है।

## नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व का शुभारंभ



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ नहाय-खाय के साथ शनिवार से विधिवत प्रारंभ हो गया। इस अवसर पर छठव्रती महिलाये घर की शुद्धि कर छठ घाटों पर पवित्र स्नान किया। जिसके बाद अरवा चावल, लौकी व चने की दाल का प्रसाद ग्रहण किया। नहाय खाय के साथ ही पूरे क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल छा गया है। सभी छठ घाटों पर साफ-सफाई को लेकर जोर शोर से अभियान चलाया जा रहा है। प्रखंड का चुंदरु धाम सूर्य मंदिर छठ पर्व पर आस्था का केंद्र रहता है। चुंदरु धाम सूर्य मंदिर में दूर दूर से छठव्रती आते है और छठ पूजा संपन्न करते हैं। इस दौरान छठ व्रती तीन दिनों तक तक मंदिर परिसर में रुकते हैं और पर्व संपन्न होने के बाद लौटते हैं, जहां सूर्य मंदिर विकास समिति द्वारा छठ व्रतियों के सुख सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाता है, समिति सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा, लाइट और अन्य व्यवस्था को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं, समिति द्वारा छठ घाट पर गंगा आरती का भी आयोजन किया गया है। वही हर बार सराढू छठ घाट का आकर्षण पूरे प्रखंड में रहता है, छठ घाट को सद्भावना पूजा समिति को भव्य रूप से सजाया जाता है। सराढू छठ घाट में पिछले कई वर्षों से गंगा आरती का आयोजन किया जाता रहा है। इसके अलावे तेलियाडीह खधैया राहम बड़गांव सेरनदाग धनगड्डा बिंगलात डहु समेत अन्य छठ घाटों पर भी भव्य तैयारीयां चल रही है।

## खाद्य तेल-बीज मिशन को लेकर बैठक



**चतरा (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में National Mission on Edible Oil–Oilseeds (NMEO–OS) वर्ष 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने मिशन के उद्देश्यों, लक्ष्यों और जिले में इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए जिले में तिलहन फसलों के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन की दिशा में ठोस कदम उठाये जायें। इस वर्ष जिले में 2 हजार हेक्टेयर में सरसों की खेती का लक्ष्य निर्धारित है, जिसे श्उढ के माध्यम से कराया जायेगा। उपायुक्त ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में तिलहन फसलों जैसे सरसों आदि के क्षेत्र विस्तार और उत्पादन बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण बीज, उर्वरक, प्रशिक्षण और प्रचार-प्रसार गतिविधियों पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को मिशन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर तक उपलब्ध कराई जाये और किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें आधुनिक तकनीकों के उपयोग के लिए प्रेरित किया जाये। उपायुक्त ने संबंधित विभागों से योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी और समय-समय पर प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी, एल.डी.एम. जेएसएलपीएस डीपीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## श्रमदान कर बनाया जा रहा स्वच्छ छठ घाट, तैयारियों में जुटे युवा



**हंटरगंज/चतरा(आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व की पवित्रता और स्वच्छता बनाये रखने के लिए चतरा जिला के हंटरगंज प्रखंड के ढेबो- सतघरवा गांव में स्थानीय छठ घाट में स्थानीय युवाओं ने आगे बढ़कर अपनी जिम्मेदारी निभायी है। डाहा पंचायत छठ पूजा समिति अध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में युवाओं की टीम ने श्रमदान करते हुए घाटों की सफाई अभियान शुरू किया है। इस दौरान घाटों को पूरी तरह गंदगी मुक्त किया गया। आसपास की गंदगी को हटाकर स्वच्छ वातावरण तैयार किया गया। श्रमदान अभियान में शिक्षक दिलीप यादव, पूर्व मुखिया चंद्रदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य योगेंद्र यादव, धीरेन्द्र कुमार पासवान, संजय पासवान, वार्ड सदस्य अनिल यादव, देवराज पासवान, गुड्डू साव, शंभू यादव सहित दर्जनों युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने युवाओं की इस पहल की सराहना की। हालांकि, सफाई के दौरान युवाओं ने यह भी चिंता व्यक्त की कि तालाब में सफाई हेतु स्थानीय प्रशासन की कोई भूमिका नहीं रही है। उन्होंने बताया कि इस तालाब की देखभाल या सफाई की कोई नियमित व्यवस्था नहीं है। हर साल प्रशासन दावा करती है कि छठ महापर्व को लेकर बेहतर व्यवस्था किये जायेंगे, लेकिन हर बार दावा फेल हो जाता है। ऐसे में पूजा समिति के लोग युवाओं के भरोसे छठ पूजा इस इलाके में संपन्न करते हैं। वहीं प्रशासन का जरा भी सहयोग नहीं मिल पाता है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सफाई अभियान चलाया जा रहा है ताकि छठ व्रतियों को कोई परेशानी नहीं हो। घाट पर महिलाओं के लिए समिति की तरफ से भी चेंजिंग रूम बनाया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# सबको चुभेगा ये बैन

अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात की उम्मीदें अब पुरानी लगने लगी हैं। अगस्त की वह तस्वीर, जिसमें दोनों नेता एक ही कार में थे, अब यूक्रेन युद्ध पर बातचीत शुरू होने की उम्मीद जगाती थी। लेकिन, रूस की दो बड़ी तेल कंपनियों Rosneft और Lukoil पर अमेरिकी प्रतिबंधों ने इस उम्मीद को खत्म कर दिया है। इस अमेरिकी फैसले का असर भारत सहित पूरी दुनिया को भुगतना पड़ेगा। ट्रंप बुडापेस्ट में पुतिन से मिलने वाले थे, लेकिन बाद में उन्होंने कहा कि वह ऐसी बैठक नहीं करना चाहते जो बेकार साबित हो। इसके ठीक अगले दिन, रूसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। ट्रंप सरकार का मानना है कि रूस युद्ध में अपने तेल व्यापार के दम पर टिका हुआ है। इसलिए, यह कदम रूस पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है। पहले भी अमेरिका रूसी तेल पर आपत्ति जताता रहा है, लेकिन भारत और चीन के जरिए इसके व्यापार की छूट देता रहा था। अमेरिकी सहमति के कारण ही दुनिया में तेल की सप्लाई पहले की तरह जारी थी। लेकिन अब नए प्रतिबंध सीधे कंपनियों पर लगाए गए हैं। इसका मतलब है कि इन कंपनियों के साथ किसी भी तरह का व्यापार करना बहुत मुश्किल हो जाएगा। रूस ग्लोबल ऑयल प्रोडक्शन का 11% हिस्सा रखता है, और ये दोनों कंपनियां इसमें से लगभग आधा उत्पादन करती हैं। इन पर बैन लगने से कच्चे तेल की ग्लोबल सप्लाई घट सकती है। हालांकि ओपेक देशों ने अमेरिका के कहने पर पहले ही उत्पादन बढ़ा दिया है, लेकिन रूस के सस्ते तेल की कमी को पूरा करना आसान नहीं होगा। अमेरिकी प्रतिबंधों का असर भारत पर भी पड़ेगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अन्य सरकारी व निजी तेल रिफाइनरी कंपनियां रूसी तेल पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। रिलायंस तो Rosneft की सबसे बड़ी भारतीय खरीदार है। भारतीय कंपनियों ने रूस से तेल खरीदना कम करने की तैयारी शुरू कर दी है। अमेरिकी बैन के बाद ब्रेंट क्रूड के दाम में 5% का उछाल आया है। 21 नवंबर से जब ये प्रतिबंध पूरी तरह लागू हो जाएंगे, तो क्रूड ऑयल की कीमतों में और तेजी आ सकती है। यह भारत जैसे देशों के लिए चिंता की बात है, क्योंकि भारत अपनी 85% तेल जरूरतें आयात से पूरी करता है। यह स्थिति भारत के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करती है। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करनी होगी। रूसी तेल पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार और कंपनियों को मिल कर काम करना होगा। यह देखना होगा कि भारत इस मुश्किल दौर से कैसे निपटता है। यह प्रतिबंध सिर्फ.रूस पर ही नहीं, बल्कि उन देशों पर भी असर डालेगा जो रूस से तेल खरीदते हैं। तेल की बढ़ती कीमतें आम आदमी की जेब पर भारी पड़ेंगी। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे, जिससे महंगाई और बढ़ेगी। सरकार को इस स्थिति से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या अमेरिका अपने प्रतिबंधों पर कायम रहता है या फिर बातचीत के जरिए कोई समाधान निकलता है।

**रूसी तेल पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार और कंपनियों को मिलकर काम करना होगा। यह देखना होगा कि भारत इस मुश्किल दौर से कैसे निपटता है। यह प्रतिबंध सिर्फ.रूस पर ही नहीं, बल्कि उन देशों पर भी असर डालेगा जो रूस से तेल खरीदते हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**चार दिवसीय इस अनुष्ठान का प्रत्येक चरण अपने आप में एक पूर्ण दर्शन समेटे हुए है। 'नहाय-खाय' का दिन केवल शारीरिक शुद्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि का संकल्प है। जब व्रती स्नान करके शुद्ध सात्त्विक भोजन ग्रहण करता है, तो वह अपने भीतर के समस्त विकारों को त्यागने का प्रण लेता है। 'खरना' का दिन त्याग और समर्पण की पराकाष्ठा है–जब व्रती पूरे दिन निराहार रहकर संध्या में मीठी खीर का प्रसाद बनाता है, तो यह उसके जीवन के कड़वे-मीठे अनुभवों का प्रतीक बन जाता है।**

# छठ पूजा : आस्था, पर्यावरण और सामाजिक समरसता का महापर्व



**प्रो तपन शांडिल्य**



भारतीय सनातन संस्कृति के हृदय में विराजमान छठ पूजा का महापर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक महाकाव्य है जो आस्था के सूर्य को पर्यावरण की नदियों में स्नान कराता हुआ सामाजिक समरसता के उस तट पर पहुँचता है जहाँ मानवता का मूल सार प्रकट होता है। यह पर्व उस सनातन सत्य का दर्पण है जो हमें सिखाता है कि ईश्वर की सबसे बड़ी पूजा प्रकृति का सम्मान है, और मानव का सबसे बड़ा धर्म मानवता की सेवा। प्रकृति के पाँच तत्वों–आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी–के प्रति कृतज्ञता का यह उत्सव मनुष्य को उसके मूल से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम बन जाता है। इस पर्व की ऐतिहासिक यात्रा अत्यंत गहन और रोमांचक है। वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक के इस सफर में छठ ने न केवल अपनी मौलिकता को बनाए रखा, बल्कि प्रत्येक युग में नए अर्थ और नई व्याख्याएँ ग्रहण करती रही। प्राचीन ग्रंथों और लोकमान्यताओं में इसके प्रमाण बिखरे पड़े हैं–माता सीता ने जब अयोध्या लौटकर सूर्योपासना की, तो वह केवल एक रानी का अनुष्ठान नहीं था, बल्कि समस्त जनता के कल्याण की कामना थी। जब द्रौपदी ने इस व्रत को किया, तो वह केवल राजसी ऐश्वर्य की कामना नहीं थी, बल्कि धर्म की स्थापना का संकल्प था। कालांतर में यह राजमहलों से निकलकर आम जनता के हृदय में बस गया और लोकपर्व बन गया।

**छठ पूजा वह दिव्य साधना है जो मनुष्य को मनुष्य से, मनुष्य को प्रकृति से, और मनुष्य को परमात्मा से जोड़ती है।**

छठ पूजा का दार्शनिक पक्ष अत्यंत गहन और विचारणीय है। यह पर्व हमें सिखाता है कि सूर्य केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि समस्त जीवन का आधार है। उसकी प्रत्येक किरण में समाहित है ऊर्जा का अथम सागर, और उसके प्रति कृतज्ञता प्रकट करना मानव का नैसर्गिक धर्म है। जल हमारे जीवन का आधार है, और माटी हमारी पहचान–इन तीनों के प्रति श्रद्धा रखना हमारी सांस्कृतिक विरासत का मूल मंत्र है। यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के बीच के उस अटूट रिश्ते को पुनर्स्थापित करता है जो आधुनिकता की भागदौड़ में कहीं खो सा गया है।

चार दिवसीय इस अनुष्ठान का प्रत्येक चरण अपने आप में एक पूर्ण दर्शन समेटे हुए है। 'नहाय-खाय' का दिन केवल शारीरिक शुद्धि का प्रतीक नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि का संकल्प है। जब व्रती स्नान करके शुद्ध सात्त्विक भोजन ग्रहण करता है, तो वह अपने भीतर के समस्त विकारों को त्यागने का प्रण लेता है। 'खरना' का दिन त्याग और समर्पण की पराकाष्ठा है–जब व्रती पूरे दिन निराहार रहकर संध्या में मीठी खीर का प्रसाद बनाता है, तो यह उसके जीवन के कड़वे-मीठे अनुभवों का प्रतीक बन जाता है। इस प्रसाद का समस्त समुदाय के साथ वितरण सामूहिकता और साझेदारी की उस भावना को जन्म देता है जो आज के व्यक्तिवादी युग में कहीं विलुप्त होती जा रही है।

'संध्या अर्घ्य' और 'प्रातः अर्घ्य' का दृश्य तो अवर्णनीय है। जब लाखों व्रती एक साथ नदियों और तालाबों के घाटों पर इकट्ठा होते हैं, तो यह मानो मानवता का समुद्र लहरा उठता है। हाथों में सजे सूपों में रखे प्रसाद केवल फल-मिठाई नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की आशाएँ, आकांक्षाएं और अराधना हैं। लोकगीतों की मधुर स्वरलहरियाँ केवल सुर-ताल का संगम नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। केलवा जे पानी के... और उग हे सूर्य देव... जैसे गीतों में समाहित है एक सम्पूर्ण सभ्यता का सांस्कृतिक इतिहास।

सामाजिक दृष्टि से छठ पूजा भारतीय लोकतंत्र की मूल भावना को प्रतिबिंबित करती है। यह वह अद्भुत पर्व है जहाँ सभी भेदभाव ध्वस्त हो जाते हैं। घाट पर खड़ा हर व्यक्ति–चाहे वह किसी भी जाति, वर्ग या सम्प्रदाय से हो–एक समान है। सबकी आस्था एक, सबका उद्देश्य एक। यह सामाजिक समरसता का वह आदर्श प्रतिमान है जिसकी कल्पना महान समाज सुधारकों ने की थी। गाँव-गाँव, शहर-शहर में लोग स्वतःस्फूर्त रूप से घाटों की सफाई में जुट जाते हैं, पूजन सामग्री का प्रबंध करते हैं, और एक-दूसरे की सहायता के लिए तत्पर रहते हैं। यह देखकर लगता है मानो सम्पूर्ण समाज एक बड़े परिवार में बदल गया हो।

सांस्कृतिक संदर्भ में छठ पूजा लोक कला और लोक संगीत का एक जीवंत संग्रहालय है। यह पर्व लोकगीतों, लोककथाओं और लोकशैलियों को संरक्षित करने का एक सशक्त माध्यम है। पारम्परिक वेशभूषा में सजी महिलाएँ जब घाटों पर जाती हैं, तो वह दृश्य केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रदर्शन बन जाता है। बांस के सूप-दौरे, केले के पत्ते, गन्ने के झौंप और नारियल-केले की सजावट–ये सब मिलकर एक ऐसा लोकसौंदर्य रचते हैं जो आधुनिक डिजाइनों को भी चुनौती देता है।

पर्यावरणीय दृष्टि से छठ पूजा आज के युग की सबसे प्रासंगिक आराधना है। यह पर्व प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का स्मरण कराता है। सूर्य की उपासना हमें याद दिलाती है कि नवीकरणीय ऊर्जा के इस स्रोत का सम्मान करना हमारा नैतिक दायित्व है। नदियों और तालाबों की सफाई पर बल देना हमें जल संरक्षण का संदेश देता है। प्राकृतिक संसाधनों के प्रति यह संवेदनशीलता आज के पर्यावरणीय संकट के समय में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

आर्थिक पहलू से भी यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय अर्थव्यवस्था को इससे बल मिलता है–कुम्हार, बढ़ई, किसान, फल विक्रेता, सभी को इस पर्व से रोजगार मिलता है। हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलता है। यह पर्व वास्तव में 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र का जीवंत उदाहरण है।

नारी शक्ति के संदर्भ में छठ पूजा एक क्रांतिकारी पर्व है। यहां नारी के त्याग, तपस्या और संकल्प शक्ति की अद्भुत अभिव्यक्ति होती है। व्रत रखने वाली महिलाएं न केवल अपने परिवार के लिए, बल्कि समस्त समाज की भलाई की कामना करती हैं। उनकी यह साधना हमें सिखाती है कि नारी शक्ति ही वह मूल आधार है जिस पर सम्पूर्ण सृष्टि टिकी हुई है।

अंततः, छठ पूजा भारतीय संस्कृति का वह स्वर्णिम अध्याय है, जो हमें सिखाता है कि सच्ची आध्यात्मिकता का मार्ग प्रकृति प्रेम, आत्मानुशासन और सामाजिक सद्भाव से होकर गुजरता है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि हम प्रकृति के अंग हैं, उसके स्वामी नहीं। जब तक हम इस सत्य को समझते रहेंगे, तब तक हमारा जीवन सार्थक और समृद्ध बना रहेगा। छठ पूजा वह दिव्य साधना है जो मनुष्य को मनुष्य से, मनुष्य को प्रकृति से, और मनुष्य को परमात्मा से जोड़ती है। यह त्रिवेणी संगम ही इस पर्व की सनातन सार्थकता है।

**(लेखक : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय रांची के पूर्व कुलपति, हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

## बिरसानगर विजया गार्डेन में तलाकशुदा महिला पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बिरसानगर थाना क्षेत्र के विजया गार्डेन में एक तलाकशुदा महिला पर उसके पूर्व पति द्वारा जानलेवा हमला किये जाने का एक मामला सामने आया है। शनिवार को घटना के बाद पीड़िता डॉ. पूर्णिमा ने बिरसानगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कारवाई शुरू कर दी। मिली जानकारी के अनुसार, डॉ. पूर्णिमा का तलाक उसके पति विकास से तीन वर्ष पूर्व हो चुका है। उन्होंने बताया 24 अक्टूबर को वह विजया गार्डेन स्थित अपनी जमीन के गड्ढ़े को भरवाने का कार्य करा रही थीं। इसी दौरान विकास वहां पहुंच गया और विवाद करने लगा। विवाद के दौरान उसने डॉ. पूर्णिमा के साथ मारपीट की और उसे जमीन पर पटक दिया, जिससे उनके शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। पीड़िता ने पुलिस को बताया तलाक के बाद भी विकास लगातार उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा है। डॉ. पूर्णिमा ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगायी। पुलिस के अनुसार शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घायल डॉ. पूर्णिमा का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रही है।

## विधायक सरयू राय ने किया छठ घाटों का निरीक्षण, दिये सुधार के निर्देश



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने शनिवार को कदमा एवं सोनारी के विभिन्न छठ घाटों का दौरा किया। छठ घाटों का दौरा कदमा के शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर 3 से प्रारंभ किया गया। श्री राय ने रामजनमनगर, सतीघाट होते हुए सोनारी के दोमुहानी मूर्ति विसर्जन घाट, एलएण्डटी घाट सहित अन्य छठ घाटों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विधायक सरयू राय ने इन सभी घाटों पर महापर्व छठ के मद्देनजर की गयी तैयारियों का जायजा लिया और इसमें जो भी कमी नजर आयी उसमें सुधार करने के लिए जमशेदपुर अक्षेस के उप नगर आयुक्त को निर्देश दिया। सरयू राय ने कहा कि महापर्व छठ में श्रद्धालुओं को कोई भी कठिनाई और परेशानी न हो इसका ध्यान रखा जाये। भ्रमण के अवसर पर मुख्य रूप से जमशेदपुर पश्चिम के जनसुविधा प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, सरयू राय के सचिव मुन्ना सिंह, जदयू कदमा मंडल के अध्यक्ष तारक मुखर्जी, सोनारी के विधायक जनसुविधा प्रतिनिधि रवि ठाकुर, वरिष्ठ नेता राकेश सिंह, मनोज सिंह, सुरंजन राय, शेषनाथ पाठक, प्रदीप सिंह, विनोद सिंह, सुप्रियो घोष, संदीप पांडेय, लक्ष्मीनारायण तिवारी, विश्वजीत सिंह राठौड़, अशोक सिंह, महेंद्र यादव, काजल चौधरी, बिनोद सिंह नरेश बागती, सुप्रीयो घोष, अतुल सिंह, लालू रजक, अजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी रोकने के लिए बना बाइक दस्ता

**डीएसपी स्तर के अधिकारी भी रहेंगे शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** छठ महापर्व के दौरान घरों में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जमशेदपुर पुलिस ने विशेष तैयारी की। शनिवार को सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने साकची सीसीआर से बाइक दस्ता को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। सिटी एसपी ने बताया छठ पर्व के दौरान अधिकांश लोग पूजा में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में चोर गिरोह सक्रिय हो जाते। इस पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से शहर में बाइक दस्ते को तैनात किया गया। यह व्यवस्था बीते वर्ष भी प्रभावी साबित हुई थी। रेसीडेंसियल सोसायटी और धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी।सिटी एसपी ने बताया बाइक दस्ता शहर की विभिन्न रेसीडेंसियल सोसायटियों में जाकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेगी और सुरक्षा गार्डों को आवश्यक दिशा-निर्देश देगी। साथ ही मंदिरों और मस्जिदों के आसपास भी सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जायेगी। डीएसपी स्तर के अधिकारी भी रहेंगे शामिल।

उन्होंने बताया इस विशेष दस्ते में डीएसपी स्तर के अधिकारी भी शामिल किये गये हैं। जो बाजारों और छठ घाटों पर लगातार निगरानी रखेंगे ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### 20 सदस्यीय सिविल दस्ता भी सक्रिय

**साथ ही 20 पुलिसकर्मियों का सीविल दस्ता भी बाइक से गश्त करेगी। इनकी जिम्मेदारी अड्डेबाजी या संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करना। संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़कर थाने लाया जाएगा।बाइक दस्ते के अलावा शहर के संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्ती की भी योजना बनाई गई है। सभी पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर रवाना किया गया है।सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने नागरिकों से अपील की वे छठ पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन को सहयोग दें।**

# छठ पर्व की तैयारियों को लेकर एसपी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**सरायकेला।** आगामी छठ पर्व को लेकर सरायकेला जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। जिले के एसपी मुकेश लुनायत ने सरायकेला के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उनके साथ एसडीओ निवेदिता नियति और नगर पंचायत के नगर प्रशासक समीर बोदरा मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान एसपी ने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था, और विधि-व्यवस्था नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा घाटों पर भीड़ के समय पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जायेगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे। मौके पर अधिकारियों ने घाटों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात नियंत्रण की तैयारियों की भी समीक्षा की। गौरतलब है पूर्व में डीसी नितिश कुमार सिंह और एसपी मुकेश लुनायत ने आदित्यपुर और आरआइटी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये थे। प्रशासन ने आश्वासन दिया छठ पर्व को शांतिपूर्ण और श्रद्धामय वातावरण में संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं।

## निर्वाचन पदाधिकारी पर मनमानी का आरोप



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की पूर्व अध्यक्ष रानी गुप्ता ने निर्वाचन पदाधिकारी सुदामा प्रसाद पर निर्वाचन प्रक्रिया को गलत तरीके से संचालित करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में जिले के डीसी, निबंधक, सहयोग समितियों को लिखित शिकायत दी। रानी गुप्ता का आरोप है समिति के चुनाव की जानकारी उन्हें और अन्य सदस्यों को नहीं दी गयी। निर्वाचन कार्यक्रम की प्रति समिति मुख्यालय में चस्पा भी नहीं दी गयी। इससे स्पष्ट होता है यह झारखंड सहकारी समिति नियमावली 1959 की धारा 21 का उल्लंघन है। रानी गुप्ता का कहना है निर्वाचन पदाधिकारी सुदामा प्रसाद ने रीना सेनापति को लाभ पहुँचाने के लिए जानबूझकर सूचना पत्र को हटाया है। रानी गुप्ता के अनुसार, जब वे 16 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने पहुंचीं, तो निर्वाचन पदाधिकारी स्थल पर मौजूद नहीं थे। उनको नामांकन प्रत्र देने से भी इंकार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया निर्वाचन पदाधिकारी ने रीना सेनापति के नामांकन पर दी गयी आपत्ति की पावती नहीं दी और नामांकन सूची का प्रकाशन भी नहीं किया। रानी गुप्ता का कहना है पूरे कार्यक्रम के दौरान रीना सेनापति निर्वाचन पदाधिकारी के साथ मौजूद थीं। जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठता है। पूर्व अध्यक्ष रानी गुप्ता ने मांग की है निर्वाचन प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगायी जाये और निर्वाचन पदाधिकारी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाये। ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताएं दोबारा न हों सके।

## निर्मल नगर में कचरे के ढेर में लगी आग, बड़ा हादसा टला



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आदित्यपुर थाना क्षेत्र के निर्मल नगर में कचरे के ढेर में अचानक आग लग गयी। आग की लपटें इतनी तेज थीं आसपास की झाड़ियां और फाइबर के केबल का ढेर भी इसकी चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ असामाजिक तत्वों ने कचरे में आग लगा दी थी, जिससे यह तेजी से फैल गयी। अगर समय रहते दमकल मौके पर नहीं पहुंचती तो आग पास के घरों तक फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था। अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी ने बताया ठंड के मौसम के कारण आग ज्यादा नहीं फैल पायी। उन्होंने चेतावनी दी गर्मी के मौसम में इस तरह की लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन दल की तत्परता की सराहना की और कहा कि विभाग की त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी दुर्घटना टल गयी।

## रंका बीडीओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण



**रंका (आजाद सिपाही)।** बीडीओ शुभम बेला तोपनों ने शनिवार को विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और पूजा से जुड़ी पूजा समितियों को छठ घाट पर आवश्यक सुरक्षा से संबंधित उपाय करने का निर्देश दिया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि इस वर्ष नदियों एवं तालाबों में गहराई का स्तर ज्यादा बढ़ी है। ऐसे में समस्त छठ पूजा समितियों की जिम्मेदारी काफी ज्यादा ही बढ़ गई है। इसलिए छठ पूजा समिति से जुड़े लोग यह विशेष रूप से ध्यान देने का काम करेंगे कि बच्चे गहरे पानी के नजदीक नहीं जाएं। गहरे पानी के पास सांकेतिक रूप से वेरीकेड किया जाए। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से समय-समय पर लोगों को इस बात पर ध्यान भी आकृष्ट कराया जाए। हालांकि समस्त छठ पूजा घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। ज्ञात हो कि रंका प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न घाटों पर छठ पूजा को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न छठ घाटों जैसे बाजार नदी पुल छठ घाट, बड़ा तालाब छठ घाट, गिदियाही नदी छठ घाट एवं नक्षत्र वन छठ घाट सहित विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न छठ घाटों पर तैयारी को अंतिम रूप देने में पूजा समिति के लोग निरंतर लगे हुए हैं। इस मौके पर पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक कीर्ति गुप्ता, रंकाकला के पंचायत सहायक अमरेंद्र कुमार, छठ पूजा समिति के संरक्षक अमर कुमार सिंह, सदस्य मुकेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

## मेराल थाना प्रभारी ने किया छठ घाटों का निरीक्षण



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी विष्णु कांत ने छठ पूजा से पूर्व मुख्यालय के सभी छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूजा समिति के लोगों से साफ-सफाई, लाइट साउंड सहित अन्य विधि व्यवस्था की जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिया आवश्य निर्देश दिए। मेराल के सबसे पुराना बर नदी शिव मंदिर छठ घाट के निरीक्षण के अवसर पर उपस्थित प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम संचालन समिति के मुख्य संरक्षक संजय भगत, मुखिया रामसागर महतो, विनोद प्रसाद, सतीश प्रसाद आदि को समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता ने रविवार की सुबह 8 बजे से डंडई रोड स्थित अपने आवास पर इस वर्ष भी स्टॉल लगाकर छठ व्रतियों के बीच अन्न, फल आदि का वितरण समारोह में समय पर पहुंचने का निमंत्रण दिया। थाना प्रभारी ने सबसे पहले मुड़ल टोला यूरिया नदी छठ घाट पर मुखिया रामसागर महतो के साथ पहुंचे जहां नवयुवक फ्रेंड्स क्लब द्वारा बनाए गए पीपा पुल एवं संस्कृतिक कार्यक्रम की जानकारी ली। इसी तरह नेनुआ मोड सरस्वती नदी छठ घाट पर सनराइज फैंस क्लब द्वारा किये जा रहे 19वें भव्य आयोजन की जानकारी ली। इसके बाद मकूना तालाब छठ घाट, स्टेशन रोड में छःआना टोला शिव मंदिर छठ घाट के पश्चात प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के समीप प्राचीन शिव मंदिर शिवाला छठ घाट पर पूजा समिति की ओर से किये जा रहे द्वितीय भव्य और आकर्षक सजावट भगवान सूर्य की स्थापित की जाने वाली प्रतिमा और अन्य जानकारी लेने के बाद कई निर्देश दिया। इस मौके पर धनंजय चौधरी, विनोद चौधरी, सुदर्शन चौधरी, कमलेश कुमार, विजय प्रसाद, विनोद कुशवाहा, उदय कुशवाहा, सूर्य प्रकाश, अभय कुमार, प्रमोद महाजन, मनोज जायसवाल और जहूर रंगसाज आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रभारी ने किया धुरकी के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण



**सगमा/धुरकी/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर धुरकी क्षेत्र में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में शनिवार को धुरकी थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने धुरकी सहित सगमा प्रखंड के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया और स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उनकी अगुवाई में पुलिस बल एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घाटों पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। थाना प्रभारी ने घाटों पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय पर पूरी कर ली जाए। जनार्दन राउत ने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, पवित्रता और अनुशासन का पर्व है। इस दौरान स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे प्रशासन के सहयोग से घाटों की साफ-सफाई और अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव के लिए पुलिस बल की विशेष तैनाती की जाएगी। यह भी कहा कि सभी छठ घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और निगरानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि श्रद्धालु निर्बाध रूप से सूर्य उपासना कर सकें।

## मारुति नंदन सोनी ने घर-घर बांटी छठ पूजा सामग्री



**मझिआंव/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गयी। इस अवसर पर युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी के नेतृत्व में नगर क्षेत्र के सभी वार्डों में गर-घर जाकर छठ पूजा सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान दिये जाने वाले किट में नारियल, धूप-अगरबत्ती, पचमेवा, और अन्य पूजन सामग्रियां शामिल हैं। इस अभियान की शुरूआत राधा कृष्ण मंदिर में की गई, जहां मंदिर के महंत केशव नारायण दास जी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर इस धार्मिक कार्य का शुभारंभ किया। महंत जी ने कहा कि मारुति नंदन सोनी जैसे युवाओं के इस पुनीत प्रयास से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। छठ महापर्व केवल पूजा नहीं, बल्कि लोक संस्कृति और एकता का प्रतीक है।

## श्रीराम सेना ने जेसीबी मशीन से करायी नदी की साफ-सफाई

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर अवधूत भगवान सर्वेश्वरी आश्रम स्थित छठ घाट की साफ-सफाई लगभग पूरी कर ली गई है। शनिवार से ही घाटों की रौनक बढ़ गई है। स्थानीय युवाओं द्वारा उक्त घाट पर सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधाओं की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार परेशानी न हो। इस दिन सर्वेश्वरी आश्रम स्थित छठ घाट पर श्रीराम सेना की ओर से जेसीबी मशीन से नदी की साफ-सफाई की गई। साथ ही भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क को भी ट्रैक्टर से मिट्टी गिरकर जेसीबी मशीन से समतल करते हुए व्रतियों के आवागमन के लिए सड़क को पूरी तरह से दुरुस्त कर दिया है। छठ घाट पर रंग रोगन के साथ ही सजावट और लाईटिंग का कार्य जारी है। इस कार्य में श्रीराम सेना के गौरव सिंह, अमृत सिंह, अर्पित, सौरभ, अंकित, आश्रम के सदस्य सुनील सिंह, बुचुल राम, प्रमोद बैठा, अरुण चौधरी आदि शामिल रहे।

### पूर्व मंत्री ने किया विभिन्न छठ घाटों का भ्रमण, दिया जरूरी निर्देश

# पूरे झारखंड-बिहार में प्रसिद्ध है गढ़वा का छठ : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



छठ घाट का भ्रमण करते पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शनिवार को गढ़वा जिला मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टूडेंट क्लब, फ्रेंडस क्लब, छठ सेवा समिति सहिजना आदि छठ घाटों का भ्रमण करने के बाद क्लबों के पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की चर्चा की। साथ ही सभी को सहयोग किया। पूर्व मंत्री ने कहा कि चार दिवसीय छठ महापर्व शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरूआत हो गई। गढ़वा के सभी क्लबों के पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य लोग भी तन, मन, धन से छठ महापर्व के वृहत आयोजन में काफी सहयोग करते हैं। यहां 15 दिन पहले से ही तैयारी शुरू कर दी जाती है। लोग दिन-रात लग कर काफी भव्य आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा का छठ सिर्फ पूरे बिहार-झारखंड में भव्य एवं बेहतर आयोजन के लिए काफी प्रसिद्ध है। दूसरे राज्यों से लोग गढ़वा में छठ का आयोजन देखने आते हैं। क्लबों के लोग छठ व्रतियों को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो, इसके लिए वे पूरा प्रयास करते हैं। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि छठ मईया एवं भगवान भाष्कर की कृपा हम सब पर बनी रहे। हमारे राज्य एवं पूरे देश में अमन, चैन एवं शांति कायम हो। पूरा देश खुशहाल हो एवं आगे बढ़े। इस मौके पर समाजसेवी राकेश पाल, बिनोद जायसवाल, जितेंद्र सिन्हा, सुनील केषरी, जगजीवन बघेल, चंदन जायसवाल, आशीष अग्रवाल, कंचन साहु, ओम प्रकाश गुप्ता, मनीष जायसवाल, दिलीप गुप्ता और दयाशंकर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आदिम जनजाति परिवारों से मिलकर सुरेंद्र विश्वकर्मा दी राहत सामग्री, पुनर्वास का दिया आश्वासन



**गढ़वा/मेराल (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था के महापर्व छठ के 'नहाय-खाय' के अवसर पर, सुरेंद्र विश्वकर्मा ने गढ़वा जिले के मेराल प्रखंड की तीसरटेटुका पंचायत अंतर्गत ग्राम कोलोदोहर में निवास कर रहे आदिम जनजाति के विस्थापित परिवारों से मुलाकात की। विदित हो कि ग्राम बहेरवा दामर में रहने वाला यह परिवार जंगली हाथियों के उत्पात से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। हाथियों ने इनके कई घरों को नष्ट कर दिया है। यही नहीं एक सदस्य को कुचलकर उसकी जान भी ले ली, जिसके बाद उक्त परिवार जीवनयापन के लिए अपने पैतृक स्थान को छोड़कर वर्तमान में ग्राम कोलोदोहर में झोपड़ी बनाकर रहने को मजबूर हैं। अखबारों के माध्यम से जानकारी मिलने के बाद सुरेंद्र विश्वकर्मा ने तत्काल इन परिवारों के बीच पहुंचकर उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान की। इस दौरान सभी प्रभावित परिवारों के लिए चावल, दाल, आलू, तेल, नमक, मसाला आदि आवश्यक खाद्य सामग्रियों के पैकेट वितरित किए। इस कार्य में उनके पुत्र संभव विश्वकर्मा ने भी सहयोग किया। लगे हाथ उन्होंने घोषणा की कि इन परिवारों के जो भी बच्चे उनके शिक्षण संस्थान में पढ़ना चाहेंगे, उन्हें पूर्णतः निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी। उन्होंने विस्थापित परिवारों को आश्वस्त किया कि उन्हें सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके, इसके लिए व्यक्तिगत रूप से जिला प्रशासन से स्थाई पुनर्वास और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग करेंगे। इस मौके पर मुखिया विष्णु यादव, अविनाश पासवान, रंजीत चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार बाइक ने ली राहगीर की जान



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के छपरवार खूर्द गांव में शुक्रवार की देर शाम बाइक चालक ने एक राहगीर को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान बेलचंपा गांव निवासी दीपक कुमार भुइयां (35) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों-परिजनों की मदद से उसे आनन फानन में गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। उसका शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने गढ़वा-मझिआंव मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची मेराल पुलिस ने बाइक चालक पर प्राथमिकी दर्ज करने और मुआवजा दिलाने आदि आश्वासन के बाद लोगों को समझा बुझाकर यातायात बहाल कराया। इसके बाद शव को अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर बनाई तीन किलोमीटर सड़क

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रक्सी गांव के पंचफेडी टोला में लगभग 50 घर है। जहां आजादी से ले कर अब तक सड़क नसीब नहीं हुआ। ग्रामीणों ने तंग आकर चंदा जुटाया और श्रमदान कर खुद से ही तीन किलोमीटर लंबी सड़क बना दी। ग्रामीणों ने बताया कि मरीजों को चारपाई पर ले जाना पड़ता था। युवाओं का कहना है कि अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से सड़क की उम्मीद करना व्यर्थ है। जनप्रतिनिधि भी सिर्फ वोट लेने के लिए गांव आते हैं लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद वापस नहीं आते हैं। किसी की तबीयत खराब होने पर डोली टोला तक मरीज को लाना पडता है। इसके बाद ही वाहन मिलती है। थकहार कर लोगों ने खुद से ही सड़क की मरम्मति कर अपने लिए रास्ता बना लिया।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ

## व्रतियों ने शुद्धता के साथ किया आरंभ, खरना आज



आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** भगवान सूर्य की उपासना का चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से प्रारंभ हुआ। व्रती महिलाओं ने दिनभर पूर्ण शुद्धता के साथ व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और सायंकाल लौकी, चावल, चने की दाल, घी, सेंधा नमक व रोटी का सेवन कर व्रत का शुभारंभ किया। रविवार को व्रती खरना का व्रत करेंगी। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जल उपवास प्रारंभ होगा। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का मुख्य आयोजन होगा। इस दौरान नदियों, सरोवरों और तालाबों के घाटों पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ेगा। मंगलवार की सुबह उदयाचल सूर्य को अर्घ्य देने के बाद व्रत का समापन होगा। इसे लेकर क्षेत्र की व्रती परिवारों में उत्साह का माहौल है। घरों की विधिवत सफाई के साथ छठ पूजन की तैयारियां जोरों पर हैं। महिलाएं ठेकुआ, मीठी पूड़ी एवं अन्य पारंपरिक प्रसाद बना रही हैं।

## आरके पब्लिक स्कूल में महापर्व 'छठ' पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व 'छठ पूजा ' के अवसर पर आरके पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने श्रद्धा एवं भक्ति से भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि लोक आस्था का महापर्व छठ चार दिनों तक चलने वाला अनुष्ठान है, जिसमें विशेष नियमों का पालन किया जाता है। आजकल युवा -किशोर रियल लाइफ से दूर होकर रील्स बनाने में रुचि रखते हैं जिससे वे अपनी संस्कृति और संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं। इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में सांस्कृतिक विकास होता है और उनकी जड़ें अपनी परंपराओं से जुड़ी रहती है। छठ पूजा प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और सूर्य देव की उपासना का प्रतीक है। कहा कि यह पर्व जीवन में सकारात्मकता और शांति का संचार करता है। यह पर्व स्वच्छता, सादगी और प्रकृति के साथ जुड़ाव का प्रतीक है जिसका महत्व नई पीढ़ी को समझाना आवश्यक है। वहीं, स्कूल के बच्चों द्वारा छठ पर्व के पारंपरिक गीतों पर जीवंत झांकी ने लोगों को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। प्राचार्य संतोष पाण्डेय ने बताया कि छठ पूजा प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने और सूर्य देव की उपासना का प्रतीक है।

## दो बाइक की टक्कर में दो घायल, एक गंभीर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर-केतार मुख्य मार्ग के सिंघीताली मोड़ के समीप शनिवार को दो बाईकों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दो दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में केतार थाना क्षेत्र के बीजडीह गांव निवासी बबन चंद्रवंशी और कैलान गांव निवासी धीरेंद्र यादव शामिल है। जानकारी के अनुसार बबन केतार से बाइक पर सवार होकर भवनाथपुर जा रहे थे, जबकि धीरेन्द्र यादव भवनाथपुर से बाईक से केतार जा रहे थे, तभी सिंघीताली मोड़ के पास जोरदार टक्कर हो गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां बबन की हालत गंभीर देख सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# स्थानांतरण के बाद भी योगदान नहीं बीआरसी विशुनपुरा का कामकाज ठप

## मनचाही पोस्टिंग के लिए ऑफिस के चक्कर लगा रहे रवि शंकर कुमार

- जिला कार्यकारिणी समिति के आदेशों के बावजूद एक माह से लंबित योगदान

राजू सिंह



**विशुनपुरा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में शिक्षा विभाग ने तीन वर्षों से अधिक एक ही स्थान पर पदस्थापित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों और प्रबंधकों का स्थानांतरण किया था। इसके तहत कई पदाधिकारियों को नये प्रखंड संसाधन केंद्रों में पदस्थापित किया गया, ताकि कार्य में पारदर्शिता और गति लाई जा सके। विगत 27 सितंबर 2025 को आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के बाद गढ़वा जिला शिक्षा कार्यालय से आदेश निर्गत किया गया। जिसमें स्पष्ट उल्लेख था कि स्थानांतरित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी/प्रबंधक अपने नए पदस्थापित प्रखंड संसाधन केंद्र में पत्र निर्गत होने के सात दिनों के अंदर योगदान दें और इसकी सूचना अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराएं। लेकिन आदेश जारी हुए लगभग एक महीना बीत चुका है, फिर भी विशुनपुरा प्रखंड संसाधन केंद्र पर स्थानांतरित रवि शंकर कुमार ने अब तक अपना योगदान नहीं दिया है। जानकारी के अनुसार, प्रखंड संसाधन केंद्र विशुनपुरा में कार्यरत सुदीप श्रीवास्तव का स्थानांतरण केतार प्रखंड में किया गया था, जहां उन्होंने समय पर योगदान दे दिया है। उनके स्थान पर भंडारिया प्रखंड से रवि शंकर कुमार को विशुनपुरा भेजा गया था, लेकिन उन्होंने अब तक पदभार नहीं संभाला है। वहीं, रविशंकर कुमार के स्थान पर गढ़वा से एडमुन कछप ने भंडारिया प्रखंड में योगदान दे दिया है, जबकि रविशंकर कुमार कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं, ताकि अपनी मनचाही जगह पर ज्वाइनिंग पा सकें। इस रवैये से प्रखंड संसाधन केंद्र विशुनपुरा का कार्य पूरी तरह ठप हो गया है। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया की उनके कार्यकाल का भुगतनान भुगतान लंबित के कारन अपना योगदान विशुनपुरा में नहीं दिये हैं। रवि शंकर कुमार बहुत जल्द विशुनपुरा में अपना योगदान देंगे। वहीं, स्थानीय शिक्षकों ने कहा कि यदि अधिकारी स्थानांतरण आदेश का पालन नहीं करेंगे तो शिक्षा व्यवस्था प्रभावित होगी। विभाग को ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए।


**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं. 36 / 2025–26**

**Urban Transport**

| Sl. no. | Name of Scheme | Estimated Cost | Earnest Money | Tender Fee | Completion of period of work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Laying of Paver Block from Munna Singh chowk to H/o Ram Kishun Saw in ward no. 19 under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,10,000/- | 19,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 2 | Construction of new P.C.C. road from H/O Devendar Kr. Singh to H/O Rajesh Soni in Jai Mata Di gali at Baba path & repair of PCC road near retired ADJ in Subhas Nagar in ward no 34 (Thirty Four) Under Municipal Corporation Hazaribag. | 9,33,700/- | 19,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 3 | Construction of Paver Block Road from The House of Manish Pathak to The House of Rajesh Kasera in ward no. 25 under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,98,900 | 20,000/- | 5,900/- | 90 Days |
| 4 | Laying of Paver Block from Dushad Mohalla to H/o Raju Kumar to H/o Mahendra Ram in ward no. 32 under Municipal Corporation, Hazaribag | 9,98,000/- | 20,000/- | 5,900/- | 90 Days |

1. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 12.11.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
2. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 2.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा खोलने का स्थान : नगर निगम कार्यालय, हजारीबाग
   तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2025 को 3.00 बजे अपराह्न
4. विज्ञापन दाता का पदनाम : नगर आयुक्त सह प्रशासक, नगर निगम, हजारीबाग।

नोट :–निविदा से संबंधित शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालय अवधि में नगर निगम कार्यालय में देखा जा सकता है।

नगर आयुक्त सह प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 364754 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 1025 दिनांक– 25.10.2025

1. विज्ञापनदाता का नाम एंव पता : कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : 30.10.2025 से 31.10.2025 को 12.00 बजे दिन से 4.00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय : 03.11.2025 के अपराह्न 3:00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एंव समय : 03.11.2025 के अपराह्न 3:30 बजे
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थल : (i) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, अभियंत्रण हॉस्टल,प्रथम तल्ला,ध्रुर्वा, रॉंची। (ii) अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, रॉंची। (iii) कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान : क्रमांक 5 में उल्लेखित कार्यालय में क्रमांक 2, 3 एवं 4 में अंकित तिथि एवं समय अनुसार।
7. कार्य की विवरणी –

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मुल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | SH-03 से उलिहातु पथ में Safety Work एवं अन्य कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | 14 नवम्बर 2025 |
| 2. | सरसा (बेड़ो – खूँटी पथ) से दरंदा – लतरातु डेम भाया साई टेम्पल पथ के 2रे कि0मी0 में Retaining Wall निर्माण कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | एक माह पन्द्रह दिन |
| 3. | कामडारा–बेड़ो पथ के 2रें कि0मी0 में अवस्थित पुल में सुरक्षात्मक कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | एक माह पन्द्रह दिन |
| 4. | खूँटी–हितुटोला–मारंगहादा–तैमारा पथ के कि0मी0 26वें पर कल्भर्ट निर्माण कार्य एवं 4थें कि0मी0 में गार्डवाल का निर्माण कार्य। | 25,00,000.00 | 50,000.00 | 5000.00 | एक माह |

1) निविदा की शर्ते सूचना पट पर देखा जा सकता है।
2) प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट – बढ़ सकती है, जो कि परिमाण विपत्र बिक्री के संमय देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूँटी

PR 364748 Road (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 26 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in
08

# भंडरा के कसपुर में हाथी ने मचाया उत्पात, फसलों को रौंदा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** प्रखंड के कसपुर गांव में शनिवार को जंगली हाथी ने जम कर उत्पात मचाया। दर्जनों किसानो के फसल को रौंदा साथ दुकान के शटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। भंडरा पंचायत के कसपुर गांव निवासी सुशील मुंडा के गल्ला दुकान का शटर को क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि शटर नहीं टूटने से सुशील मुंडा के दुकान का सारा सामान बच गया। इसके बाद हाथी ने कसपुर हाटी अलावा कई गांवों में इस हाथी का विचरण करने से कई किसानों के खेतों में लगे धान की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। फिर से क्षेत्र में हाथी के दस्तक से ग्रामीण काफी भयभीत हैं। रतजगा करने को विवश हैं। सूचना मिलने पर शनिवार की सुबह उदरंगी मुखिया परमेश्वर महली द्वारा हाथी द्वारा किये गये क्षति की जानकारी ली। और प्रशासन से हाथी भागने की मांग की। इसके बाद भंडरा पुलिस बल गांव पहुंचे। और ग्रामीणों को हाथी से दूर रहने और शतर्क रहने की हिदायत दी। बताया जाता है की कैरो क्षेत्र मे घूम रहे हाथियों के झुण्ड से एक हाथी बिछड़ कर शुक्रवार की रात प्रखंड के वकील अंबवा, तेतरपोका होते हुई नवडीहा, कसपुर, बिछियाटोली, नवाटोली के रास्ते लराइ टंगरा के निकट झाड़ियों मे काफी देर डेरा जमाये हुए था। ग्रामीण बच्चे और युवा द्वारा हाथी को पत्थर मारने के बाद हाथी गुस्से में झाड़ियों से निकल कर हिरन कट्टा डेम की ओर चला गया। पुलिस बल हाथी पर निगरानी बनाये हुए है।

# छेंचा विद्यालय में चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय छेंचा में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्भेदन कर लिया है। इस संबंध में बरवाडीह थाना कांड संख्या 67/2025, दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 305(इ) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था।

थाना प्रभारी अनूप कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी में संलिप्त चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर चोरी किये गये दो एचपी कंपनी के गैस सिलेंडर और एक मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 03 एएल 0878) बरामद की गयी है।

इस मामले में अक्षय कुमार, उम्र लगभग 24 वर्ष, ग्राम गढ़वाटांड़, थाना बरवाडीह, रोहित कुमार, उम्र 20 वर्ष, ग्राम एवं थाना बरवाडीह, ओम कुमार दुबे, उम्र 20 वर्ष, ग्राम एवं थाना बरवाडीह, मनीष कुमार उर्फ गोलू, उम्र 24 वर्ष, ग्राम पहाड़तली, थाना बरवाडीह को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी अनूप कुमार ने कहा कि चोरी की घटना के बाद पुलिस टीम लगातार सक्रिय थी और तकनीकी व गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता हासिल की गयी। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश जारी है।

उन्होंने आम जनता से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज में शांति और सुरक्षा का वातावरण बनाया रखा जा सके।

# जागीर में घर से दो लाख नगद समेत सामान की चोरी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार थाना क्षेत्र में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। अज्ञात चोरों का गिरोह प्रतिदिन थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। परंतु किसी भी घटना का उद्वेदन नहीं होने के कारण स्थानीय और ग्रामीणों में आक्रोश है। शुक्रवार की रात भी बरियातू जागीर गांव में रजपतिया देवी पति विष्णुदेव सिंह के घर लगभग 2 लाख की चोरी हुई। पीड़ित रजपतिया देवी पति विष्णुदेव सिंह ने बताया कि घर में रखे नथुनी, पायल, कान की बली, पंजा, टूटा लॉकेट, 10 हजार रुपये और अन्य जेवर, मोबाइल आदि अज्ञात चोर ले गये। खबर लिखे जाने तक पीड़ित द्वारा थाने में आवेदन नहीं दिया गया था। हालांकि पुलिस ने चोरी स्थल पर पहुंचकर पूरे मामले की छानबीन की है।

# आइक्यूएसी के सदस्य मनोनीत हुए अधिवक्ता विवेक कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** पुलिस अधीक्षक लोहरदगा के विधि सलाहकार -सह- अधिवक्ता विवेक कुमार को इकफाई यूनिवर्सिटी की देहरादून इकाई ने इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल कमिटी (आइक्यूएसी) का सदस्य मनोनीत किया है। इकफाई यूनिवर्सिटी के इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के निदेशक प्रो (डा) अरूण कुमार सिंह के द्वारा अधिवक्ता विवेक कुमार का मनोनयन दो वर्षों के लिए उक्त कमिटी के सदस्य के रूप में किया गया है। इस उपलब्धि पर लोहरदगा के पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने अधिवक्ता विवेक कुमार को बधाई दी और कहा कि विवेक काफी प्रतिभाशाली हैं, हमारे कार्यालय के विधिक कार्यो को लगन और कुशलतापूर्वक पूरी करते हैं। मैं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि समिति के सदस्य के रूप मे अपनी भूमिका बखूबी निभायेंगे। अधिवक्ता विवेक कुमार को गुमला जिले के एसपी हारिस बिन जमां ने भी अपनी शुभकामना दी। साथ ही एसडीपीओ वेदांत शंकर, पुलिस उपाधीक्षक (मु.) समीर तिर्की, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, सुधीर प्रसाद साहु, संदीप रंजन रत्नों मोहन ठाकुर, चन्द्रशेखर आजाद सहित जिले के पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारियों ने बधाई दी।

# कुप्रथाओं के खिलाफ मीडिया चलाये मुहिम : डीसी

मीडिया के माध्यम से प्राप्त समस्याओं पर जिला प्रशासन लेती है संज्ञान

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में शनिवार को मासिक 'मीडिया संवाद' कार्यक्रम का आयोजन समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि मीडिया का आम जनमानस पर बहुत प्रभाव पड़ता है। मीडिया इस प्रभाव का इस्तेमाल समाज मे सकारात्मक बदलाव के लिए बखूबी कर सकती है। जिला में डायन प्रथा, बाल विवाह जैसी कुरीतियां अभी भी व्याप्त हैं। युवा नशा की गिरफ्त में है। यातायात नियमों की अनदेखी कर वाहन का परिचालन किया जा रहा है। अभी हाल में सड़क दुर्घटनाओं के मामले को देखते हुए प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को शहर में दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक का निर्देश दिया गया है। इन सब के विरुद्ध एक अभियान मीडिया के माध्यम से चलाया जाये तो लोगों में सकारात्मक बदलाव आने की पूरी संभावना है। इसी प्रकार जब मीडिया के माध्यम से समस्याएं हम तक पहुंचती हैं तो त्वरित संज्ञान लिया जाता है। साप्ताहिक कार्यक्रम पंचाइत कर गोइठ में भी मुखियागन द्वारा जिला प्रशासन को समस्याओं से अवगत कराया जाता है जिनका निराकरण नियमित रूप से किया जा रहा है। सदर अस्पताल में जांच केंद्र चौबीसों घंटे सुचारू रूप से संचालित है। अस्पतालों में मानव बल व अन्य तकनीकी सुविधाएं बढ़ाने के लिए आयुष्मान कार्ड के तहत आय सृजन का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल में दलालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिला में छुटे हुए राशन कार्डधारियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जा रहा है और सौ फीसदी आच्छादन का लक्ष्य रखा गया है।

## लोगों को जागरूक करने की जरूरत

उपायुक्त ने कहा कि राशन कार्ड धारियों को वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत देश मे कहीं भी महीने का राशन उठाव की सुविधा दी गयी है। आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत कोई भी आच्छादित परिवार अपने परिवार के सदस्यों का 15 लाख रुपये तक का निःशुल्क ईलाज करा सकता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना और कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना का लाभ दिया जाता है।

# घरेलू विवाद में महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के सलगी कॉलोनी में शनिवार को एक दर्दनाक घटना घटी। बताया जाता है कि मामूली घरेलू विवाद के बाद कारू बैठा की लगभग 30 वर्षीय पत्नी ममता देवी ने अपने घर के समीप स्थित कुएं में छलांग लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार, किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गयी थी। विवाद के कुछ ही देर बाद ममता देवी घर से बाहर निकलीं और पास के भरे कुएं में कूद गयी। पति ने उसे रोकने की भरसक कोशिश की, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों और परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद महिला को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतका अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गयी है, जिनमें एक दूधमुंहा शिशु भी शामिल है।

# कैरो में खरता पुल क्षतिग्रस्त होने से आवागमन ठप, ग्रामीणों में आक्रोश



ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**कैरो/ लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत कैरो थाना क्षेत्र के खरता पुल के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। पुल के टूट जाने से क्षेत्र का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि यह पुल कैरो प्रखंड को कई गांवों से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसके क्षतिग्रस्त होने से स्कूली बच्चे, मरीज, किसान और व्यापारी सभी प्रभावित हैं। वाहन तो दूर, अब पैदल पार करना भी जोखिम भरा हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए शनिवार को ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द खर्ता पुल के पुनर्निर्माण की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गयी तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से शनिवार दोपहर 1:30 बजे कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि अबैध बालू उठाव के कारण ही पुल क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसमे स्थानीय प्रसासन के मिली भगत रहने की दिया जानकारी।

# व्रतियों ने सात्विक भोजन किया ग्रहण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व सूर्य आराधना का चार दिवसीय छठ महापर्व नहाय खाय के साथ शनिवार से प्रारम्भ हो गया। कार्तिक मास में छठ महापर्व का विशेष महत्व है। जिसे लोग शुद्ध आचरण और आस्था के साथ पूर्ण भक्ति भाव से भगवान भुवन भास्कर सूर्य का उपासना करते है। वही छठ महापर्व को लेकर पूरा क्षेत्र भक्तिमय लग रहा है। जगह-जगह ध्वनि यंत्र के माध्यम से छठ गीतो की धुन बज रही है। जिससे वातावरण पूरी तरह भक्ति मय हो गया है। छठ महापर्व के व्रती सीठीयो कोयल नदी, बांकी नदी सेन्हा, बदला तलाब, झखरा तलाब सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी तलाब स्थित छठ घाट के तट में स्नान कर नहाय खाय के साथ छठ पूजा का शुभारंभ करने के पश्चात लोकआस्था का महापर्व छठ की तैयारी में लग गये हैं। छठ को लोक आस्था का सबसे बड़ा महापर्व माना जाता है। इस महापर्व में स्वच्छता के साथ-साथ शुद्धता का भी विशेष महत्व रहता है। छठ पर्व को करने वाले छठवर्ती इस व्रत को कर कर अपने आप को अभिभूत मानते हैं। छठ महापर्व का प्रसाद पाकर अन्य लोग भी धन्य हो जाते हैं। जिसे खरना के उपरांत छठ महापर्व का प्रसाद पाने के लिये लोगों के मन में श्रद्धा व उत्साह रहती है। जिस कारण खरना और अर्घ्य का प्रसाद लोग घर जा कर प्राप्त करते हैं। वही रविवार को खरना और सोमवार को शाम अर्घ्य तथा मंगलवार को प्रात: अर्घ्य के साथ चार दिनी छठ महापर्व संपन्न हो जायेगा।

# बीडीओ ने छठ घाट का किया निरीक्षण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू द्वारा निरीक्षण किया गया। वही निरीक्षण करने के उपरांत बीडीओ ने संबंधित पंचायत के पंचायत सचिवों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि स्थानीय पूजा समिति के सदस्य और पदाधिकारियों के साथ समन्वय बना कर छठ घाट तक व्रतियों का आने जाने के लिये रास्ता का साफ सफाई और लाइट का पूर्ण व्यवस्था करने तथा किसी को भी अर्घ्य के दौरान गहरे जल में नही जाने के लिये समिति के लोगों बताने का निर्देश दिया गया। जिस निमित उन्होंने पंचायत सचिव नागमणि उरांव और सुजीत उरांव से कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सीठीयो स्थित कोयल नदी और अन्य नदी तालाब में भी समुचित व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया गया है। जिसे व्रतियों को पूजन और अर्घ्य अर्पण करने में व्यवधान न हो और छठ व्रती नदी तलाब स्थित घाट में आसानी से पंहुच कर पहुंच कर पूजा अर्चना कर सकते हैं। साथ ही कहा कि भीड़ भी होती है तो सुरक्षा व्यवस्था यातायात और पार्किंग का अच्छी तरह निरीक्षण कर व्यवस्था बनाने के लिये निर्देश दिया गया। सभी जगह के पूजा कमेटी से समन्वय बना कर भक्ति भाव से शांति पूर्व पूजा सम्पन्न कराने के लिये निर्देश दिया गया है। सीठियो कोयल नदी छठ घाट के अलावे अन्य छठ घाटों में भी स्थानीय गोताखोर और ट्यूब और रस्सी व्यवस्था रखने के लिये कहा गया है। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू के अलावे पंचायत सचिव नागमणी उरांव, सुजीत उरांव समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# देवनद और भुषाड़ छठ घाट पर तैयारी पूरी

मुकेश कुमार सिंह



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा के देवनद नदी के छठ घाट पर और भुषाड़ नदी की तैयारी पूरी हो गयी है। लोक आस्था चार दिवसीय महापर्व कद्दू भात खाकर छठ व्रत के द्वारा महापर्व शुरू कर दिया गया है। यह पर्व भगवान भुवन भास्कर का पर्व है। मुख्य रूप से यह पर्व झारखंड बिहार और उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में बृहद रूप से अपने पुत्र और परिवार को समृद्धि की कामना के लिए ज्यादातर माताएं व्रत करती हैं और यह सनातन धर्म का तीनों राज्यों में एक ऐसा महापर्व है जो सीधा भगवान सूर्य को डूबते हुए भगवान सूर्य का आज दिया जाता है। दूसरे दिन भी उगते हुए सूर्य को अरग देकर अपना पर्व संपन्न करते हैं। यह पौराणिक कथा में दर्शाता है कि भगवान सूर्य की बहन छठी माता के रूप में यह पर्व विख्यात है। 36 घंटे का निर्जला व्रत रखकर माताएं यह व्रत करती हैं। स्वच्छता और शुद्धता का पूरा परिचय यह त्यौहार में देखने को मिलता है। साथ ही साथ छठ महापर्व में देवनद के छठ घाट पर विवेकानंद छठ पूजा समिति और देवनद दामोदर छठ पूजा समिति के साथ-साथ युवा भारत कमांडो क्लब जैसे स्वयंसेवी संस्था नदी के घाट पर पूरी व्यवस्था देने का कार्य करते हैं। साथ ही साथ चंदवा स्थित हिंडालको बॉक्साइट टोरी साइडिंग का सहयोग हमेशा मिलता रहता है सहयोग में प्रखंड प्रशासन और पुलिस प्रशासन की भी अहम भूमिका रहती है। इसी प्रकार से भुषाड़ नदी के घाट पर कुजरी कामता छठ पूजा समिति लगातार सहयोग प्रदान कर भुषाड़ नदी के घाट पर लाइट साफ सफाई जैसे कार्य को अंतिम रूप दे दिया है।

# व्रतियों के लिए छठ घाट सज-धज कर तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पवित्र कोयल एवं शंख नदी के संगम स्थल जहां भगवान भोलेनाथ पूरे परिवार के साथ विरजामन हैं वैसे पवित्र स्थल पर छठ पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने को ले सज-धज कर तैयार है। छठ घाट पूजा समिति द्वारा भव्य एवं आकर्षक ढंग से छठ घाट को सजया जा चुका। मैना बगीचा से लेकर पूरे छठ घाट तक आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी है। हरमु छठ घाट में छठवर्तियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था भी की गयी है। इस वर्ष संगम छठ घाट में 5000 से अधिक श्रद्धालुओ के पहुंचने की संभावना है। कोयल नदी के दोनों किनारे पर सुंदर घाट का निर्माण कराया जा चुका है। नदी के दूसरे तरफ आने -जाने के लिए राम - सेतु पुल का निर्माण भी कराया गया है। बांस का यह पुल सुविधा के साथ-साथ आकर्षण का केंद्र भी रहेगा। इसे बनाने में समिति के लोग काफी मेहनत किये है। जिसमे युवाओं का पूरा योगदान रहा है जो दिन रात मेहनत करके इसे पूरा कर पाये हैं। छठ घाट में विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन का सहयोग मिल रहा है। छठ पूजा समिति संगम घाट हरमू ने अपील की है कि सभी श्रद्धालु शांति पूर्वक पूजा करें एवं पूजा में किसी तरह की असुविधा हो तो तुरंत समिति को सूचित करें। जिनको पूजा सामग्री की आवश्यकता हो तो समिति के मंच पर आकर पूजा सामग्री प्राप्त कर सकते हैं। समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य में आजीवन संरक्षक-राजेंद्र वर्मा, संरक्षक भैया सुरेंद्रनाथ, राकेश ठाकुर, अजीत सिंह, अभिषेक मिश्रा, उदय सिंह, नरेश दसौंधी, दिनेश राम,अरुण प्रजापति, गौतम वर्मा,अवनी वर्मा, राकेश सिन्हा, कमलेश कुमार, सीताराम गुप्ता, सत्यजीत सिंह, गोपाल सिंह, अध्यक्ष आशीष कुमार, सचिव लक्ष्मी नारायण, साहू आदि शामिल हैं।

# नगड़ा में युवक ने लगायी फांसी

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के नदी नगड़ा गांव में नाबालिक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान दशरथु राम के 16 वर्षीय पुत्र पवन उरांव के रूप में की गई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक किशोर पवन उरांव नदी नगड़ा गांव स्थित अपने फूफा के घर में रहकर पढ़ाई करता था। शुक्रवार की रात का भोजन करने के बाद वह सोने चला गया। देर रात घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना पर सदर थाना की पुलिस पहुंचकर मामले की तफ्तीश शुरू किया है।

# छठ की तैयारियां हुई तेज, पूजन सामग्री खरीदने में जुटे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया है। छठ महापर्व में नहाय खाय का खास महत्व होता है। व्रतियों ने शुद्धता पूर्वक स्नान कर सात्विक भोजन कीं। साथ ही ठेकुआ के लिए गेंहू को धोकर उसे सुखाने में जुट गयी हैं। नहाय खाय के दिन विशेष तौर पर लौकी की सब्जी बनती है। इसके पीछे ये मान्यता है कि लौकी काफी पवित्र होता है और लौकी में पर्याप्त मात्रा में जल होता है। इसमें लगभग 96 फीसदी पानी होता है जो व्रती को होने वाले पानी की कमी को दूर करता है।

नहाय खाय के बाद दूसरे दिन खरना के साथ उपवास शुरू होता है। खरना के दिन शाम को व्रती सात्विक आहार जैसे- गुड़ की खीर का सेवन करेंगी। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। तीसरे दिन छठव्रती डूबते सूर्य को अर्घ्य देती हैं और फिर चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस पर्व का समापन होता है। इधर लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर लोहरदगा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में तैयारियां तेज हो गयी हैं। बाजार में सूप-दौरा और पूजन सामग्री की खरीदारी को लेकर श्रद्धालु उमड़ पड़े हैं।

छठ महापर्व को लेकर भक्ति की धारा बहने लगी है। लोग अपने तरीके से छठ पूजा की तैयारियों में जुट गये हैं। छठ मइया और भगवान भास्कर की पूजा अर्चना को लेकर छठव्रती जुट गये हैं। शहर से लेकर गांव-गावं में छठ पूजा की तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इधर छठ पूजा से संबंधित सामग्री की खरीदारी में श्रद्धालु जुट गये हैं। सूप, दौरा, कलशा, चौका, दीया, चावल-गेहूं सहित अन्य सामान की खरीदारी चल रही है। बाजार में पूजन सामग्री और छठ महापर्व के मौके पर उपयोग में आने वाले सामान की बिक्री को लेकर कई दुकानें खुल चुकी हैं। छठ पूजा को लेकर भक्ति गीतों का दौर भी चल रहा है। घरों में छठ के गीत गाये जाने लगे हैं। शहर से लेकर गांव तक छठ मइया के गीत बज रहे हैं।

## लगी है ईख और नारियल की दुकानें

जिले के विभिन्न बाजारों में छठ पर्व की पूजन सामग्रियों में ईख व नारियल के फलों की दुकानें भी लगायी गयी है। हर ओर पूजन सामानों की ही दुकानें लगी है। सड़क किनारे ईख, नारियल, टाभ, कद्धू, सेव, नारंगी सहित अन्य पूजन समानों की दुकानें लगी है। सड़क किनारे लगे फलों और पूजन सामानों की फुटकर दुकानों से जाम बढ़ा है। बाजारों में जगह-जगह सूप व टोकरी की भी दुकानें लगी है। वहीं बर्तन दुकानों पर भी पीतल की सूप की खूब बिक्री हो रही है। बांस की छिट्टा व टोकरी की भी खूब डिमांड है। खरीदारों की भीड़ लगी है। छठ पर्व की खरीदारी से बाजार में व्रतियों की भीड़ है। सड़क किनारे लगे दुकानों से सड़क छोटी पड़ गयी है।

## बरवाडीह में छठ पर लोगों में दिखा उत्साह



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था से जुड़ा महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान शनिवार को नहाए खाए के साथ शुरू हुआ। प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में चार दिवसीय छठ पर्व की तैयारी पूरे जोर जोर से शुरू हो गया। सभी और छठ के गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। छठ अनुष्ठान के पहले दिन छठ व्रतियों ने स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना व नमन करते हुए पूरी आस्था के साथ चना दाल, अरवा चावल, कद्दू की सब्जी भोजन के रूप में ग्रहण कर इस चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान शुरू किया। इसके साथ ही रविवार को उपवास रहकर खरना महापर्व की तैयारी पूरे जोर-शोर के साथ शुरू हो गया। खारना महापर्व में लोग पूरे दिन उपवास रहकर स्नान कर भगवान भास्कर की आराधना करते हुई पूरी पवित्रता एवं शुद्धता के साथ खीर बनाकर खीर भोजन करते हुई खारना पर्व मनायेगी। लोगों के बीच खीर भोजन का प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसकी तैयारी पूरे प्रखंड में जोर शोर से शुरू हो गया है। वही छठ महापर्व मनाने को लेकर आज बाजारों में छठ महापर्व की सामग्री खरीदारी को लेकर काफी रौनक दिखी। बाजारों में छठ महापर्व को लेकर फल, सूप दौरा समेत और सामानों की कई दुकानें सजी हुई है। लोगों में छठ पर्व को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने छठ घाटों का लिया जायजा

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर प्रशासनिक तैयारियां भी तेज कर दी गयी हैं। एसडीपीओ भरत राम प्रखंड विकास पदाधिकारी बीडीओ रेशमा रेखा मिंज, थाना प्रभारी अनूप कुमार और अंचलाधिकारी (सीओ) लवकेश सिंह ने विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश, सुरक्षा और बैरिकेडिंग जैसी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।और कमेटी को कई दिशा निर्देश दिया।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बारियातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के फुलसू ग्राम अंतर्गत पिपरा टोला निवासी स्वर्गीय मनव्वर के 22 वर्षीय पुत्र मोहम्मद जाहिद की रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गयी। वहीं, उनके चचेरे भाई मोहम्मद दिलनवाज (16) का इलाज अब भी जारी है। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। ज्ञात हो कि बीते 20 अक्टूबर को दोनों भाई बालूमाथ से अपने घर फुलसू लौट रहे थे। इसी दौरान बारिखाप स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये थे। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक डॉ अशोक कुमार ने जाहिद की गंभीर स्थिति देखते हुए दोनों को रिम्स रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात मोहम्मद जाहिद ने दम तोड़ दिया। वहीं, दिलनवाज की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

# मधुपुर के मिसरना में डकैती कांड का खुलासा, पांच आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मधुपुर।** मधुपुर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। थाना क्षेत्र के मिसरना गांव में 16 अक्टूबर को 10 एवं 12 की संख्या में अज्ञात अपराधियों द्वारा डकैती की घटना को अंजाम दिया था। घटना में लूट गये रुपये और सामानों की बरामदगी एवं घटना से संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक देवघर सौरभ कुमार के निर्देश पर डीएसपी सत्येंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था जो लगातार छापेमारी कर रही थी। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापेमारी के क्रम में घटना में प्रयुक्त अग्नेयस्त्र वाहन एवं लुटे गये रूपयों की बरामद हुई है तथा पांच अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। घटना को लेकर



मधुपुर पुलिस ने डकैती की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, मधुपुर थाना पुलिस ने विभिन्न थाना अंतर्गत छापेमारी अभियान चलाकर इन अपराधियों को पकड़ा गया है। पूछताछ में उन्होंने मिसरना गांव में घटित डकैती की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटे गये देसी पिस्टल मैगजीन सहित 2पीस, 7.65 एमएम का आठ जिंदा गोली आठ पीस, लोडेड देशी कट्टा एक पीस, घटना में प्रयुक्त उजला रंग का स्कॉर्पियो एक पीस, घटना में लूट गये, 15,00,000 रुपए नगद बरामद किये हैं। एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद ने बताया कि शेष फरार अपराधियों की तलाश जारी है। इस सफलता से पुलिस टीम को मनोबल बढ़ा है और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने का संदेश गया है।

गिरफ्तार अपराधियों में विक्रम कुमार ठाकुर गांडे जिला गिरिडीह, सुल्तान अंसारी थाना जिला देवघर, रहमत अंसारी मधुपुर थाना जिला देवघर, रिजवान अंसारी मार्गो मुंडा थाना जिला देवघर और मोहम्मद सुल्तानपुर उर्फ रोकी थाना बेंगाबाद जिला गिरीडीह से गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी टीम में मार्गो मुंडा थानाप्रभारी तरुण बाखला, सब इंस्पेक्टर शंकर रजक मधुपुर सब इंस्पेक्टर शौकत खान सब इंस्पेक्टर संदीप कुमार भगत करो थाना, सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार यादव, पथरोल थाना शशि कपूर मागोमुंडा थाना, शकील अहमद सब इंस्पेक्टर बूढ़ेई थाना समेत मधुपुर थाना, मार्गो मुंडा ल बुढैई थाना के सशस्त्र बल इस अभियान में शामिल थे।

# अलग-अलग गांवों के एक दर्जन घरों का ताला चोरों ने तोड़ा



संकेंद्र कुमार राज

**ऊंटारी रोड़/ पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के उंटारी थाना क्षेत्र में पिछले एक डेढ़ माह से बढ़ी चोरी की घटना से क्षेत्र के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। वहीं एक भी मामले का उद्भेदन नहीं होने से लोग भय व दहशत में जी रहे हैं। शुक्रवार की रात थाने के सतबहिनी गांव में आर्मी के कैप्टन योगेंद्र शर्मा, रिटायर्ड दरोगा गुप्तेश्वर शर्मा, सेवानिवृत्त लेखा पदाधिकारी हीरालाल शर्मा के घर का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी का असफल प्रयास किया है। हीरालाल शर्मा के घर में कोई नहीं होने के कारण कितने की चोरी हुई है इसका पता नहीं लग पाया है। वहीं भदुमा के रिटायर्ड सीसीएल कर्मी नारायण दीक्षित के घर भी ताला तोड़कर चोर अंदर घुस गए लेकिन घर के सदस्यों को जग जाने से चोर हाथ साफ नहीं कर पाये। वहीं उसी रात रहनबीघा में कन्हाई रजवार के घर का भी चोरों ने ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया लेकिन वहां भी सफल नहीं हो सके। चोरी की घटना से तंग आकर सतबहिनी गांव से सैकड़ो लोग थाना पहुंचकर चोरों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। थाना प्रभारी के आश्वासन के बाद सभी लोग घर वापस लौट गये हैं। इसके पहले भी थाना क्षेत्र के सतबहिनी समेत दर्जनों घरों से लाखों की चोरी हो चुकी है।।

# जपला आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** महापर्व छठ को लेकर बाहरी राज्य से बिहार और झारखंड लौट रहे लोगों की भीड़ बढ़ गयी है। ट्रेन में बैठने तक की भी जगह नहीं मिल रही है। नशा खुरानी गिरोह भी सक्रिय हो गया है। नशा खुरानी गिरोह की सक्रियता को देखते हुए आरपीएफ ने जपला स्टेशन से गुजरने वाली विभिन्न ट्रेनों और स्टेशन परिसर में यात्रियों के बीच माइकिंग कर जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कार्तिक बिंझा और जेपी प्रसाद ने किया। नशा खुरानी गिरोह से बचने के लिए आरपीएफ द्वारा माइकिंग के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। साथ ही संदिग्ध को देखने पर 139 पर सूचना देने का आह्वान कर रहे हैं। इसके साथ ही सुरक्षित यात्रा के लिए सतर्क रहने का आह्वान किया। आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर ने बताया कि महापर्व छठ को लेकर दूसरे राज्य से बड़ी संख्या में लोग वापस अपने घर आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में उनकी गाढी कमाई को लूटने के लिए नशा खुरानी गिरोह भी सक्रिय हो गया है। ऐसी स्थिति में लोगों को उनसे बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गिरोह के लोग यात्री के वेश में प्रसाद, गुटका, खैनी, समोसा, कोल्ड ड्रिंक में नशीली पदार्थ मिलकार चालाकी से खिला देते हैं। जिससे यात्री बेहोश हो जाते हैं। इसके बाद उनकी गाढी कमाई लेकर फरार हो जाते हैं। आह्वान किया जा रहा है कि अपरिचित किसी भी व्यक्ति से यात्रा के दौरान इस तरह का सामान ना लें। साथ ही ट्रेन में चढ़ने व उतरने के दौरान सतर्कता के साथ अपने सामान की रक्षा करें। मौके पर आरपीएफ जवान राजनाथ, विकाश कुमार, रेल मित्र राजेश्वर सिंह, रवि सिंह, कमलेश विश्वकर्मा, धनंजय कुमार, नरेंद्र सिंह, जयप्रकाश सिंह आदि मौजूद थे।

# पांच सौ छठव्रतियों के बीच आम की लकडी का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** बिश्रामपुर नगर परिषद के प्रमुख कस्बा रेहला स्टेशन रोड स्थित शिवतार कॉम्प्लेक्स परिसर में प्रयागराज की धार्मिक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर पूर्व की भांति इस वर्षो भी स्थानीय इकाई ने छठ व्रत पर 500 व्रतियों के बीच पांच टन सूखी आम लकड़ी का वितरण किया गया। वहीं मुख्य अतिथि पुलिस निरीक्षक रामाशीष पासवान और विशिष्ट अतिथि रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ के हाथों सौ व्रतियो को साड़ी प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा अतिथि को शॉल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शुरूआत से पहले सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक पूज्य अघोरेश्वर महाराज, गुरुपद, सूर्यदेव और छठ मईया की श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना किया गया। मौके पर संस्था के इकाई अध्यक्ष रणजीत सिंह, अरुण कुमार सिंह, इंजिनियर रणधीर सिंह, डां विश्वजीत सिंह, अमित सिंह बाबुल, प्रियव्रत सिंह, बिनोद सिंह, कृपाशंकर सिंह, नीरज सिंह, मृत्युंजय सिंह, अजीत दीक्षित, अलख निरंजन सिंह, धीरज सिंह शेरू सहित कई प्रेरणाथी और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# ज्वेलरी हाउस में ग्राहकों के बीच उपहार का वितरण

**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** दीपावली के शुभ अवसर पर शहर के राज बाड़ी रोड स्थित ज्वैलरी हाउस में ग्राहकों के लिए विशेष उपहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान दुकान प्रबंधन की ओर से खरीदारी करने वाले ग्राहकों को कूपन के माध्यम से गिफ्ट दिया गया। दुकान में खरीदारी को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखा गया। ज्वैलरी हाउस के संचालक मोहम्मद इजहार ने बताया कि दीपावली खुशियों का पर्व है, और ग्राहकों के विश्वास एवं सहयोग के प्रति आभार प्रकट करने के लिए यह उपहार योजना चलायी गयी है। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर ग्राहकों की खुशी हमारे लिए सबसे बड़ा तोहफा है। कार्यक्रम के दौरान दुकान को सुंदर रूप से सजाया गया था और ग्राहकों को आकर्षक ऑफर भी दिये गये।

# भवन निर्माण विभाग देवघर में निविदा प्रक्रिया पर उठे सवाल

**संवेदकों ने कहा कार्यपालक अभियंता ने अपने कार्यालय कक्ष को ही निविदा बिक्री और जमा केंद्र बना दिया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** भवन निर्माण विभाग देवघर में निविदा प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आये हैं। संवेदकों का कहना है कि विभाग के कार्यपालक अभियंता नागेंद्रनाथ देवनाथ के कार्यकाल में निविदा प्रक्रिया पारदर्शिता से हटकर मनमाने तरीके से संचालित की जा रही है। संवेदकों का आरोप है कि झारखंड सरकार के आदेश के बावजूद निविदा बिक्री और जमा करने के लिए बनाये गये जिला नियंत्रण कक्ष को दरकिनार कर कार्यपालक अभियंता ने अपने कार्यालय कक्ष को ही निविदा बिक्री एवं जमा केंद्र बना दिया है। सरकारी आदेशों के अनुसार, निविदा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाए रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष को केंद्र निर्धारित किया गया था ताकि सभी संवेदक समान अवसर पा सकें और निविदा प्रक्रिया निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। लेकिन संवेदकों का आरोप है कि कार्यपालक अभियंता ने नियमों की अनदेखी करते हुए कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को ही लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया है। संवेदकों का यह भी कहना है कि कार्यपालक अभियंता के पदस्थापन के बाद से विभाग में भेदभाव की नीति अपनाई जा रही है। निविदा परिमाण विपत्र की बिक्री सीमित कर दी गई है, जिससे अधिकांश संवेदक निविदा कार्य में भाग लेने से वंचित रह जाते हैं। इससे एक ओर जहां सरकारी कार्यों में प्रतिस्पर्धा घट रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। संवेदकों ने प्रशासन से मांग की है कि कार्यपालक अभियंता के पिछले छह वर्षों के कार्यकाल की विस्तृत जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। साथ ही निविदा से संबंधित सभी कार्यों की बिक्री एवं जमा करने का केंद्र दोबारा से जिला नियंत्रण कक्ष देवघर या अधीक्षण अभियंता कार्यालय दुमका में स्थानांतरित किया जाए। संवेदकों का कहना है कि ऐसा करने से निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता लौटेगी, प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और सभी संवेदक सुरक्षित एवं निष्पक्ष वातावरण में सरकारी कार्यों में भाग ले सकेंगे। साथ ही उन्होंने तीन जगह पर निविदा बिक्री केंद्र तीन जगह पर बनाने की मांग की है उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है ताकि भविष्य में निविदा प्रक्रिया पूर्णतः निष्पक्ष और पारदर्शी बनी रहे।

# किड्स जोन लर्निंग स्कूल हैदरनगर में छठ महापर्व को लेकर कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदर नगर स्थित किड्स जोन लर्निंग स्कूल में शनिवार को छठ महापर्व के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सुरीले स्वर में छठ गीत और भजन प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने वाले बच्चों में शामिल रिंकी कुमारी, मोनी कुमारी,अंशु कुमारी, रोमा, आशिया परवीन, काजल कुमारी आदि का नाम शामिल है। इस दौरान पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल छाया रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने छठी मइया के प्रति अपनी श्रद्धा और संस्कृति के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक कमरान खान कहा कि छठ-पूजा का पर्व प्रकृति से जुड़ा है। यह बिहार एवं झारखंड की सभ्यता, संस्कृति और संस्कार से जुड़ा पर्व है, जिसकी छवि आज संपूर्ण विश्व में विख्यात हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक धरोहर और लोक आस्था का प्रतीक है ,जो सूर्य उपासना और स्वच्छता का संदेश देती है ।उन्होंने कार्यक्रम में शामिल बच्चों एवं उनके अभिभावकों तथा शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छठ -पूजा के पावन पर्व की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# मधुपुर में पेंशन योजना के लाभुकों के लिए जांच शिविर का समापन



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना एवं दिव्यांग पेंशन योजना के अंतर्गत लाभुकों के सत्यापन हेतु शनिवार को नगर परिषद कार्यालय में अंतिम दिन शिविर में बड़ी संख्या में लाभुक पहुंचे और अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ जांच करवायी। शिविर में सीओ यामुन रविदास एवं नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु ने राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन योजना का सामाजिक अंकेक्षण लाभुकों के लिए जांच शिविर का जायजा लिया। वहीं संबंधित लाभुकों से पुछ ताछ किये। वहीं अधिकारियों ने बताया कि इस जांच अभियान का उद्देश्य वास्तविक जरूरतमंदों तक सरकारी सहायता पहुंचाना है। और जिसका आज अंतिम दिन था। जांच शिविर में लगभग 200 लाभुकों का सत्यापन किया गया। मौके पर ऑपरेटर राजेंद्र यादव, झारखंड सोसल औडिट सोसाइटी के सदस्य पिंटू मंडल, परमेश्वर हांसदा, मोतीलाल मंडल, सिराजुद्दीन अंसारी, अरशद अंसारी, मुन्ना कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

# सभी छठ घाटों पर होगी गंगा आरती



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** छठ महापर्व को लेकर नगर परिषद क्षेत्र के सभी 32 घाटों पर व्यापक व्यवस्था किया जा रहा है। छठ पूजा समितियों द्वारा व्रतधारियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। घाटों के सजाने का काम अंतिम चरण में है। लगभग सभी छठ घाटों पर गंगा आरती होगी। रेहला कोयल नदी और बिश्रामपुर शिव घाट पर छठ पूजा समिति द्वारा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। बिश्रामपुर छठ पूजा महासमिति के अध्यक्ष गोपाल सोनी ने कहा कि इस बार नगर परिषद द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं मिला है। जिस कारण पूजा समितियों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ा है। छठ महापर्व को लेकर राज घाट पर चल रही तैयारी भी लगभग पूरी हो चुकी है। इस बीच बिश्रामपुर थाना प्रभारी ऋषिकेश दुबे ने सुरक्षा के दृष्टिकोण से शनिवार को क्षेत्र के सभी प्रमुख घाटों का निरीक्षण किया। मौके पर ललन सोनी, विजय पेंटर, उदय गुरुजी, रामचंद्र साव, संजय साह, अवधेश सोनी, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, महावीर बहेलिया, राजू केशरी, बुल्लू गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम में बाल विकास मंत्रियों का चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर/ पलामू।** गुरहा स्थित स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम आवासीय विधालय में बाल विकास मंत्रियों का चयन विद्यालय के निदेशक जफर सर एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ मोबीनुदीन कुरैशी, साजिया प्रवीण के नेतृत्व में बच्चों का वोट लेकर किया गया। जिसमे प्रधानमंत्री आनंद कुमार रवि,गृह मंत्री आशीष किसन, शिक्षा मंत्री खुशी कुमारी, खेल मंत्री आयुष कुमार एवं अनीस अंसारी, स्वच्छता मंत्री आसीफ अंसारी एवं रोहित तिग्गा, स्वास्थ्य मंत्री नइमा खातून एवं साक्षी कुमारी, रक्षा मंत्री समी राउस चण्डीमल, बालिका सुरक्षा मंत्री क्रांति कुमारी एवं आफरीन प्रवीण, बालक सुरक्षा मंत्री अरबाज अंसारी एवं चांद खान, अनुशासन मंत्री अरजीत पाल एवं अस्मिता कुमारी, पर्यावरण मंत्री इलियस तिग्गा एवं अमन मोजेस होरो को पद पर चयन करके रखा गया। मौके पर मौजूद विद्यालय के शिक्षक सैफ अख्तर, संध्या कुमारी, नेहा प्रवीण, सम्मा प्रवीण, संतोषी शुक्ला, काजल तिवारी, सुरूची पांडेय, शाकिब आलम, शमशाद आलम,आफरीन प्रवीण, आरजू बानो,रानी कुमारी,हैदर आलम, नाजिया प्रवीण,ममता शर्मा, काशिफ नदीम,अंजली कुजूर एवं विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक विश्वनाथ शर्मा ने मंत्रियों को पुरस्कार एवं प्रमाण देकर बच्चों के बीच शपथ ग्रहण कराकर इन्हे ईमानदारी एवं लगन, मेहनत के साथ विद्यालय के प्रति कार्य करने को कहा। डॉ कुरैशी ने कहा कि बच्चों को ऐसे पद देने के बाद इनमे उत्साह के साथ - साथ मानसिक एवं शारीरिक में गतिविधियां उत्पन्न होती है और उनके जीवन में कुछ नया सीखने को मिलता है।

# जनता दरबार में कई मामलों को तुरंत निष्पादन


**देवघर (आजाद सिपाही)।** जिलावासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान और निष्पादन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार, अपर समाहर्ता हीरा कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलास्तर के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे ताकि मौके पर ही समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जा सके। जनता दरबार में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भू-अर्जन और मुआवजा भुगतान, अनुकंपा, बिजली बिल माफी, मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना जैसी विविध समस्याओं को प्रस्तुत किया। अपर समाहर्ता ने उपस्थित लोगों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से सुनी और आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों की सत्यापन और जांच कराते हुए शीघ्र समाधान किया जायेगा।

# समाजसेवी राजीव रंजन ने छठ घाटों की करायी सफाई



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** आस्था के महापर्व छठ को लेकर समाजसेवी राजीव रंजन ने शनिवार को अपने पूरे दल के साथ हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत खड़कपुर, भांवर, कटकोंबा, सिमर बार, ढाब कला, गिद्वी, ढाब खुर्द, चौवखटवा समेत कई घाटों की सफाई अपने निजी खर्चे पर जेसीबी लगाकर करायी। राजीव रंजन ने कहा कि छठ महापर्व हमारे क्षेत्र की आस्था और संस्कृति का प्रतीक है। छठ व्रतियों की सेवा करना उनके लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि छठी मइया की कृपा से हर वर्ष मैं अपने क्षेत्र की सेवा करने का प्रयास करता हूं और आगे भी करता रहूंगा। सफाई अभियान के दौरान क्षेत्रीय लोग भी उत्साहपूर्वक जुड़े रहे। मौके पर रवि रंजन वर्मा, शैलेंद्र भुइंया, बृजेश मेहता, हरेंद्र मेहता, स्वयंसेवक अरविंद कुमार, धीरज कुमार, सौरभ कुमार, पप्पू सिंह, विनोद सिंह, विजय यादव, वार्ड सदस्य संजय जयसवाल, विश्वदीप कुमार, अखिलेश मेहता, अजय कुमार सिंह, शंभू यादव, दिनेश पासवान, विजय प्रजापति, पूर्व मुखिया अवधेश मेहता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# आस्था का पहला अर्घ्य कल और 28 को होगा पारण



**चैनपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** महापर्व छठ शनिवार की सुबह छठ व्रती जल्दी ही जग गयीं। इससे सुबह से ही व्रतियों में कोताहल रही कि जल्द-से-जल्द घर की साफ-सफाई शुरू कर दें। विशेष रूप से रसोई घर की। इसको लेकर व्रतियों के घरों में सुबह से ही चहल-पहल रही। व्रतियों ने साफ-सफाई कर रसोई घर को शुद्ध और पवित्र रखा। फिर,नदी,तालाब व घरों में ही स्नान कर व्रती पूरे मन और आत्मा से छठ पूजा के नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। फिर, व्रतियों ने सिर्फ सादा, सात्विक भोजन चावल, चने की दाल और कद्दू की सब्जी खाकर चार दिनी लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व का अनुष्ठान शुरू किया। दूसरे दिन आज रविवार को खरना है। रविवार 26 अक्टूबर को खरना के दिन से व्रत शुरू होगा और रात में खीर खाकर फिर 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत रखा जायेगा। खरना के दिन छठ पूजा का प्रसाद बनेगा तथा 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को छठ व्रती अर्ध देंगे और 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्ध के साथ ही छठ पूजा का समापन तथा पारण होगा। बता दें कि नहाय-खाय के दिन व्रती सिर्फ सादा व सात्विक भोजन करते हैं। इस दौरान आमतौर पर चावल, चने की दाल और कद्द की सब्जी बनायी जाती है। भोजन में लहसुन, प्याज या किसी भी तरह के मसालों का प्रयोग नहीं होता है। भोजन मिट्टी या कांसे के बर्तनों में पकाया जाता है। उसे लकड़ी या गोबर के उपलों पर पकाना पारंपरिक होता है। व्रती इसे शुद्धता के साथ ग्रहण करते हैं और उसके बाद ही परिवार के अन्य सदस्य भोजन करते हैं।

# उपायुक्त ने छठ घाटों का किया निरीक्षण, सफाई का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** लोक आस्था के महापर्व छठ व्रत को लेकर देवघर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिवगंगा सरोवर, डढ़वा नदी, नावाडीह घाट, नंदन पहाड़ फिल्टर, मंगल तालाब, जलसार तालाब और मानसिंघी तालाब सहित कई छठ घाटों पर पहुंचकर वहां की साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए घाटों की सफाई, जलस्तर की निगरानी, विद्युत व्यवस्था, और बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने विशेष रूप से एनडीआरएफ की टीम को शिवगंगा सरोवर में नाव और अन्य सुरक्षा उपकरणों के साथ प्रतिनियुक्त रहने का निर्देश दिया ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि छठ व्रत के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसलिए प्रत्येक घाट पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सभी घाटों पर अतिक्रमण हटाने, ट्रैफिक नियंत्रण, स्वास्थ्य सुविधा, एम्बुलेंस और अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने छठ समितियों से भी संवाद किया और अपील की कि वे प्रशासनिक प्रयासों में सहयोग दें। उन्होंने कहा स्वच्छ देवघर के तहत हमारा सामूहिक प्रयास होना चाहिए कि इस छठ पर्व पर देवघर के सभी घाट स्वच्छता की मिसाल पेश करें।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश प्रियदर्शी, सीसीआर डीएसपी लक्ष्मण प्रसाद, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, सिटी मैनेजर प्रकाश मिश्रा, विद्युत, जलापूर्ति और नगर निगम की संयुक्त टीम उपस्थित रही।उपायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे लगातार भ्रमण करते रहें और सुनिश्चित करें कि किसी भी छठव्रती या श्रद्धालु को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन छठ महापर्व को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## सीओ-बीडीओ ने खुद मौजूद रहकर करवायी छठ घाटों की साफ-सफाई

# नहाय-खाय के साथ आस्था का महापर्व छठ शुरू, खरना आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिनों तक चलने वाले इस महाव्रत के पहले दिन छठव्रतियों ने स्नान-ध्यान कर सूर्य की उपासना की और सात्विक भोजन (प्रसाद) तैयार कर खुद ग्रहण करने के बाद अपने सगे-संबंधियों एवं मित्रों को भी खिलाया। ग्राम पुरोहित अवनीश कुमार पाठक के अनुसार नहाय-खाय का महत्व शरीर और मन दोनों को पवित्र करने में है। छठ पर्व का मूल भाव जीवन में शुद्धता, अटूट आस्था और सूर्य देव के प्रति कृतज्ञता को बनाए रखना है। रविवार को खरना, सोमवार को अस्ताचगामी सूर्य को अर्घ्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व का समापन होगा। बतातें चलें कि प्रखंड मुख्यालय से कुछ छठव्रती लगभग तीन किलोमीटर दूर सफी नदी छठ घाट तक पैदल चलकर जाती हैं और कठिन नियमों का पालन करते हुए पूजा करती हैं। उधर, सफाई अभियान के दौरान बीडीओ यादव बैठा, सीओ दिनेश गुप्ता, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार एवं जिला परिषद मेरी लकड़ा खुद उपस्थित रहकर सफाई कार्यों का निरीक्षण और मार्गदर्शन किया। साथ ही खुद भी श्रमदान में हिस्सा लिया। इसमें चैनपुर के सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। छोटा नागपुरीया तेली उत्थान समाज के सचिव रंथु साहू ने बताया कि घाट परिसर की सफाई, कचरा उठाव, चूना छिड़काव के साथ ही लाइट व्यवस्था की भी व्यवस्था की जाएगी। 10 से अधिक चेंजिंग रूम बनाया जाएगा। वहीं, मौजूद अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कहा कि छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि एक स्वच्छ घाट और सुरक्षित पर्व सुनिश्चित करने की दिशा में सभी विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं।



कद्दू-भात का भोग ग्रहण करती छठव्रती महिलाएं।

### डूमरी में छठ महापर्व की धूम



**डूमरी (आजाद सिपाही)।** मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में नहाए खाए के साथ चार दिवसीय छठ पूजा की शनिवार से शुरूआत हो गई। इस दिन छठ व्रतियां स्नान कर कद्दू भात का प्रसाद ग्रहण कर छठ पूजा की शुरूआत की। छठ व्रतियों और पूरे परिवार को कद्दू भात खाने की परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

### बाजारों में दिखी रौनक

पूजन सामग्री की दुकानों पर खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ रही है। बांस से बने सूप और दउरा की मांग सबसे अधिक है, जिसकी कीमत में बढ़ोतरी हुई है। अलग-अलग बाजारों में सूप करीब 200 रुपये प्रति पीस या उससे अधिक में बिक रहे हैं। इस महापर्व को लेकर लोग उत्साह के साथ पूजा की तैयारियों में लगे हुए हैं।

### नहाय-खाय के साथ छठ महापर्व शुरू



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार को नहाय-खाय के साथ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आरंभ हो गया। घाघरा प्रखंड के विभिन्न गांवों में छठ व्रतियों ने शुद्धता और पवित्रता के साथ नहाय-खाय की विधि पूरी की। सुबह से ही गांवों में पवित्रता का माहौल बना रहा। व्रतियों ने नदी, तालाब और कुओं में स्नान कर भगवान सूर्य की आराधना की और इसके बाद चूल्हे पर लउवा भात (कद्दू-भात और चने की दाल) बनाकर ग्रहण किया। नहाय-खाय के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व की शुरूआत हो गई है। छठ वर्ती रविवार को खरना, सोमवार को अस्ताचगामी भगवान सूर्य अर्घ्य, जबकि मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने की तैयारी में जुट गए हैं। गांवों में धार्मिक गीतों की गूंज और घर-आंगन की सफाई से माहौल भक्तिमय बन गया है।

## झारखंड में तेली समाज अपने अधिकार के लिए अब लड़ेगा आर-पार की लड़ाई : उदासन नाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** प्रखंड मुख्यालय के तिर्रा केमता टोली में छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई। जिसमें गुमला आदिवासी छात्र संघ के नेता अशोक भगत के दिए बयान का कड़ा विरोध किया गया। इस संबंध में उदासन नाग ने कहा कि झारखंड में रहने वाले सभी झारखंडियों को भारत का संविधान अधिकार देता है कि वह अपने अधिकार की मांग संवैधानिक तरीके से कर सकते हैं। तेली समाज का रहन-सहन रूढ़िवादी है। वर्षो से तेली समाज अपने समाज को आदिवासी में शामिल करने की मांग कर रहा है। वह भी शांतिपूर्ण तरीके से पर इस बीच अशोक भगत द्वारा जो उलजुलूल बयान तेली समाज के बारे दिया जा रहा है उसे समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। अब झारखंड में तेली समाज अपने अधिकार के लिए आर पार की लड़ाई करेगा, इसके लिए पूरे झारखंड में तेली समाज आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहा है। कहा कि तेली समाज किसी राजनीतिक दल का पिट्ठू नहीं है। पूर्व की सरकार हो या वर्तमान की सरकार, सभी ने तेली समाज को ठगा है। पर अब तेली समाज जाग चुका है। अपने अधिकार के लिए निर्णायक आंदोलन करने की तैयारी की जा रही है।



### कुर्मी समाज की मांग को तेली समाज का समर्थन

छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि कुर्मी समाज संवैधानिक तरीके से अपने अधिकार की मांग कर रही है जिसका समर्थन तेली समाज करता है। इस मौके पर भागीरथी साहू, दिलीप साहू, कृष्ण ओहदार, मुकेश ओहदार, गोवर्धन साहू, अभिषेक साहू, गुरुचरण साहू और अजय साहू आदि मौजूद थे।

## बाइक सवार नाबालिग स्कूली छात्र की सड़क हादसे में मौत

**पुलिस एवं जिला प्रशासन के निर्देशो का विद्यालय प्रबंधन नहीं कर रहे है पालन, अभिभावक लापरवाह**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** पालकोट रोड स्थित झारखंड डिपा मोड में शनिवार को सड़क हादसे में 15 वर्षीय विनय टाना भगत नामक किशोर की मौत हो गई। वह बघिमा टुकु टोली का रहने वाला था। वह तेज रफ्तार बाइक चला रहा था। उसने रेलिंग को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद जहां छात्रों में दहशत है, वहीं पुलिस महकमें में सन्नाटा छा गया है।

### एक बाइक पर सवार थे तीन छात्र

घटना शनिवार की सुबह नौ बजे की है। मृतक छात्र संत अन्ना इंटर कॉलेज पुग्गू में 11वीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता इंदु टाना भगत पालकोट प्रखंड के बघिमा टुकु टोली निवासी हैं। बताया जा रहा कि तीनों छात्र एक बाइक में सवार होकर स्कूल आ रहे थे। बाइक में पीछे बैठे सोनू केरकेट्टा एक अन्य छात्र को हल्की चोट लगी। दोनों छात्र का इलाज कराया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तीनों छात्र एक बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार में स्कूल आ रहे थे। झारखंड डिपा मोड में बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे की रेलिंग में जा कर टकरी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक रेलिंग के बीच में जा कर फंस गई। स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को रेलिंग से निकाल कर सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत विनय को मृत घोषित कर दिया। उधर, मृतक की चाची विनीता कुमारी ने बताया तीनों स्कूल के लिए बाइक से निकले थे। विनय हेलमेट पहना था। इधर, सदर अस्पताल में लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, पुलिस सदर अस्पताल पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हैरत की बात तो यह है कि जहां एसपी हारिश बिन जमा स्कूली छात्रों के बीच बाइक और वाहन चालन को लेकर काफी सख्त हैं। उसके बावजूद इस तरह की घटना होने से कई तरह के प्रश्न पैदा होने लगे हैं। पुलिस एवं जिला प्रशासन के निर्देशों का स्कूल प्रबंधन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है। एसपी ने शहर के सभी विद्यालय के प्रिंसिपल को पत्र लिखकर निर्देशित किया था कि नाबालिक स्कूली छात्रों को बाइक स्कूल लाने को लेकर रोक लगाई जाए। साथ ही कुछ विद्यालय और अभिभावक प्रशासनिक आदेश का पालन भी कर रहे हैं। छात्रों के बाइक विद्यालय लाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। बावजूद कुछ छात्र विद्यालय के बाहर बाइक लगाकर स्कूल पहुंचते हैं।

## चैनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 100 किलो अवैध जावा महुआ किया नष्ट



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए शनिवार को गश्ती की। इस दौरान चैनपुर थाना अंतर्गत बम्हनी गांव में थाना प्रभारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में छापामारी की गयी। जहां गांव के कुछ घरों से लगभग 100 किलोग्राम अवैध जावा महुआ (कच्ची शराब बनाने का सामान) जब्त कर मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी ने इस दौरान अवैध रूप से शराब बनाने और बेचने में शामिल सभी लोगों को सख्त हिदायत दी। साफ शब्दों में चेताते हुए कहा कि क्षेत्र में अवैध महुवा शराब का धंधा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में ऐसी गतिविधि पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उधर. पुलिस के इस अचानक अभियान से अवैध महुवा शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## लोक आस्था का महापर्व है छठ : रमेश



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड फेडरेशन चेंबर ऑफ कॉमर्स के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने छठ व्रतीयों और छठ पर आस्था रखने वाले लोगों को पर्व की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि यह पावन त्योहार भगवान भास्कर की आराधना के लिए स्वच्छ मन से मनाया जाता है। कहा कि लोक आस्था का यह पर्व निश्चल मन से भगवान की आराधना का संदेश देता है। यह शक्ति का प्रतीक भी है। बताया कि उनके घर में पत्नी एवं बड़ी पुत्री सपना कुमारी भी छठ करती हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि छठ व्रतियों की सुविधा का ख्याल रखें और छठ घाटों पर सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की जाए।

## बीएलओ कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर बीएलओ कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2003 में प्रकाशित मतदाता सूची को वर्ष 2025 की अद्यतन मतदाता सूची से मिलान (मैपिंग) कर सही एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करना था। इस दौरान कर्मियों को मतदाता सूची में ए, बी, सी और ई श्रेणी के मतदाताओं की पहचान एवं सुधार की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षणकर्ता ने बताया कि प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं का सत्यापन कर अद्यतन आंकड़ा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना है, ताकि आगामी चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। इस अवसर पर घाघरा प्रखंड के बीडीओ दिनेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी बीएलओ कर्मियों से कहा कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, क्योंकि सटीक मतदाता सूची ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है। इस दौरान कंप्यूटर सहायक ज्योति लाल महतो ने भी तकनीकी जानकारी साझा की।

## निदेशक, लेखा प्रशासन ने पालकोट एवं बागवानी परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** निदेशक, लेखा प्रशासन एवं स्वनियोजन, जिला ग्रामीण विकास शाखा, विद्या भूषण कुमार की ओर से पालकोट प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्यालय संचालन की स्थिति, कर्मियों की उपस्थिति एवं अभिलेखों के संधारण का विस्तृत अवलोकन किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बीडीओ एवं अन्य अधिकारियों को कार्यालय को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने एवं प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी के सहयोग से दो वर्षीय भरत किड़ो, जिसकी माता नहीं थी एवं जो शारीरिक रूप से कमजोर पाया गया, को आवश्यक चिकित्सकीय उपचार के लिए एमटीसी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी की जांच में कुछ कर्मी अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाये गये, जिनका वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने का निर्देश दिया गया।

## चैनपुर सीएचसी में एंबुलेंस न मिलने से मौत एवं अवैध वसूली का मामला

# बीडीओ-जिप सदस्य ने किया निरीक्षण लापरवाह कर्मचारियों को दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में व्याप्त घोर अनियमितताओं और हाल ही में एंबुलेंस की कमी के चलते एक युवक की मौत के बाद शनिवार को बीडीओ यादव बैठा और जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरे से स्वास्थ्यकर्मियों में हड़कंप मच गया। दरअसल चैनपुर सीएचसी पिछले काफी समय से अपनी लचर व्यवस्था और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा मरीजों से की जा रही अवैध उगाही के आरोपों के कारण सुर्खियों में रहा है। विगत दिनों भी यहां अवैध उगाही का मामला प्रकाश में आया था। इन गंभीर मामलों के बीच सबसे बड़ा झटका तब लगा जब एंबुलेंस की अनुपलब्धता के कारण एक युवक की तड़पकर मौत हो गयी। इस दुखद घटना ने सीएचसी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिया। उधर, निरीक्षण के दौरान बीडीओ और जिप सदस्य ने एक-एक कर सभी स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात की। बीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आए दिन सामने आ रहे मामलों पर तुरंत ध्यान देने और अवैध उगाही को तत्काल रोकने का निर्देश दिया। वहीं, जिप सदस्य ने स्वास्थ्यकर्मियों को याद दिलाया कि मरीजों की सेवा करना उनका प्राथमिक धर्म और कर्म है। युवक की मौत को दुखद बताते हुए जिप सदस्य ने तत्काल एंबुलेंस की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण एक युवक की तड़पकर मौत हो गई जो दुखद है। हमें पूर्व में सीएस द्वारा चैनपुर स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस देने का आश्वासन मिला था। पर दुर्भाग्यपूर्ण है कि अप तक एम्बुलेंस नहीं मिला। उन्होंने गुमला डीसी एवं सिविल सर्जन से तत्काल एक एंबुलेंस की मांग की। बताया कि रेफर के बाद मरीज को गुमला पहुंचने के लिए 50 किलोमीटर का लंबा सफर तय करना पड़ता है। इसलिए एंबुलेंस का होना बेहद जरूरी है, ताकि इसकी कमी के चलते किसी की जान न जाए। भविष्य में इस तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए मेरी लकड़ा ने कहा कि महीने में एक बार स्वास्थ्यकर्मियों के साथ बैठक की जाएगी जिससे सीएचसी की कार्यप्रणाली पर लगातार नजर रखी जा सके। अंत में अनुमंडल स्तरीय 30 बेड वाले अस्पताल के निर्माण कार्य की कछुए की गति' पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तेजी लाने को कहा।

## गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में बच्चों ने दी छठ पूजा पर शानदार प्रस्तुति



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के पाकर टोली स्थित गोपाल साहू पब्लिक स्कूल में शनिवार को छठ पूजा के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा में छठी मइया की आराधना से जुड़ी सुंदर प्रस्तुति दी। विद्यालय परिसर में छठी मइया के गीत, कांचा ही बांस के बहंगिया और 'उग हे सूरज देव' जैसे पारंपरिक गीतों पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान छात्राओं ने छठ व्रत की महत्ता और उसकी विधि-विधान को नाट्य रूपांतरण के माध्यम से दर्शाया। विद्यालय की शिक्षिकाओं और शिक्षकों ने बच्चों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में संस्कृति और परंपरा के प्रति सम्मान बढ़ता है। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं उपस्थित रहे।

## डाईर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन

**बसिया (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल स्थित कुरकुरा तेतरटोली में डाईर मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का अयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन तेली समाज के प्रदेश अध्यक्ष सह कांग्रेस नेता अरुण साहू, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डूंगडुंग ने किया। डाईर मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्टा का भी आयोजन किया गया जिसमें कलाकारों ने अपने नृत्य संगीत से लोगों के बीच समा बांध दिया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि अरुण साहू, जिप सदस्य बसंती डूंगडुंग, छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष दिलीप साहू, उपाध्यक्ष रामधन सिंह, सचिव शंकर ठाकुर, कुलबुरु की मुखिया सुनीला सुरीन, अशोक कुमार साहू आदि उपस्थित रहे।

**NETARHAT AWASIYA VIDYALAYA, NETARHAT**
**P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR**

(An Autonomous Institute under School Education & Literacy Department, Govt. of Jharkhand )

**Tender Inviting Notice**

**Enquiry No. - 323** **Dated-24-10-2025**

Sealed tenders are invited for Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat from reputed parties/firms/Company/contractors having relevant experience in supply of Miscellaneous items for supply and installation of Water Purifier Machine at Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | For Supply and installation the Water Purifier Machine for all Ashrams at Netarhat Awasiya Vidyalaya , Netarhat. |
| 2. | Scope of Work | For Supply and installation the Water Purifier Machine for all Ashrams at Netarhat Awasiya Vidyalaya , Netarhat. |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Awasiya Vidyalaya , Netarhat, P.O - Netarhat, Dist- Latehar. |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 24.10.2025 at 03.00 P. M. |
| 5. | Last Date and Time for submission of Bids | 10.11.2025 at 11.30 A. M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 11.11.2025 at 11.30 P.M. (Technical Bid)<br>11.11.2025 at 03.30 P.M. (Financial Bid) |

**Complete details can be seen on our school's website** www.netarhatvidyalaya.com

**Sd/- Principal**
**Netarhat Awasiya Vidyalaya, Netarhat**

PR 364716 Human Resource Developement (25-26)_D

कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

पत्रांक........(MMJAY) कोडरमा, दिनांक......................../

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 10.09.2025 को आयोजित हेल्थ टास्क फोर्स की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में, मॉडल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का विकास किया जाना आवश्यक है, ताकि गुणवत्ता पूर्ण उपचार के साथ–साथ मातृत्व एवं नवजात शिशु सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु पत्रांक संख्या 162, दिनांक 07.10.2025 (PR. No 363758) के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई थी तथा पत्रांक संख्या 171, दिनांक 18.10.2025 के माध्यम से एक शुद्धि पत्र भी प्रकाशित किया गया था।

अब निम्नांकित बिंदु में संशोधन किया जाता है—

**संशोधित बिंदु (Revised Points):**

पूर्व निर्धारित तिथि:- 25.10.2025 समय अपराह्न 4:00 बजे
संशोधित तिथि:- निविदा खोलने एवं तकनीकी प्रस्तुति की तिथि 30.10.2025 समय अपराह्न 4:00 बजे
स्थान :- समाहरणालय सभागार, कोडरमा ।

**अन्य सभी शर्तें पूर्ववत रहेंगी।**

अधिक जानकारी हेतु इच्छुक अभ्यर्थी https://www.koderma.nic.in (विभागीय वेबसाइट) पर अवलोकन कर सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
DHS कोडरमा

PR 364736 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

# रामायण-महाभारत काल से ही रही है छठ मनाने की परंपरा

दीपक कुमार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** त्योहारों का देश समझा जानेवाला भारतवर्ष में कई ऐसे पर्व हैं, जिन्हें काफी कठिन माना जाता है। इन्हीं में से एक है लोक आस्था का महापर्व 'छठ', जिसे रामायण और महाभारत काल से ही मनाने की परंपरा रही है।

नहाय-खाय के साथ आरंभ होने वाले लोकआस्था के इस चार दिवसीय महापर्व को लेकर शास्त्रों में कई कथाएं मौजूद हैं। एक कथा के अनुसार, महाभारत काल में जब पांडव अपना सारा राजपाट जुये में हार गये, तब द्रौपदी ने छठ व्रत किया। इससे उनकी मनोकामनाएं पूर्ण हुईं तथा पांडवों को राजपाट वापस मिल गया। एक अन्य मान्यता के अनुसार छठ पूजा की शुरूआत सूर्य पुत्र कर्ण ने की थी। वे प्रतिदिन घंटों कमर तक पानी में खड़े रहकर सूर्य को अर्घ्य देते थे। सूर्य की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। इसके अलावा छठ महापर्व का उल्लेख रामायण काल में भी मिलता है। किंवदंती के अनुसार, ऐतिहासिक नगरी मुंगेर (अंग देश) के सीता चरण में कभी मां सीता ने छह दिनों तक रह कर छठ पूजा की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार 14 वर्ष वनवास के बाद जब भगवान राम अयोध्या लौटे थे तो रावण वध के पाप से मुक्त होने के लिए ऋषि-मुनियों के आदेश पर राजसूय यज्ञ करने का फैसला लिया। इसके लिए मुग्दल ऋषि ने भगवान राम एवं सीता को अपने आश्रम में आने का आदेश दिया। ऋषि की आज्ञा पर भगवान राम एवं सीता वहां गए और उन्हें इस व्रत के बारे में बताया गया। मुग्दल ऋषि ने मां सीता को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि को सूर्यदेव की उपासना करने का आदेश दिया। यहीं रह कर माता सीता ने छह दिनों तक सूर्यदेव की पूजा की थी। एक अन्य पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी के सूर्यास्त और सप्तमी के सूर्योदय के मध्य वेदमाता गायत्री का जन्म हुआ था। प्रकृति के षष्ठ अंश से उत्पन्न षष्ठी माता बालकों की रक्षा करने वाले विष्णु भगवान द्वारा रची माया हैं। बालक के जन्म के छठे दिन छठी मैया की पूजा-अर्चना की जाती है, जिससे बच्चे के ग्रह-गोचर शांत हो जाएं और जिंदगी में किसी प्रकार का कष्ट नहीं आए। इस मान्यता के तहत ही इस तिथि को षष्ठी देवी का व्रत होने लगा।

**निरंतर बढ़ती जा रही है छठ महापर्व के प्रति लोगों की गहरी आस्था :** छठ को पहले केवल बिहार, झारखंड और उत्तर भारत में ही मनाया जाता था। लेकिन, अब धीरे-धीरे पूरे देश में इसके महत्व को स्वीकार कर लिया गया है। विदेशों में रहने वाले भारतवंशी भी इस पर्व को धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। छठ पर्व षष्ठी का अपभ्रंश है। इस कारण इस व्रत का नामकरण छठ व्रत हो गया। छठ वर्ष में दो बार मनाया जाता है। पहली बार चैत्र में और दूसरी बार कार्तिक माह में। चैत्र शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले छठ पर्व को चैती छठ और कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी पर मनाए जाने वाले पर्व को 'कार्तिकी छठ' भी कहा जाता है। इस पूजा के लिए चार दिन महत्वपूर्ण हैं नहाय-खाय, खरना या लोहंडा, सांझा अर्घ्य और सूर्योदय अर्घ्य। छठ की पूजा में गन्ना, फल, डाला और सूप आदि का प्रयोग किया जाता है। मान्यताओं के अनुसार, छठी मइया को भगवान सूर्य की बहन बताया गया हैं। इस पर्व के दौरान छठी मइया के अलावा भगवान सूर्य की पूजा-आराधना होती है। कहा जाता है कि जो व्यक्ति इन दोनों की अर्चना करता है उनकी संतानों की छठी माता रक्षा करती हैं। छठ वास्तव में सूर्योपासना का पर्व है। इसलिए इसे सूर्य षष्ठी व्रत के नाम से भी जाना जाता है।

## वेदों में छठ पूजा का संदर्भ



छठ पूजा के अनुष्ठान, जैसे कि पवित्र स्नान, उपवास और नदी में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य देना, ऋग्वेद में वर्णित प्राचीन अनुष्ठानों के समान हैं। यह सूर्य को जीवन और कल्याण के स्रोत के रूप में आभार व्यक्त करने का एक प्राचीन वैदिक तरीका है। 9 गोपालेश्वर महादेव मंदिर, चीराचास, बोकारो के प्रधान पुजारी सह वेदाचार्य पंडित व्यास पांडेय बताते हैं कि छठ पूजा का मूल सूर्य देव की पूजा में निहित है, जिनकी स्तुति वेदों में कई स्थानों पर की गयी है। ऋग्वेद में सूर्य को- सविता और आदित्य, अलग अलग नामों से पुकारा गया है। इसमें सूर्य को पापों का नाश करने वाला, रोगों को हरने वाला तथा सत्य का प्रतीक बताया गया है। एक श्लोक में सूर्य को 'जगतस्तस्थुषश्च' अर्थात सभी चर और अचर प्राणियों की आत्मा कहा गया है। वहीं यजुर्वेद में भी सूर्य को ब्रह्मांड का ऊर्जा स्रोत बताया गया है। छठ पूजा में एक ओर सूर्य की पूजा की जाती है, वहीं दूसरी ओर छठी मैया (सूर्य की बहन) की भी पूजा होती है। वेदों में उषा का उल्लेख सूर्य की पत्नी या देवी के रूप में मिलता है। छठ पूजा में किये जाने वाले अनुष्ठान जैसे पवित्र स्नान, उपवास, और उगते-डूबते सूर्य को अर्घ्य देना, प्राचीन वैदिक परंपराओं से जुड़े हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस पर विशेष कला अभियान शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** अंतरराष्ट्रीय कलाकार दिवस पर झरिया में एक विशेष कल अभियान की शुरूआत की गयी। इस अभियान के तहत झरिया के घोनुडीह क्षेत्र में 109 साल पुरानी झरिया कोयला की आग की आकर्षक पेंटिंग बनायी गयी। 7-8 युवा कलाकार इस कार्यक्रम में शामिल हुए और आग स्थल के पास ऑइल पेंट और ऐक्रेलिक रंगों से कैनवास पर अपनी कलाकृतियां उकेरीं। उन्होंने कहा कि हम इस ऐतिहासिक अग्नि क्षेत्र के प्राकृतिक दृश्यों को चित्रित करके बहुत खुश हैं। हमने अपने माता-पिता से ऐसी कोयला आग के बारे में सुना था, लेकिन पहली बार इसे करीब से देख रहे हैं। आग के रंगों में भी सुंदरता होती है। 25 अक्टूबर प्रसिद्ध कलाकार पाब्लो पिकासो का जन्मदिन है। उनके जन्मदिन पर 'अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस' मनाया जाता है। शनिवार को झरिया में, आइएनए के पिनाकी रॉय और ललित कला केंद्र, धनबाद के वरिष्ठ कलाकार संजय पंडित के मार्गदर्शन में युवा कलाकार निधि अग्रवाल, आनंद पंडित, रिंकी कुमारी, रुद्र जीत पॉल, आदित्य सोनी, सुमित कुमार उत्साहपूर्वक कला शिविर में शामिल हुए। कार्यक्रम में मौसमी रॉय, संजय पंडित, पिनाकी राय ने युवा कलाकारों को 'झरिया की धधकती आग' को कला में ढालने में मदद की।

# छठ पर सभी पदाधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** जिला प्रशासन ने छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारियों के निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त अजय नाथ झा ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारीझ सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी झ अंचलाधिकारी के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि छठ महापर्व आस्था और लोक परंपरा का पर्व है, जिसे जिले में पूरी शांति, सुरक्षा और स्वच्छता के साथ संपन्न कराया जाना जिला प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अलर्ट रहने और प्रत्येक स्थिति पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उपायुक्त ने विशेष रूप से कहा कि गहरे पानी वाले सभी घाटों और तालाबों पर प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हो। जिले के सभी तालाबों, नदियों और छठ घाटों पर बैरिकेटिंग लगाने के निर्देश दिये गये हैं। खासकर गहरे पानी वाले क्षेत्र में बांस बल्ला/ रस्सी आदि से सुरक्षा घेरा बनाया जाये। इन स्थलों पर पुलिस बल, गोताखोरों और एनडीआरएफ टीमों की भी तैनाती करें। उपायुक्त ने कहा कि हर घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और मेडिकल टीम की व्यवस्था भी की जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीडीओ और सीओ एवं प्रखंड स्तरीय अन्य पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के सभी छठ घाटों का निरीक्षण करें। प्रमुख एवं बड़े घाटों का निरीक्षण एसडीओ और एसडीपीओ स्वयं करेंगे। उन्होंने कहा कि घाटों पर भीड़-भाड़ को देखते हुए प्रवेश और निकास मार्ग अलग-अलग बनाये जायें, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। एसडीओ चास प्रांजल ढ़ांडा ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में कुल 63 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति किया गया है। वहीं, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बताया कि अनुमंडल क्षेत्र में कुल 86 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पुलिस बल को प्रतिनियुक्ति किया गया है।

## आज खुलेगा गरगा डैम का फाटक, सतर्क रहने की अपील

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिले में अस्था का महापर्व 'छठ' के अवसर पर गरगा डैम का फाटक विशेष रूप से खोला जायेगा। ताकि नदी घाट स्वच्छ हो और पर्व पर छठ व्रती सुरक्षित और सहज तरीके से पूजा में हिस्सा ले सकें। इस बाबत शनिवार शाम अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढ़ांडा ने बताया कि डैम का फाटक रविवार अपराह्न 9 से 10 बजे तक खोला जायेगा। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि इस समय के दौरान नदी तट पर सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने आमजनों से डैम के आसपास भीड़ से बचने झ विशेषकर निचले इलाके के लोगों को जरूरी सतर्कता बरतने की अपील की है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सिंटर प्लांट में सड़क सुरक्षा जागरूकता के लिए मानव श्रृंखला का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता पहल के तहत मानव श्रृंखला का आयोजन सिंटर प्लांट एवं सुरक्षा अभियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिंटर प्लांट के मुख्य मार्ग पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सुरक्षा संदेशों और नारों से युक्त तख्तियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पी चौधरी उपस्थित रहे। साथ में महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट-ऑपरेशन) आई मुखर्जी, महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट-मैकेनिकल) अंशुमाली, महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट-इलेक्ट्रिकल) राजेश कुमार, सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) मनोज कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में संविदा श्रमिक उपस्थित थे। सभी ने सुरक्षा तख्तियों और बैनरों के माध्यम से सड़क पर सतर्कता बरतने, यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित कार्य परिवेश सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित किया। इस पहल का उद्देश्य प्लांट के कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों में सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना और सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित करना था। बोकारो स्टील प्लांट सदैव अपने कर्मचारियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता आया है और इस प्रकार के कार्यक्रम सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने में सहायक हैं।

# विधायक अरूप चटर्जी की पहल पर हाइ मास्ट लाइट की हुई मरम्मत

आजाद सिपाही संवाददाता



**चिरकुंडा।** निरसा विधायक अरुप चटर्जी द्वारा मैथन सिरामिक को नेहरू रोड स्थित हाइ मास्ट लाइट की मरम्मती को कहा गया था। जिसकी पहल करते हुए मैथन सिरामिक के कर्मियों द्वारा शनिवार को मरम्मती कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मैथन सिरामिक के सीएसआर पदाधिकारी सीएस सिंह ने कहा की दो दिन पूर्व 23अक्टूबर को निरसा विधायक अरुप चटर्जी द्वारा नेहरू रोड मोड़ स्थित हाइ मास्ट लाइट की मरम्मती के लिए कहा गया था। ताकि यहां से आनेजाने वाले राहगीरों को सुविधा हो सके। साथ ही आसमाजिक लोगों पर प्रशासन की कड़ी नजर बनाने में सुविधा हो। उम्मीद है की शाम तक सभी छह लाइट को बदल कर नया लाइट लगा, चालू कर दिया जायेगा। पिछले कई दिनों से यह लाइट खराब थी इसके लिए नगर परिषद को स्थानीय लोगों द्वारा कहा गया था मगर ठीक नहीं करवाया गया था विधायक के पहल पर नेहरू रोड मोड हुआ जगमग।

# बीएसएल में 73 एसीटीटी ने दिया योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में योगदान देने वाले 73 एसीटीटी प्रशिक्षुओं के नये बैच के लिए 25 अक्टूबर को ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में इंडक्शन प्रोग्राम का पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण, मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा तथा महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री प्रांजलि उपस्थित थीं। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने प्रशिक्षुओं को सुरक्षा शपथ दिलाई।मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) नीता बा ने स्वागत अभिभाषण में प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया तथा सभी प्रशिक्षुओं को अपने पूरे प्रशिक्षण अवधि में नवाचार के साथ अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अंजनी कुमार शरण ने बदलते तकनीकी परिवेश और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप प्रशिक्षुओं को अपनी दक्षता बढ़ाने तथा कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटना सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया।

धन्यवाद ज्ञापन देते हुए एसएन मिश्रा, सहायक प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

# जेएमएम नेता एवं बिरसा मुंडा सेना के सदस्यों ने की छठ तलाब की सफाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** आस्था का महापर्व छठ पूजा के मद्देनजर जेएमएम नेता राधेश्याम वाल्मीकि एवं बिरसा मुंडा सेना ने संयुक्त रूप से अपनी निजी खर्च वहन कर जेसीबी मशीन मांगवाकर वार्ड नंबर 46 अंतर्गत गोलकडीह स्थित जलकुम्भीयो से भरे पड़े छठ तलाब को साफ सफाई कराने का काम किया।

इस दौरान बिरसा मुंडा सेना के सदस्यों ने दुबारा तलाब मे प्रवेश कर पूरी तरह से किचड निकालने का काम किया।

बिरसा मुंडा सेना के अध्यक्ष पंकज बाल्मीकि ने बताया कि हमलोग नगर आयुक्त धनबाद को आवेदन किये थे, पर नगर निगम के द्वारा तालाब सफाई के नाम पर खानापूर्ति की गयी। जिसके बाद बिरसा मुंडा सेना सामाजिक संगठन के द्वारा अपने निजी खर्चे पर जेसीबी मशीन मंगवा कर और सदस्यों के द्वारा श्रमदान कर तालाब की सफाई की गयी।

मौके पर आमिर बाउरी, अमन साहनी, मनोज तूरी, राहुल राय, पप्पू कुमार, राकेश, संतोष, मंगल बाउरी, मिथुन, प्रहलाद पासवान, राजा रवानी, अभिषेक वर्मा।

## लोजपा महानगर अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



झरिया (आजाद सिपाही)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को लोदना निवासी रूदल पासवान को धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किये जाने पर कार्यकताओं ने झरिया इंद्रीरा चौक पर भव्य स्वागत किया, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने नियुक्ति पत्र देकर किया, जो झारखण्ड में पार्टी के लिए एक रणनीतिक कदम माना जा रहा है। इस दौरान धनबाद जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल पासवान, सचिव डॉ पुरुषोतम कुमार, राष्ट्रीय लेबर सेल प्रधान महासचिव श्रीकांत पासवान मौजूद थे। जिला अध्यक्ष संजय पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओ ने फूलमाला और बुके देकर जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बिरेन्द्र प्रधान ने कहा की रूदल पासवान, जो लंबे समय से पार्टी में सक्रिय रहे हैं, अब पार्टी की जिला स्तर पर मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगे। बिरेन्द्र प्रधान ने नियुक्ति की घोषणा करते हुए कहा रूदल पासवान का अनुभव और मेहनत पार्टी को नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगी।

# बीएसएल में मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के तहत तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की मुख्य महाप्रबंधक सुश्री नीता बा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के सहायक महाप्रबंधक एवं लीड ट्रेनर शशांक शेखर ने राष्ट्रीय कर्मयोगी मिशन के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विदित है कि पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार के क्षमता निर्माण आयोग द्वारा आयोजित 05 दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के दो अधिकारीयों सहायक महाप्रबंधक श्री शशांक शेखर तथा श्री अमित आनंद लीड ट्रेनर के रूप में विकसित हो चुके हैं। इन्हीं लीड ट्रेनर्स द्वारा मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के दूसरे चरण में संयुक्त रूप से कुल 25 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के अलावा सेल रेफ्रेक्टरी यूनिट, सेलम स्टील प्लांट तथा कोलियरी डिवीजन के अधिकारियों ने भी भाग लिया। सेल की विभिन्न इकाइयों से आये अधिकारियों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की काफी सराहना की तथा ऐसे उपयोगी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य प्रशिक्षक शशांक शेखर तथा अमित आनंद ने कर्मयोगी मिशन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह पहल प्रशासनिक एवं कार्यस्थलीय सुधार की दिशा में एक सशक्त कदम है। मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की मुख्य महाप्रबंधक नीता बा ने कार्यक्रम के समापन सत्र में कहा कि कर्मयोग की भावना केवल कार्य में दक्षता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक कर्मी को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और सेवा-भाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

# छठ व्रतियों के बीच गायत्री परिवार ने बांटी साड़ी-धोती



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** गायत्री परिवार द्वारा गायत्री शक्ति पीठ बस्ताकोला में नहाए खाए अनुष्ठान के दिन 91 छठ व्रति भाइयों बहनों के बीच साड़ी, धोती एवं गंगाजल वितरित किया गया। वितरण कार्य के में ट्रस्ट मंडल के सदस्य गण, संरक्षक मंडल के सदस्य गण एवं देवालय प्रबंधन समिति की बहने उपस्थित थी। सर्वप्रथम गायत्री महामंत्र के उच्चारण एवं गुरु आवाहन के साथ सबके मंगलमय एवं स्वस्थ जीवन की प्रार्थना छठी मईयां से की गयी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री परिवार के जिला संयोजक विभूति शरण सिंह, नरेश भट्ट, सीताराम, विमल चन्द्र दास, भूपेंद्र शर्मा, विनोद कुमार साव,बादल चंद्र मंडल समेत कइयों की उपस्थित थी।

# अमित शाह ने गिनाये लालू के आधा दर्जन घोटाले

## अगली बार बिहार में विधानसभा चुनाव एक चरण में संपन्न कराया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खगड़िया।** विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में बिहार पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नीतीश कुमार की धरती नालंदा से बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि सब कुछ ठीक रहा तो अगली बार बिहार में विधानसभा चुनाव एक चरण में संपन्न कराया जायेगा। कहा कि जब लालू, राबड़ी की सरकार थी तो खराब विधि व्यवस्था के कारण छह चरणों में चुनाव कराना पड़ता था। खगड़िया, मुंगेर के बाद अमित शाह ने नालंदा में चुनावी रैली को संबोधित किया। राजद की सरकार पर करारा प्रहार करते हुए गृहमंत्री ने कहा कि लॉ एंड ऑर्डर बिहार की बड़ी समस्या थी। लालू राज में छह चरणों में चुनाव होते थे। एनडीए की सरकार बनी तो तीन चरणों तक पहुंच गया। इस बार 6 नवंबर और 12 नवंबर को दो फेज में मतदान है। आप सब मिल कर एनडीए की सरकार बना दो, अगली बार पूरे बिहार में एक ही चरण में चुनाव संपन्न कराया जायेगा। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की जोड़ी ने मिल कर नक्सलवाद का खात्मा कर दिया है। इस बार गया, औरंगाबाद, शाहाबाद में भी तीन बजे तक नहीं बल्कि पांच बजे तक वोटिंग होगी। अपराध में जल चुके बिहार को नीतीश कुमार ने एक अच्छा प्रदेश बना दिया। अमित शाह ने कहा कि इसी नालंदा में 1998 और दंगे हुए। यह बात युवा मतदाताओं को पता ही नहीं है। निर्दोष लोग मारे गये, धार्मिक स्थानों को जलाया



गया, दुकानों में आग लगा दी गयीं। लालूजी के बेटे तेजस्वी कानून व्यवस्था की बात करते हैं। वे जरा समझ लें कि 2005 की तुलना में 2024 में आपराधिक घटनाओं में कितने प्रतिशत की कमी आयी है। अमित शाह ने कहा कि मोदीजी ने न सिर्फ बिहार से नक्सलियों का सफाया किया, बल्कि काश्मीर के आतंकियों को भी सबक सिखा दिया। धारा 370 हटाने पर राहुल गांधी खून की नदियां बहने की धमकी दे रहे थे, लेकिन किसी को एक पत्थर चलाने की भी हिम्मत नहीं हुई। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों कोऑपरेशन सिंदूर से हमने करारा जवाब दिया। उनके घर में घुसकर सफाया कर दिया।

शाह ने भ्रष्टाचार को लेकर आरजेडी और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होने कहा कि केंद्र में 11 साल से हमारी सरकार है, लेकिन आज तक मोदी और नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं है। वहीं आरजेडी चीफ पर करप्शन का आरोप लगाते हुए आधा दर्जन घोटाले गिनाये। शाह ने कहा कि लालू ने चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, आइआरसीटी घोटाला, अलकतरा घोटाला, बाढ़ राहत घोटाला, बीपीएससी भर्ती घोटाला, एबी एक्सपोर्ट घोटाला, और आय से अधिक संपति का घोटाला किया है। बिहार में जब से आरजेडी की सरकार आयी, तो तो घोटाले ही घोटाले हुए। उन्होंने कांग्रेस को भी भ्रष्टाचार पर घेरा। शाह ने कहा कि छोटे मियां तो छोटे मियां, बड़े मियां तो सुभानअल्लाह। लालू यादव ने इतने घोटाले किए और जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, जो 10 साल चली, जिसमें लालू भी मंत्री थे। उस सरकर ने 12 लाख करोड़ का घपला और घोटाला किया। केंद्र और बिहार में जिनका भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड हो, वो महागठबंधन या लठबंधन बिहार का विकास कर सकता है क्या? बिहार का विकास नरेंद्र मोदी और नीतीश बाबू ही कर सकते हैं, जिन पर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, वहीं कर सकते हैं।

# अयोध्या में रामलला के दर्शन और आरती के समय में बदलाव

## दोपहर 12:30 से 1 बजे तक पट बंद रहेंगे कपाट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अयोध्या।** शरद ऋतु के आगमन के साथ ही अयोध्या में रामलला के दर्शन अवधि में बदलाव कर दिया गया है। 23 अक्तूबर से श्रद्धालुओं को राम मंदिर में सुबह 7 बजे से रामलला के दर्शन हो रहे हैं। रात 9 बजे तक दर्शन का यह क्रम जारी रहता है। आरती के समय में भी बदलाव किया गया है। दोपहर में आरती व भोग के लिए एक घंटे तक मंदिर का पट बंद रहता है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से रामलला के दर्शन की नई समय सारिणी जारी की गई है। राम मंदिर के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि शरद ऋतु शुरू हो रही है। ऐसे में रामलला के दर्शन अवधि में कुछ बदलाव किया गया है। रामलला की मंगला आरती जो अब तक सुबह 4 बजे होती थी, अब वह 4:30 बजे होती है। साथ ही रामलला की श्रृंगार आरती सुबह 6 बजे के बजाय 6:30 बजे हो रही है। दर्शन अब सुबह 6:30 बजे के बजाय सुबह 7 बजे से शुरू होता है। दोपहर 12 बजे रामलला को भोग अर्पित किया जाता है। इस दौरान दोपहर 12 से 1 बजे तक दर्शन बंद रहता है।

रामलला की संध्या आरती शाम 7 बजे ही होती है। इसके बाद श्रद्धालुओं को रात 9 बजे तक दर्शन प्राप्त होंगे। रात 9:30 बजे शयन आरती के साथ ही मंदिर बंद कर दिया जाता है। शरद ऋतु के चलते रामलला के राग-भोग में भी बदलाव किया गया है। रामलला को ठंड न लगे इसलिए उन्हें सुबह गुनगुने पानी से स्नान कराया जा रहा है।


पूर्व मध्य रेल

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: ई-निविदा संख्या : TRD-OT-29-Cd-Cu-PH-X-25-26. 1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि : Dhanbad division-BRWD-Garwa Road (CIC section) - All Aluminium Alloy Catenary wire replacement with Cadmium Copper catenary wire (Phase-X). कार्य समापन की अवधि – (18) अठारह माह। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹1,24,20,253.07/– निविदा प्रपत्र का मुल्य–शून्य। 3. बिड सिक्युरिटी : ₹2,12,100/–, 4. ई–निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तिथि 17.11.2025 को 11:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तिथि 17.11.2025 को 11:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : www.ireps.gov.in ई निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक/क.वि./पूमरे/धनबाद

पीआर/1210/डीएचएन/टीआरडी/टी/25–26/36


# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन

- परेड में सीआरपीएफ के 5 शौर्य चक्र विजेता और बीएसएफ के 16 वीरता पदक विजेता शामिल होंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत के लौह पुरुष, सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस प्रति वर्ष 31 अक्टूबर को मनाया जाता है। राष्ट्रीय एकता दिवस भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का प्रतीक है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला इस वर्ष का राष्ट्रीय एकता दिवस विशेष है। इस वर्ष का समारोह कई मायनों में अद्वितीय होगा, जो इसे यादगार बना देगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह देशवासियों को स्मरण कराता है कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण में 562 रियासतों को एकजुट करने और आधुनिक भारत की नींव रखने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी।




सरदार पटेल के नेतृत्व और राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के कारण, सरदार पटेल को राष्ट्रीय एकता के वास्तुकार और भारत के लौह पुरुष के रूप में जाना जाता है।

सतपुड़ा और विंध्याचल पर्वत श्रृंखलाओं के बीच स्थित, एकता नगर विविधता में एकता की अवधारणा को दशार्ता है, जो प्राकृतिक सुंदरता को सांस्कृतिक समृद्धि के साथ जोड़ता है।

इस वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस के अनूठे समारोह में गुजरात के नर्मदा जिले के एकता नगर में एक भव्य परेड और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन शामिल है। परेड के दौरान, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्यों के पुलिस बल अपने कौशल, अनुशासन और वीरता का प्रदर्शन करेंगे। भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण वायुयानों की टीम द्वारा एक शानदार एयर शो परेड की शान को और बढ़ायेगा।

इस वर्ष परेड में सीआरपीएफ के पांच शौर्य चक्र विजेता और बीएसएफ के 16 वीरता पदक विजेता शामिल होंगे। इन बहादुरों ने झारखंड में नक्सल विरोधी अभियानों और जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में असाधारण साहस का प्रदर्शन किया। परेड के साथ-साथ, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में 900 कलाकार भारतीय शास्त्रीय नृत्य का प्रदर्शन करेंगे, जो हमारी संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की समृद्ध विविधता को रेखांकित करेगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और देशभक्ति की भावना को बल देना और नागरिकों को इन मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

# रिलायंस-फेसबुक ने मिल कर रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड कंपनी बनायी

**नयी दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने फेसबुक के साथ मिलकर एक नयी एआइ कंपनी बनायी है। दोनों कंपनियों ने इस जॉइंट वेंचर का नाम रिलायंस एंटरप्राइज इंटेलिजेंस लिमिटेड (आरइआइएल) रखा है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शनिवार (25 अक्टूबर) को रेगुलेटरी फाइलिंग में इसका एलान किया। इस जॉइंट वेंचर में मुकेश अंबानी और मार्क जुकरबर्ग की कंपनियों ने मिलकर शुरुआती तौर पर 855 करोड़ रुपये का निवेश किया है। रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड ने फेसबुक की इंडियन आर्म के साथ मिलकर यह नयी कंपनी बनायी है। यह नयी कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) सर्विसेज को डेवलप करने, मार्केटिंग करने और बेचने पर काम करेगी। रिलायंस इंटेलिजेंस लिमिटेड के पास आरइआइएल में 70% हिस्सेदारी होगी, जबकि बाकी 30% हिस्सा मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक की कंपनी फेसबुक ओवरसीज इंक के पास रहेगा। रिलायंस की एआइ यूनिट ने शुरुआती तौर पर 2 करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें 20 मिलियन यानी 2 करोड़ इक्विटी शेयर खरीदे गये हैं, जिनकी कीमत 10 रुपये प्रति शेयर है।

**देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें**


www.azadsipahi.in













# पूर्व तट रेलवे की ओर से कड़ी चेतावनी

# पटरियों के पास या चलती ट्रेनों में सेल्फी लेना और रील बनाना दंडनीय अपराध है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने रेल पटरियों पर, पटरियों के पास या चलती ट्रेनों के फुटबोर्ड या छत पर वीडियो बनाने या रील बनाने की घातक और अवैध प्रथा के खिलाफ जनता-विशेष रूप से युवाओं और सोशल मीडिया के प्रति उत्साही लोगों को सचेत करने के लिए एक सख्त जागरूकता अभियान शुरू किया है। पूर्व तट रेलवे ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की जल्दबाजी और लापरवाही न केवल जीवन के लिए खतरा है, बल्कि रेलवे अधिनियम, 1989 के तहत दंडनीय अपराध भी है। यह कदम एक चिंताजनक प्रवृत्ति के जवाब में उठाया गया है जहां कुछ लोग सोशल मीडिया ख्याति हासिल करने के लिए अपनी और रेलवे संचालन की सुरक्षा को जोखिम में डालते हैं, जिससे अक्सर दुखद और घातक दुर्घटनाएं होती हैं।

पूर्व तट रेलवे ने अनुरोध किया है कि रेलवे पटरियां, स्टेशन परिसर और चलती ट्रेनें मनोरंजन वीडियो के लिए पृष्ठभूमि नहीं हैं, बल्कि ये उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्र हैं। इन स्थानों पर अतिक्रमण करना या स्टंट करना जीवन के लिए एक गंभीर खतरा है और आपराधिक लापरवाही का कार्य है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) को उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 'शून्य




सहिष्णुता' नीति का पालन करने का निर्देश दिया गया है। कानूनी कार्रवाई त्वरित और सख्त होगी। चलती ट्रेनों के पास तस्वीरें या वीडियो लेते हुए या रेलवे पटरियों पर अनधिकृत प्रवेश करते हुए पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे उल्लंघनकर्ताओं पर रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 147 और 153 के तहत मामला दर्ज किया जाएगा, जिसमें जेल की सजा के साथ-साथ आर्थिक जुमार्ना भी शामिल है।

पूर्व तट रेलवे सभी नागरिकों, विशेष रूप से छात्रों और किशोरों से सुरक्षा दिशानिदेर्शों को समझने और उनका पालन करने का आग्रह करता है, इस बात पर जोर देते हुए कि जीवन एक पोस्ट से अधिक मूल्यवान है। जनता को सलाह दी जाती है कि वे फोटोग्राफी सहित किसी भी कारण से रेलवे पटरियों पर कभी न जाएं, क्योंकि ट्रेनें तेजी से चलती हैं और देखी गई दूरी से अधिक तेजी से गुजरती हैं।

लोगों को खतरनाक स्टंट करने से बचना चाहिए जैसे कि चलती ट्रेन से झुकना, फुटबोर्ड पर सवारी करना, या वीडियो बनाने के लिए छत या इंजन पर चढ़ना, क्योंकि इस तरह की कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप हाई-वोल्टेज ओवरहेड इलेक्ट्रिक (ओएचई) लाइनों के साथ घातक संपर्क हो सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को प्लेटफॉर्म के किनारे से सुरक्षित दूरी बनाकर सुरक्षा क्षेत्रों का सम्मान करना चाहिए, खासकर जब कोई ट्रेन आ रही हो या गुजर रही हो। चलती ट्रेन से चढ़ना या उतरना भी एक दंडनीय अपराध है। माता-पिता और शिक्षकों से आग्रह किया जाता है कि वे युवाओं को खतरनाक ट्रेन स्टंट के माध्यम से सोशल मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के वास्तविक जोखिमों और कठोर कानूनी परिणामों के बारे में सलाह दें। रेलवे ने माता-पिता और शिक्षकों से भी आग्रह किया है कि वे बच्चों को इस बारे में जागरूक करें-कि उन्हें ऑनलाइन ख्याति के लिए रेलवे स्टंट करके अपना जीवन बर्बाद नहीं करना चाहिए। आगे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने के लिए, पूर्व तट रेलवे सार्वजनिक घोषणाओं, डिजिटल मीडिया संदेशों और भौतिक गश्त के माध्यम से अपने जागरूकता अभियानों को तेज कर रहा है। रेलवे सभी से सोशल मीडिया स्टंट पर सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह करता है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**